फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 15, वर्ष 11, अंक 301, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, सोमवार, 20 फरवरी, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अंदर - नयी कहानी कहती यूपी इन्वेस्टर्स समिट

अन्दर : 25 हजारी बन 'किंग कोहली' ने रचा इतिहास



नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# सदन संचालन में सहयोग करें दल : योगी

## विस अध्यक्ष ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान शांति बनाए रखने का किया आग्रह

**लखनऊ।** यूपी विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू होगा और राज्य का बजट 22 फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है। जिसके एक दिन पहले विधानसभा में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कहा सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। उन्होंने कहा कि सभी दलों को सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाने के लिए सहयोग करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि वर्ष 2023 का प्रथम सत्र का आयोजन संसदीय मयार्दाओं के अनुरूप होगा। उन्होंने कहा कि सदन एक सार्थक चर्चा का माध्यम होता है। उन्होंने कहा कि यूपी ने कोराना काल में सदन का संचालन किया है। जिसे देश दुनिया सराहा गया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ चर्चा के लिए सभी दल सहयोग करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी के विधायक सदन में मौजूद रहकर सत्ता पक्ष की उपलब्धियों को बताएं साथ ही विपक्ष के आरोपों का मजबूती से जवाब दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने वैश्विक निवेशक सम्मेलन का सफल आयोजन किया है। 33.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश क रार साइन हुए है। इससे 93 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार आगामी छह महीने में पहला भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन कराने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा जी-20 समिट की आगरा और लखनऊ में सफल बैठक आयोजित हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन के दौरान विधायक इन दोनों की सफलता को बताएं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण और बजट पर चर्चा करते हुए सदन में मजबूती से अपना पक्ष रखें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति, किसानों की आय दोगुना करने के लिए उठाए जा रहे कदम और संकल्प पत्र के वादे पूरे करने जैसे मुद्दों पर विधायक मजबूती से बात रखकर विपक्ष को करारा जवाब दें। उन्होंने कहा कि सभी विधायक सदन की कार्यवाही के दौरान सदन में उपस्थित रहें। बैठक में तय किया गया कि विधानमंडल सत्र के दौरान सभी मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों के विधायकों के साथ उनके क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक करेंगे। बैठक के बाद उन्हें मोटे अनाज का भोजन कराएंगे। भाजपा विधानमंडल दल की बैठक में अपना दल के विधायक स्वर्गीय राहुल प्रकाश कौल और भाजपा एमएलसी बनवारीलाल दोहरे के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी दलों से अभिभाषण के दौरान शांति बनाए रखने का आग्रह किया।

महाना ने कहा कि सदस्य सदन में केवल हाजिरी न लगाए बल्कि सदन में उपस्थिति भी रहें जिससे प्रदेश का विकास हो सके। सदन में जनहित में सामूहिक चर्चा करनी चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सुशासन के कारण ही सरकार दोबारा चुनकर आई है। उन्होने कहा कि सदन चलने पर ही सभी समस्याओं का निदान होता है। इस अवसर पर अपना दल के रामनिवास वर्मा, लोकदल के राजपाल बालियान, सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर, निषाद पार्टी के अनिल कुमार त्रिपाठी, कांग्रेस की आराधना मिश्रा मोना, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के रघुराज प्रताप सिंह मौजूद थे। सपा विधायक दल की बैठक में मुख्य सचेतक मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि सदन में विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा की परंपरा खत्म होती जा रही है। इस बार सदन में सभी विभागों की अनुदान मांगों पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए। विधायक लालजी वर्मा ने कहा कि सदन को 31 मार्च तक संचालित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण पर छह दिन और बजट पर पांच दिन चर्चा कराई जाए।

बसपा विधायक दल के नेता उमाशंकर सिंह ने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान जिस विभाग का प्रश्न होता है उसके अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव मौजूद नहीं होते हैं। विधानसभा के मंडप में भी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके विधायक चाचा शिवपाल यादव साथ साथ नजर आएंगे।

**बैठक**

**सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का होता है समाधान**

**पार्टी विधायकों को निर्देश, सदन में मौजूद रहकर सत्ता पक्ष की उपलब्धियों को बताएं**

**विपक्ष के आरोपों का मजबूती से जवाब दें, विधायकों को मोटे अनाज का भोज देंगे मंत्री**



### सीएम योगी ने किया यूपी विधानसभा की डिजिटल गैलरी का उद्घाटन

लखनऊ। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुछ देर पहले उत्तर प्रदेश विधानसभा की विधायी वीथिका, डिजिटल गैलरी का उद्घाटन किया। इस डिजिटल गैलरी में उत्तर प्रदेश की संस्कृति और भौगोलिक धरोहरों के आलावा विधानसभा के दोनों सदनों से जुड़ी जानकारी और कार्यवाही के बारे में लोगों को जानकारी मिलेगी। विधानभवन के गेट नंबर 1 के पास इस डिजिटल गैलरी का उद्घाटन सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया है। सीएम ने कहा कि यूपी के विधानमंडल के पूरे इतिहास के बारे में साल 1887 से लेकर अब तक कब कौनसी महत्वपूर्ण घटना घटित हुई थी और अनेक उतार-चढ़ाव देखकर आज देश के सबसे बड़े राज्य के सबसे बड़े विधानमंडल के रूप में जो गौरव यूपी विधानसभा को प्राप्त हुआ है उसके बारे में जानकारी इस माध्यम से ली जा सकेगी। सीएम ने कहा कि इस डिजिटल गैलरी के माध्यम से लखनऊ आने वाले सभी अतिथियों के लिए, हमारी वर्तमान पीढ़ी के लिए, छात्रों के लिए ये एक नई प्रेरणा भी है। इस दौरान उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य, विधायक रघुराज प्रताप सिंह समेत कई दलों के नेता मौजूद रहे। गौरतलब है कि लोकसभा की डिजिटल गैलरी की तर्ज पर यूपी विधानसभा में डिजिटल गैलरी की शुरुआत की गयी है।

# होली से पहले लाखों केंद्रीय कर्मचारियों की होगी बल्ले-बल्ले!

**नई दिल्ली।** लाखों केंद्रीय कर्मचारियों को होली से पहले गुड न्यूज मिल सकती है। दरअसल, मार्च के पहले हफ्ते में कैबिनेट बैठक में कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को लेकर बड़ा फैसला लिया जा सकता है। इसके तहत, डीए को चार फीसदी तक बढ़ाया जा सकता है। अगर केंद्र सरकार डीए को बढ़ाने का फैसला करती है, तो उससे लाखों कर्मचारियों को 15 दिनों के बाद ही बड़ा तोहफा मिलेगा। हालांकि, इसको लेकर सरकार का कोई ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार कैबिनेट बैठक में डीए को बढ़ाया जा सकता है। चार फीसदी डीए बढ़ने के बाद लाखों कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी होगी। वर्तमान में केंद्रीय कर्मचारियों का डीए 38 फीसदी है, जिसे चार फीसदी बढ़ाकर 42 फीसदी किया जा सकता है। केंद्रीय कर्मचारियों के जनवरी 2023 से बढ़े डीए का भुगतान मार्च की सैलरी में किया जा सकता है। केंद्र हर साल सरकारी कर्मचारियों के डीए और पेंशनरों के डीआर में दो बार बढ़ोतरी करता है। पहले जनवरी में और फिर जुलाई में एआईसीपीआई के आंकड़ों के मुताबिक आंकड़े दिसंबर 2022 तक के आए हैं। इस हिसाब से डीए में 4 फीसदी की बढ़ोतरी लगभग तय मानी जा रही है। दिसंबर 2022 तक सीपीआई (आईडब्ल्यू) का आंकड़ा 132.3 पर बना हुआ है। आंकड़ों से साफ है कि महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी होगी।

4 फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ने के बाद कुल डीए 42 फीसदी हो जाएगा। अब 18,000 रुपये के मूल वेतन पर हर महीने 720 रुपये की बढ़ोतरी होगी। मौजूदा समय में 38 फीसदी पर कर्मचारियों को 6.840 रुपए मंहगाई भत्ता मासिक मिलता है। बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों को प्रति माह 7.560 रुपये मिलेंगे। वर्तमान में एक करोड़ से अधिक केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को 38 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) मिल रहा है। डीए में पिछला संशोधन 28 सितंबर 2022 को किया गया था, जो 1 जुलाई, 2022 से प्रभावी था। केंद्र ने जून, 2022 को समाप्त अवधि के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 12 मासिक औसत में प्रतिशत वृद्धि के आधार पर डीए को चार प्रतिशत अंक बढ़ाकर 38 प्रतिशत कर दिया था।

**खुशखबरी**

**बढ़ सकती है सैलरी, जल्द होगा ऐलान**








# लोकनिर्माण विभाग में तबादला घोटाला, मनोज गुप्ता पर ऐक्शन

**लखनऊ।** सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस नीति के चलते भ्रष्टाचार के खिलाफ यूपी सरकार का एक्शन लगातार जारी है। लोक निर्माण विभाग में तबादला घोटाले में पूर्व विभागाध्यक्ष मनोज गुप्ता के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। पिछले साल ट्रांसफर सत्र के दौरान लोक निर्माण विभाग में बड़े स्तर पर ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाला हुआ था। इसकी जांच के बाद पूर्व विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता सहित कई लोगों को निलंबित कर दिया गया था। अब इनके खिलाफ एक और कड़ी कार्रवाई की गई है, सरकार ने पूर्व विभागाध्यक्ष मनोज गुप्ता की पेंशन से 5 फीसद की कटौती जीवनभर किए जाने के आदेश दिए हैं। मनोज कुमार गुप्ता के लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष रहते हुए अधिशासी अभियंता सहित कई अभियंताओं के ट्रांसफर और पोस्टिंग में बड़े स्तर पर घोटाला हुआ था। पूरा मामला जब शासन और मुख्यमंत्री के संज्ञान में आया तो जांच कमेटी गठित की गई। पिछले साल नवंबर महीने में पूर्व विभागाध्यक्ष मनोज गुप्ता सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। इसके बाद अब उनकी पेंशन से 5 फीसद की कटौती जीवन भर किए जाने के आदेश दिए गए हैं।



**जीवनभर होगी पेंशन से 5 फीसदी कटौती**

### ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का 27 को बलिया में नितिन गडकरी करेंगे शिलान्यास

**लखनऊ।** बलिया से लखनऊ, दिल्ली और बिहार तक कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण मात्र 18 माह में ही हो जाएगा। 27 फरवरी को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी बलिया के चितबड़ागांव में इसका शिलान्यास करेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हो सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा ने ताकत झोंक दी है। इसे लेकर रविवार को भाजपा कार्यालय पर बैठक हुई। नेताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। जिला प्रभारी एवं प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि सड़क के निर्माण से विकास का रास्ता खुलता है। आज पूरे प्रदेश में छह एक्सप्रेस-वे हैं। यूपी को एक्सप्रेस-वे का प्रदेश कहा जा रहा है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे बलिया के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचने का अपील की।

# शिवाजी का साहस हमें प्रेरित करता है: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका साहस और सुशासन पर जोर हमें प्रेरित करता है। 1630 में जन्मे शिवाजी को उनकी वीरता, सैन्य प्रतिभा और नेतृत्व के लिए जाना जाता है। मोदी ने ट्वीट कर कहा, मैं छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। उनका साहस और सुशासन पर जोर हमें प्रेरित करता है। उन्होंने मराठी में भी ट्वीट कर श्रद्धांजलि दी।

छत्रपति शिवाजी महाराज यांच्या जयंतीनिमित्त मी त्यांना अभिवादन करतो। त्यांचे शौर्य आणि सुशासनावरील भर आपल्यासाठी प्रेरणादायी आहे। प्रधानमंत्री ने वर्षों से शिवाजी को श्रद्धांजलि देते हुए एक ऑडियो और वीडियो असेंबल को टैग किया। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी ट्वीट कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने लिखा, छत्रपति शिवाजी महाराज शौर्य, साहस एवं पराक्रम की प्रतिमूर्ति होने के साथ-साथ एक ऐसे प्रजापालक शासक थे, जो लोक कल्याण और सुशासन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध थे। आज उनकी जयंती के अवसर पर मैं उन्हें स्मरण करते हुए नमन करता हूँ। इस दौरान उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, बर्बर मुगल आक्रांताओं को भयाक्रांत करने वाले महान योद्धा, धर्मध्वज के रक्षक, 'हिन्दवी स्वराज' के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!

**याद**

**मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी सीएम योगी सहित अन्य नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि**



### लद्दाख में लोगों का जीवन आसान बनाने में केन्द्र सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार लद्दाख के लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने लद्दाख के सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल के टैग करते हुए एक ट्वीट भी शेयर किया है। दरअसल, केन्द्र सरकार ने शिंकुन ला सुरंग बनाने की मंजूरी दे दी है, जिससे वहां के पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलने वाला है। केंद्र सरकार ने लद्दाख को सभी मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 2025 तक पूरी होने वाली 4.1 किलोमीटर लंबी शिंकुन ला सुरंग के निर्माण के लिए 1681.51 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इसको लेकर केंद्र शासित प्रदेश के लोकसभा सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल ने कहा, लद्दाख के सबसे पिछड़े क्षेत्र जांस्कर की लुंगनाक घाटी के निवासियों ने इस फैसले के लिए मोदी जी का स्वागत और धन्यवाद किया।

# सात साल बाद पार्टी कार्यालय पहुंचे शिवपाल

## अखिलेश की गैरमौजूदगी में संभाली कमान,सरकार को घेरने की बनाई रणनीति



**लखनऊ।** सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव रविवार को विधानमंडल दल की बैठक में शामिल होने के लिए लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे। जहां मौजूद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सहित सभी विधायकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बताया जा रहा है कि बैठक में तय किया जाएगा कि विधानसभा सत्र के दौरान पार्टी किन मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। हालांकि अभी तक कानपुर प्रकरण को जोड़ते हुए कानून व्यवस्था, जातीय जनगणना आदि मुद्दों को प्रमुखता के तौर पर उठाने की रणनीति है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव करीब 7 साल बाद रविवार को पार्टी कार्यालय पहुंचे हैं। 2017 में हुए विवाद के बाद वह पार्टी दफ्तर छोड़ दिए थे। उन्होंने विधायकों से कहा कि अब आजीवन समाजवादी पार्टी के लिए ही काम करूंगा। हम सबको मिलकर 2024 का चुनाव मजबूती से लड़ना है। लोकसभा चुनाव में सपा जीतेगी। इस दौरान हिदायत दी कि रामचरितमानस पर कोई भी नेता बयान नहीं देगा। बैठक में अखिलेश यादव मौजूद नहीं रहे।

**हुआ स्वागत**

**सपा विधानमंडल दल की बैठक में शामिल हुए शिवपाल**

# लखनऊ में बड़ा सड़क हादसा, तीन की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ में भीषण सड़क हादसा हो गया है। जहां तेज रफ्तार बोलेरो रेलिंग तोड़ते हुए पॉलिटेक्निक फ्लाईओवर से 30 फीट नीचे गिर गई। इस दौरान हादसे में तीन युवकों की जान चली गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सभी बोलेरो सवार अयोध्या से शादी समारोह से लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार बोलेरो की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह फ्लाईओवर के डिवाइडर से टकरा के नीचे गिर गई। गाड़ी में सवार चार लोग उसी में दब गए। राहगीरों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी को सीधा किया। इसके बाद रेस्क्यू आपरेशन शुरू कर सभी को बाहर निकाला गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा है। पुलिस मृतकों व घायल के परिवारजन से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। इसमें गाड़ी का चालक बुरी तरह से फंस गया था। वहीं, डीसीपी उत्तरी का कहना है कि रात एक बजे एक बोलेरो बेकाबू होकर फ्लाईओवर से नीचे गिर गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से बोलेरो का दरवाजा तोड़कर चारों युवकों को बाहर निकाला गया। इसके बाद लोहिया अस्पताल में भर्ती करवाया। डीसीपी ने बताया कि जहां एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन युवकों की हालत गंभीर होता देख डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जहां दो अन्य युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रांशु शुक्ला, अमित कुमार और राजकुमार के रूप में हुई है। जबकि घायल की पहचान हर्ष शुक्ला के रूप में हुई। सभी लोग लखनऊ के रहने वाले है। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त गाड़ी की स्पीड काफी ज्यादा थी। जिसे ड्राइवर से कंट्रोल ना होने की वजह से डिवाइडर पर चढ़ी। जिसके बाद ये हादसा हुआ है। वहीं, सीएम योगी ने हादसे में मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों को समुचित इलाज कराने के निर्देश दिए हैं।

**दुखद**

**तेज रफ्तार बोलेरो पॉलीटेक्निक पुल से नीचे गिरी**

# बजट सत्र में हावी रहेगा कानपुर कांड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का आगामी बजट सत्र कानपुर देहात जिले में मां-बेटी की हाल में हुई मौत, कानून-व्यवस्था और महंगाई समेत अन्य मामलों को लेकर हंगामेदार रहने की संभावना है। विपक्ष ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार को घेरने की योजना बनाई है। वहीं, राज्य सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि विपक्ष के पास सदन के पटल पर उसे घेरने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। यूपी विधानमंडल का बजट सत्र 20 फरवरी से शुरू होगा और राज्य का बजट 22 फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है। समाजवादी पार्टी (सपा) ने 15 फरवरी को कहा था कि वह उत्तर प्रदेश विधानसभा में कानपुर देहात जिले में एक अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान कथित तौर पर आत्मदाह के कारण एक महिला और उसकी बेटी की मौत का मुद्दा उठाएगी। सपा नेताओं ने कहा कि सोमवार से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए इस मामले पर प्रमुखता से चर्चा की मांग होगी। उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी की शाम कानपुर देहात जिले के रूरा थाना इलाके के मडौली गांव में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान प्रमिला दीक्षित (45) और उनकी बेटी नेहा दीक्षित (20) ने कथित तौर पर अपनी झोपड़ी में खुद को आग लगा ली थी, जिससे दोनों की मौत हो गयी। उनकी झोपड़ी कथित रूप से ग्राम समाज की जमीन पर बनी थी। दोनों का बुधवार को पुलिस की मौजूदगी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां अंतिम संस्कार किया गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दोनों महिलाओं की मौत के मामले में मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए। पुलिस ने 13 फरवरी की घटना के बाद एक उप जिलाधिकारी, चार राजस्व अधिकारियों, एक थाना प्रभारी और अज्ञात पुलिसकर्मियों सहित 39 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यूपी विधान परिषद में सपा के सदस्य आशुतोष सिन्हा, महराजगंज जिले की फरेंदा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक वीरेन्द्र चौधरी समेत विपक्ष के कई नेताओं ने अलग अलग बातचीत में बताया कि कानपुर देहात का मामला सदन में प्रमुखता से उठाया जाएगा और महंगाई, बेरोजगारी एवं कानून-व्यवस्था के मसले पर भी चर्चा की मांग होगी।

**तैयारी**

**कानून-व्यवस्था और महंगाई समेत अन्य मामलों को लेकर बजट सत्र हंगामेदार रहने की संभावना**

### इंदौर में कांपी धरती 3.0 मापी गई तीव्रता

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के इंदौर में रविवार दोपहर को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता तीन मापी गई। जानकारी के मुताबिक, भूकंप के झटके दोपहर 12 बजकर 54 मिनट पर महसूस किए गए। इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर गहराई में था। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.0 के करीब मापी गई। धार, बड़वानी और अलीराजपुर में भी झटके महसूस किए गए। हालांकि, अब तक किसी भी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। लोगों ने अपने घरों में चीजों को हिलते हुए देखा तो उन्हें पता चला कि ये भूकंप के झटके हैं। इसके बाद लोग अपने घरों से बाहर आ गए। कुछ देर के लिए लोगों के बीच दहशत देखी गई। बाद में जब किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ तो लोगों ने राहत की सांस ली।

# निबंधन विभाग की दमनकारी नीति पर आक्रोश

## मुख्यमंत्री को बताये बिना की गई कार्रवाई पर सबने जतायी चिंता

**लखनऊ।** निबंधन विभाग की ओर से नियम विरुद्ध तरीके से किये जा रहे अधिकारियों के निलंबन के खिलाफ रविवार को लखनऊ में निबंधन भवन में उत्तर प्रदेश स्टॉम्प एवं निबन्धन अधिकारी संघ की बैठक आयोजित की गयी।

संघ के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार व सचिव धीरेन्द्र कुमार सैनी के नेतृत्व में आयोजित बैठक में विभाग के खिलाफ सभी ने कई मुद्दे पर चर्चा की। इसमें कहा गया कि विभाग की ओर से लगातार अधिकारियों की प्रताड़ना की जा रही है, जो नियम विरुद्ध हैं। बैठक में गोण्डा एवं गाजियाबाद जिले में निबंधन विभाग के अधिकारियों को बिना समुचित जांच कराये निलंबित किये जाने की निःदा की गयी। इसके साथ ही कहा गया कि काल्पनिक आरोपों के आधार पर अधिकारियों को निलंबित एवं सम्बद्ध कर उनका उत्पीड़न किया जाना उचित नहीं, निलंबित अधिकारियों के तैनाती स्थानों पर मध्यसत्र में बिना मुख्यमंत्री के अनुमोदन लिये जनपद एवं मण्डल के बाहर के अधिकारियों को नियम विरुद्ध तरीके से सम्बद्ध किया जाना स्थानान्तरण नीति का सीधा उल्लंघन है। बैठक में कहा गया कि बीते 50 वर्षों में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर निलंबन एवं संबद्धीकरण की कार्यवाही की गई है। इन कार्यवाहियों का कोई विधिक आधार नहीं है सभी कार्यवाहिया मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाए बिना एवं उनको विश्वास में लाए बिना किया जा रहा है। किसी विधिक प्रक्रिया का पालन किए बिना सब-रजिस्ट्रार, एआईजी एवं डीआईजी को सम्बद्ध एवं निलम्बित करने के विभागीय अधिकारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। जिन मुख्तारनामों को नियम विरुद्ध तरीके से निबंधित करना बताया जा रहा है वे सभी स्टाम्प अधिनियम, रजिस्ट्रेशन अधिनियम और अटार्नी सुसंगत प्रावधानों का पालन करते हुए निबंधित किये गये हैं। ये सभी निबंधन समय-समय पर माननीय उच्च एवं उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों अनुरूप हैं तथा स्थापित विधि व्यवस्था से भी समर्थित हैं। बैठक में संघ ने मांग कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद रिट याचिका संख्या 8408/2022 में पारित आदेश सात फरवरी का अनुपालन करते हुए प्रक्रिया पूर्ण की जाए तत्पश्चात ही कोई दंडात्मक कार्यवाही संपादित की जाए।

**बैठक**

**बैठक में उच्च न्यायालय इलाहाबाद रिट याचिका संख्या 8408/2022 में पारित आदेश अनुपालन प्रक्रिया पूर्ण के तत्पश्चात कार्रवाई की उठी मांग**

## संक्षेप

### मनायी गई छत्रपति शिवाजी की जयंती

**सहसों।** छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज में छत्रपति शिवाजी की जयंती के अवसर पर प्रबंधक अनिरुद्ध सिंह पटेल सहित अन्य शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रबंधक ने कहा मराठा साम्राज्य की नींव रखने वीर शिवाजी कुशल रणनीतिकार ,छापामार युद्ध कौशल में पारंगत तथा सभी धर्मों को समान रूप से सम्मान करने वाले के रूप में विख्यात थे। उन्होंने कहा बचपन में उनकी माता जीजाबाई ने रामायण महाभारत के साथ वीर सेनानियों की कहानियां सुना कर उन्हें अच्छी शिक्षा दी। छत्रपति शिवाजी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे ।उनके जीवन से हम सभी को सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर पुष्कर सिंह, मुन्ना, इंद्रभान सिंह, राघवेंद्र सिंह सिंगरौर आदि उपस्थित रहे।

### एंबुलेंस में गूंजी किलकारी जच्चा-बच्चा स्वस्थ

**सहसों।** अमरसापुर गांव निवासी दिलीप कुमार की पत्नी सीता देवी को रविवार की भोर में प्रसव पीड़ा हुई तो उन्होंने आशा रेखा देवी को बुलाया। रेखा देवी ने तत्काल 102 एंबुलेंस को बुलाया ।मौके पर पहुंची ईएमटी ज्ञानचंद एवं पायलट अनिल कुमार यादव ने प्रसूता को लेकर नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहसों के लिए चल पड़े। घर से थोड़ी दूर पहुंचे थे कि अधिक प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेंस को किनारे रोक दिया। आशा की मदद से रेखा देवी ने एक स्वस्थ बालिका को जन्म दिया। प्रसव के बाद पीएचसी सहसों ले जाया गया जहां बच्चा स्वस्थ हैं ।

### संदिग्ध अवस्था में अज्ञात व्यक्ति का मिला शव, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस

**थरवई।** थाना क्षेत्र थरवई के तिल्हापुर उर्फ नहरपुर गांव के समीप नहर में 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया परंतु नहर में पानी नहीं था। ग्रामीणों ने देखा तो सनसनी फैल गई तभी घटना की सूचना पाकर थरवई पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के पश्चात ग्राम प्रधान पति बिहारीलाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि सिर में गंभीर चोट भी पाई गई। जिसका अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# वोट को दारू, पैसे व साड़ी के चक्कर में न बेचें : बाबू सिंह कुशवाहा



जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा का माला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता



जन अधिकार पार्टी की रैली में उपस्थित कार्यकर्ताओं की भीड़

**रैली**

**अपने बच्चों के भविष्य का जिम्मेदार अभिभावक भी है**

**खीरी।** रविवार को गेशरा चौराहे पर जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक भव्य और विशाल रैली का आयोजन किया। रैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा ने संबोधन के दौरान कहा कि आपके बच्चों के भविष्य का जिम्मेदार आपका वोट ही है, जिससे सरकार बनती हैं। जिस तरह से वोट देंगे उसी तरह से आपके बच्चों का विकास होगा। आपके द्वारा दिए गए वोट से ही सरकार बनती है वह सरकार ही आपके बच्चों का भाग्य विधाता होता है। आप हिंदू मुस्लिम या तमाम बाबाओं के कहने वाले मुद्दों पर वोट ना दें। आप स्वयं के विचार से शिक्षा, रोजगार, किसानों के लिए बिजली, पानी, खाद और तमाम जरूरतों को पूरा करने वाली पार्टी को अपना मत देकर अपने विचार की सरकार बनाएं। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष चंद्रसेन पाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज विश्वकर्मा, प्रदेश महासचिव इंदु मेहता समेत कई पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मंचासीन राष्ट्रीय महासचिव अजीत प्रताप सिंह, सुनीता कुशवाहा, बबलू कुशवाहा, चंद्रभूषण मौर्या समेत कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजक लाखन सिंह राज पासी ने मौजूद सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किए। वहीं कार्यक्रम में अनुज कुमार (मंडल मीडिया प्रभारी), अशोक कुमार, हरिहर सिंह, धनंजय कुशवाहा, शशि रंजन सिंह, ओंकार नाथ, शोभा देवी, रीना देवी, नीलू, आभा देवी, हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

### मकान निर्माण कार्य को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के चमरू पुर गांव निवासी अमरजीत पुत्र रामलाल का आरोप है कि वह अपने जमीन पर मकान निर्माण करवा रहा है आरोप है कि विपक्षी प्रेमचंद, जगन्नाथ, रामअचल आदि आ गए और निर्माण कार्य को रोकने लगे विरोध पर मारपीट करने लगे बीच-बचाव करने महिलाएं पहुंची तो उनका भी बाल उखाड़ कर मारपीट कर घायल कर दिया गया पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त अरोपीयूओ के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मऊआइमा में हुई लाखों की चोरी का पुलिस आज तक नहीं कर सकी खुलासा

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव में सात लाख नगदी एंव लाखों के जेवरात तथा दूसरे स्थान पर ढाई लाख नगदी सहित छह लाख की हुई का आज तक मऊआइमा पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है।भुक्भोगियों ने आला अधिकारियों के यहां चोरों का पता लगाने की मांग करते हुए शिकायती पत्र दिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जाम्हा खास निवासी दिनेश कुमार तिवारी पुत्र स्वर्गीय बद्री प्रसाद तिवारी प्रतापगढ़ के देल्हूपुर में आयुर्वेदिक राजकीय चिकित्सालय में वार्ड ब्याय हैं । उनका परिवार शांतिपुरम फाफामऊ में रहता है। दिनेश कुमार बराबर अपने पैतृक निवास जाम्हा खास में आते रहते हैं। बताते हैं कि फरवरी माह में उनके यहां शादी है। जिसके लिए वह बैंक से सात लाख रुपये निकाल कर पैतृक निवास में रख थे। दिनेश कुमार के अनुसार वह अपने पैतृक निवास पर सीसी कैमरा लगा रखे हैं। दिनेश कुमार के मुताबिक 28 जनवरी की रात उनके घर का ताला तोड़कर कर चोरों ने सात लाख नगदी, सोना, चांदी के जेवरात, ताम्बा, पीतल के बर्तन, गेहूं, चावल, तमाम गृहस्थी का सामान, कपडे आदि लगभग चालिस लाख की चोर चोरी कर ले गए। ठीक इसी प्रकार ग्राम जोगापुर में विशाल कुमार पुत्र बच्चा लाल 13 फरवरी को अपने मामा के घर होलागढ़ तिलक उत्हस्व में सपरिवार गया था। चोरों घर का लोहे के दरवाजे की कुंडली काट कर चार कमरों की कुंडी भी काट डाली, अलमारी और बक्सा में रखा ढाई लाख नगदी मकान बनाने के लिए तथा सोने का, झुमकी, मंगलसूत्र, हार सहित चांदी के तमाम आभूषण चोरी कर ले गए। मऊआइमा थाने में विशाल कुमार एंव दिनेश कुमार तिवारी ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आज तक उक्त दोनों स्थानों पर हुई लाखों की चोरी का पता नहीं लगा सकी है। पुलिस के चुप्पी साध ली है। लिहाजा दिनेश कुमार तिवारी तथा विशाल कुमार ने चोरी की घटना का फदार्फास करने के लिए आला अधिकारियों को तहरीर देकर चोरों कि गिरफ्तारी एंव सामानों की बरामदगी की मांग की है।

## बोलेरो ने बाइक में मारी टक्कर, बाइकसवार की उपचार के दौरान मौत

**मऊआइमा।** बोलेरो और बाइक में हुई जोरदार टक्कर से बाइक चालक की हालत गंभीर होने पर। एस आर एन में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजनों को मौत की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याण पुर स्थित पंचायत भवन के पास बोलेरो और बाइक में शनिवार को जोरदार टक्कर हो गई थी। जिससे बाइक चालक चन्दन पांडेय 22 वर्ष पुत्र शैलेश कुमार निवासी देवापुर रामनगर बुरी तरह घायल हो गया था। जिसे एस आर एन में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई थी। शनिवार देर रात चन्दन कुमार पांडेय की मौत हो गई। जब इसकी सूचना घर पर आयी तो परिवार में कोहराम मच गया। सभी का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।पुलिस ने बोलेरो को थाने में खडी कर ली है।

## जिन खेतों में लहलहाती थी फसल, वहां पशुओं का झुंड

**समस्या**

**मझियारी गांव के सैकड़ों बीघा जमीन पर फसल नदारद**

**पी. सी. पाण्डेय**

**लालापुर।** क्षेत्र के मझियारी व महेरा गांव के किसान आवारा गो वँशो से काफी परेशान है। सैकड़ों बीघा जमीन की फसल चर कर नष्ट कर दिए। पूरा खेत खेल के मैदान में तब्दील हो गया है। मझियारी तरहार, व महेरा के सोता मौजा में लगभग सैकड़ों बीघा जमीन धान की फसल के समय यमुना नदी की बाढ़ में बह जाती है। वही गेंहू, चना, सरसों की खेती आवारा पशू चर जाते है जिससे किसान परेशान हो गया है।

इनमें से कुछ किसानों के पास इसी मौजा के अलावा खेत नही है।कैसे अपने परिवार का पालन पोषण करेगा। इन्ही खेतो की उपज से वर्ष भर अपना खाने का अनाज रखकर, बचा अनाज बेचा करता था, जिससे बेटा बेटी की सादी से लेकर धार्मिक उत्सव में खर्च करता था। अब ऐसा नही है, एक भी फसल इस मौजा में नही खड़ी है।



गांव के प्रधान प्रतिनिधि उमाशंकर मिश्र, दिलीप कुमार मिश्रा, अजय कुमार मिश्रा, बड़कऊ पाण्डेय, ओंकार नाथ, धुन्नू शुक्ल, प्रदीप मिश्रा आदि किसानों ने सरकार से मांग किया है कि मझियारी व महेरा के सोता मौजा को राजस्व विभाग से इन खेतो को स्थलीय निरीक्षण करवाकर इन आवारा पशुओं की व्यवस्था करे, या खेत बंधेज करने की सरकार अनुदान दे नही तो ओ दिन दूर नही जब एक एक दाने के लिए गरीब किसान मोहताज हो जाएगा।



कई गरीब किसान की खेती इसी मौजा में है क्या खाएं किसान जब पूरी फसल आवारा पशुओं के झुंड चरकर बसेरा बना लिया, सरकार इस पर गम्भीरता से ध्यान दे नही तो किसान भुखमरी के कगार पर हो जाएगा।

-अनुराग मिश्र
प्रधान प्रतिनिधि-ग्राम महेरा



सरकार को ध्यान देना चाहिए मझियारी गांव के किसान कई वर्षों से खेती को लेकर परेशान है धान की फसल यमुना नदी बहा ले जाती है। गेंहू, चना सरसों की फसल आवारा पशु चर जाते है क्या खाए किसान

-दयालू द्विवेदी
ग्रामीण, मझियारी तरहार



इन खेतों में सरसो चना, गेंहू की अच्छी उपज होती थी, इस समय पूरे क्षेत्र के आवारा गो वंश इन्ही खेतों को चरकर मैदान बना दिए है किसान परेशान है।

-उमाशंकर मिश्र
प्रधान प्रतिनिधि-मझियारी तरहार

## लूट के मोबाइल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना करैली पुलिस ने लूट घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को रविवार को करैली के हड्डी गोदाम के पास मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंचकर पकड़ लिया। अभियुक्त का नाम

अजय भारतीया 22 वर्ष डांडी मन्नापुरवा तीगनौता थाना नैनी का रहने वाला है। अभियुक्त के पास से 01 अदद लूट का मोबाइल 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त 01 अदद वाहन मोटर साइकिल बरामद हुआ। अभियुक्त से पूछतांछ में बताया की उसने अपने साथी आनन्द यादव के साथ मिलकर मोटरसाइकिल से मुस्तफा काम्पलेक्स के पीछे शौकत अली रोड पर कादिर स्वीट हाऊस के पास से एक महिला से मोबाइल छीना था। हालांकि आनंद पहले से ही में एक मामले में जेल में बंद है। अजय के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई।

## कलयुगी मां ही निकली बेटी की कातिल, पुलिस ने भेजा जेल

**नैनी।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के मवैया गांव में बीते एक सप्ताह पूर्व 4 वर्षीय मासूम की कुएं में फेंक कर हत्या किए जाने के मामले का पुलिस ने आज खुलासा कर दिया। पुलिस ने बताया, कि बच्ची को उसकी मां ने ही कुएं में फेंक कर मार डाला था। पुलिस ने कलयुगी मां को जेल भेज दिया है।

बता दें, कि औद्योगिक थाना क्षेत्र के मवैया गांव में बीते एक सप्ताह पूर्व 10/11 फरवरी की रात 4 साल की बच्ची सौम्या यादव अपने बिस्तर से अचानक गायब हो गई थी। पता चलने पर परिजनों ने आसपास खोजबीन की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला। तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और तलाशना शुरू किया। तभी किसी की निगाह घर से 50 कदम की दूरी पर स्थित कुएं पर गई। झांक कर देखा तो बच्ची का शव उतराता दिखा। औद्योगिक पुलिस ने मौके पर एसडीआरएफ और फायर सर्विसेज की टीम को भी बुला लिया गया था। घटना में मृतका के चाचा पवन कुमार यादव ने थाने में तहरीर दी थी, कि उसकी भतीजी की कुएं में फेंक कर हत्या कर दी गई है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की और संजय यादव की पत्नी ममता यादव से कड़ाई से पूछताछ करने पर वह टूट गई और अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने पुलिस को बताया, कि पिछले कुछ महीने से उसका अपने पति संजय यादव से विवाद चल रहा था। गुस्से में आकर उसने अपनी बेटी को कुएं में फेंक दिया था। थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र संजीव चौबे ने बताया, कि आरोपी मां के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज गया। जिसके बाद महिला को जेल भेज दिया गया।

### पुश्तैनी जमीन बंटवारे को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, चला लाठी डंडा, दो गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के अरैल मुरादपुर मोहल्ले में शुक्रवार की शाम पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट व लाठी डंडा चला। जिसमें कई लोग चोटिल हो गए। मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों को पकड़कर धारा 151 में चालान कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम को तकरीबन 4:00 बजे पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हुई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग लाठी डंडा लेकर निकल आए। जमकर मारपीट एवं लाठी डंडा चला। जिसमें कई लोग चोटिल हो गए। घटना की सूचना पर इलाकाई पुलिस पहुंची, मारपीट कर रहे दो सगे भाई अकरम और असलम पुत्र गण सदद्दन को पकड़कर थाने ले गई। पुलिस ने दोनों को धारा 151 शांतिभंग के आरोप में चालान कर दिया। इस घटना से दोनों पक्षों के बीच जबरदस्त तनाव की स्थिति बनी हुई है।

## प्रेरणा परमार्थ आश्रम में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया

**नैनी।** प्रेरणा परमार्थ आश्रम मैं महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही उत्साह पूर्वक एवं खुशियों के साथ आध्यात्मिक माहौल मैं मनाया गया। इस दौरान श्रद्धेय श्री भैया जी ने बताया, कि भगवान शिव के पांच मुख हैं, जिसमें से पांचवा मुख अघोर है, इसी अघोर परंपरा के अनुयाई जिन्हें औघड़ कहते हैं, इसी औघड़ परंपरा के अंतर्गत पल्लवित एवं पुष्पित हो रहा हमारा प्रेरणा परमार्थ आश्रम जो पूर्णता अघोर, सरल एवं सहज है। जिसके अंतर्गत निरंतर मानवता की सेवा होती रहती है। इसी के तहत प्रांगण में भगवान शिव का पूजन किया गया। जिसके अंतर्गत परम पूज्य अघोर मूर्ति भैया जी ने सभी सदस्यों के साथ मिलकर अभिषेक,भजन एवं कीर्तन के साथ शिवपूजन किया गया। परम पूज्य अघोर मूर्ति भैया जी ने अपने आशीर्वचन में कहा, कि हमें पर्वों को एक साथ मिलकर सामूहिक रूप से मनाना चाहिए। उन्होंने बताया, कि पूरी श्रद्धा के साथ सनातन हिंदू रीति रिवाज के अनुसार सात्विक तरीके से मिलकर पर्व मनाने से आपसी प्रेम एवं एकता को बल मिलता है।

## शिव स्तुति से सुख समृद्धि के साथ मनोवांछित फल की प्राप्ति संभव

**सहसों।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र के मंदिरों एवं शिवालयों पर अखंड कीर्तन के साथ अखंड ओम नमः शिवाय के जाप कर भक्तों ने रविवार को भगवान शिव की विधि विधान से पूजा अर्चना की ।टहलू का शिवाला शिव मंदिर पर पुजारी संजय शुक्ला बाली के संयोजन में अखंड कीर्तन के समापन के पश्चात आचार्य सिद्ध नारायण पांडे द्वारा विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के पश्चात उपस्थित भक्तों एवं ग्रामीणों ने यज्ञशाला में आहुतियां डालकर आशीर्वाद लिया ।सायंकाल विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसी प्रकार सिंगरामऊ स्थित शिव मंदिर में लालजी द्विवेदी के संयोजन में चल रहे अखंड ओम नमः शिवाय के जाप का समापन हुआ तत्पश्चात भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक बेलपत्र चढ़ाकर पूजा पाठ किया। तत्पश्चात विद्वान आचार्य द्वारा हवन यज्ञ कराया गया। इसी प्रकार देवनहरी शिव मंदिर पर मनोज उपाध्याय ने शिवलिंग पर आचार्य विनोद कुमार द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण एवं विधि



विधान से पूजा अर्चना की तत्पश्चात लोक कल्याण हेतु रुद्राभिषेक किया। समापन पर हवन यज्ञ एवं प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर आचार्य विनोद पांडे ने भक्तों से कहा कि शिव स्तुति से सुख समृद्धि के साथ मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है तथा व्यक्ति भय मुक्त जीवन जीता है। हेतापट्टी गांव में देवाधिदेव शिव शंकर महादेव मंदिर पर दिलीप सिंह व जगदीश सिंह के संयोजन में आयोजित संकीर्तन के समापन पर रविवार को हवन यज्ञ के साथ महाप्रसाद का आयोजन किया गया।

## अचानक तबियत बिगड़ने से पीडब्ल्यूडी कर्मी की मौत



**मेजा।** लोक निर्माण विभाग में कार्यरत कर्मचारी शेषमणि तिवारी की बीते मंगलवार को तबियत खराब होने से छेत्र के एक निजी अस्पताल के में प्राथमिक इलाज के दौरान शाम को मौत हो गयी है जिनका बुधवार सुबह छतवा गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया । गौरतलब हो कि क्षेत्र के लखनपुर गांव के 59 वर्षीय शेषमणि तिवारी की दो रोज पहले अचानक तबियत बिगड़ी परिजनों ने उनको एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ पर उनकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजनों के अनुसार वह मंगलवार को शाम सात बजे के लगभग उन्होंने अंतिम सांस ली है। उनके पुत्र प्रशांत तिवारी ने नम आखों से पिता को मुखाग्नि दी। क्षेत्र के लोगों के साथ साथ विभागिय कर्मचारियों ने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# ऊँचडीह में शिव कथा के बाद विशाल भंडारे आयोजन



ऊँचडीह में विशाल भंडारे के अवसर पर गीत प्रस्तुत करते हुए

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड माण्डा के ऊँचडीह में 12 फरवरी से आयोजित सात दिवसीय शिव सहस्त्रार्चन शिव पुराण कथा के सातवें दिन शनिवार शिवरात्रि को कथा का समापन के बाद रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के अवसर पर भक्ती गीत संगीत का कार्यक्रम आयोजित रहा जिसमे क्षेत्रीय गायक अमित पाण्डेय ने लोगों को भक्ती गीतों से सराबोर कर दिया। कथा के आयोजक धर्मप्रसकाश शुक्ल (महादेव) ने लोगों का आभार व्यक्त किया।

### डॉ चंद्रमोहन सिंह ने कथा व्यास का लिया आशीर्वाद

**मेजा।** माण्डा के ऊँचडीह में आयोजित शिव सहस्त्रार्चन शिव पुराण कथा के सांतवे दिन शनिवार को डॉ चंद्र मोहन सिंह सदस्य भारतीय खाद्य निगम भारत सरकार निवर्तमान डीसीएफ चेयरमैन प्रयागराज ने कथा व्यास श्री अंकुश जी महराज जी का स्वागत माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके साथ समाजसेवी पत्रकार केएन शुक्ल ने भी महराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।



डॉ चंद्रमोहन अंकुश जी महराज को माल्यार्पण करते साथ मे केएन शुक्ल

### कलियुग में भागवत कथा अमृत के समान : आचार्य पंकज

**उरुवा।** विकास खंड क्षेत्र उरुवा के रामनगर गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन रविवार को कथा व्यास माधव प्रेमी आचार्य पंकज महाराज ने कथा यजमान देवी प्रसाद शुक्ल सहित भगवत प्रेमियों को भागवत पुराण के महात्म्य का बखान करते हुए मनोहारी संगीतमय कथा का रसपान कराया। कथा व्यास ने कहाकि कलियुग में श्रीमद भागवत कथा अमृत के समान है। उन्होंने कहा कि इस शास्त्र को शुकदेव मुनि राजा परीक्षित को सुनाते हैं। राजा परीक्षित इसे सुनकर मरते नहीं बल्कि अमर हो जाते हैं। उक्त संगीतमय भागवत कथा में आयोजक मंडल के राधेश्याम शुक्ल,राकेश शुक्ल,मिथिलेश शुक्ल,रविशंकर शुक्ल तथा कौशलेश शुक्ल सहित उनके परिजन आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए थे।

## सहायक पुलिस आयुक्त थरवई व प्रभारी निरीक्षक सहित पुलिस टीम द्वारा पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**थरवई।** रविवार महाशिवरात्रि के दूसरे दिन भव्य मेले को लेकर मेला रहा। पुलिस टीम द्वारा मेला क्षेत्र में गस्त करते हुए किया गया निरीक्षण। जिसमें जगह जगह लगे पुलिस कर्मियों को मेले में किसी भी प्रकार की अनियमितता उत्पन्न हो आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पैदल गस्त के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त थरवई जंग बहादुर यादव प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी व पुलिस टीम ग्राम प्रधान महेन्द्र गिरि आदि मौजूद रहे। जैसा कि देखा गया मेले में भारी संख्या में लोग पहुंचे व जिसमे छोटे बड़े सभी मेले का आनन्द लिए वहीं मेले में घरेलू सामान व बच्चों ने खिलौने आदि की जमकर खरीददारी की गई। मेले में जगह जगह पुलिस फोर्स भी मौजूद रहे जिसमें मेले में किसी प्रकार की समस्या न हो निरंतर निगरानी बनी रही। वहीं मेले में कंट्रोल रूम की भी व्यवस्था की गई थी जिसके लिए किसी का सामान खोने - पाने, किसी के बिछड़ने अन्य हर प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर कंट्रोल रूम सहायक साबित हुआ। मेले में मौजूद पुलिस टीम में एसएसआई राजीव कुमार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार, उपनिरीक्षक सोहराब अहमद, रामेश्वर नाथ राय, अमित कुमार, हरिओम अब्बास, सहनवाज, राजेश कुमार साथ अन्य पुलिस कर्मी व कई थानो की फोर्स मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत खीरी वि0खं0 कोरॉव, प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 14वॉ/15वॉ वित्त कन्जर्वेन्स से ग्राम पंचायत के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों हेतु पंजीकृत सप्लायर/दुकानदारों/ठेकेदारों से कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदाएं दिनांक 20-02-2023 से 26-02-2023 सायं चार बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएं उसी दिन सायं 4 बजे के बाद आवेदकों की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में खोली जायेंगी। फर्म कार्य की दरें उपलब्ध कराने का कष्ट करें। निविदा प्रपत्र 100 रू0 मूल्य देकर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | रमजीस के घर से छोटेलाल के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | प्राक्कलन में स्वीकृत दरों के अनुसार |
| 2. | रामेश्वर के घर से अयोध्या के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | |
| 3. | रामलाल के घर से सिया प्रसाद के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | |
| 4. | बाबूलाल के घर से राम प्रसाद के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | |
| 5. | राम रक्षा के घर से बबलू शुक्ला के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य। | |

निविदा प्रपत्र 10 रू0 के स्टाम्प के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्रम पंचायत को होगा।

**श्री आशीष कुमार मिश्रा**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**

**मो० युसुफ**
**ग्राम प्रधान**


पत्रांक-टेण्डर पत्रा0/ ग्रा0पं0 खीरी /2022-23 दिनांक-19/02/2023



केपी कम्युनिटी मैदान में इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन की ओर से आयोजित वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते चिकित्सक

# प्रयागराज

## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 27.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

### जन कल्याण भागवत ज्ञान कथा में जुटी भारी भीड़

**करछना।** क्षेत्र के देवरी कलां गांव में जन कल्याण हेतु चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा में कथा सुनने के लिए भक्त जनों की भीड़ जुट रही है । कथा के व्यास पीठ पर कथावाचक के रूप में विराजमान कथा व्यास सच्चा आश्रम के श्री रितेश जी महाराज ने अजामिल हिरणाकश्यप प्रहलाद आदि की कथा विस्तार पूर्वक कहीं। उन्होंने भक्तजनों को कथा श्रवण पर बल देते हुए कहा कि कथा श्रवण से मानव जीवन की सारी व्यथा दूर हो जाती है। मुख्य श्रोता यजमान कमला देवी ने कथा व्यास सहित आचार्य जनों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

# माघ मेला सकुशल संपन्न कराने वाले सभी अधिकारी/कर्मचारी हुए सम्मानित

## अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज एवं पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज ने किया सम्मानित

**सम्मान**

**संगम में लागातार 44 दिन चले माघ मेले के सकुशल सम्पन्न होने पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज ने सभी अधिकारी/कर्मचारी गण को बधाई देते हुए धन्यवाद दिया**



अधिकारियों/कर्मचारियो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए

**प्रयागराज।** रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में रविवार को मां गंगा की गोद में 44 दिन लागतार चले माघ मेलेसभी मुख्य स्नान पर्व के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न होने पर अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर व्दर की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गयी। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज आकाश कुलहरी मेलाधिकारी अरविंद चौहान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र , पुलिस अधीक्षक माघ मेला आदित्य कुमार शुक्ल व माघ मेला में नियुक्त अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारी अन्य इकाई प्रभारी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक के द्वारा बताया गया कि माघ मेला 2023 के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न कराने में विभिन्न इकाइयों के समस्त पुलिस बल द्वारा अत्यंत ही निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया गया एवं सभी पुलिसकर्मियों के समर्पण व सेवाभाव से किये गये कर्तव्यो के निर्वाहन की भूरि-भूरि प्रशंसा भी की गई। एवं अपर पुलिस महानिदेशक के द्वारा माघ मेला 2023 के सकुशल संपन्न होने के उपरान्त रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में उत्कृष्ठ व सराहनीय योगदान देने वाले अधिकारियों पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया व शेष पुलिसकर्मियों को जरिये उचित माध्यम से प्रशस्ति पत्र सम्बन्धित जनपद को प्रेषित किया गया। तीर्थ राज प्रयाग के संगम में लागतार 44 दिन चले माघ मेले के सकुशल सम्पन्न होने पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के द्वारा सभी अधिकारी/कर्मचारी गण को बधाई देते हुए धन्यवाद प्रकट किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला के द्वारा बताया गया कि सभी अधिकारियों व पुलिस कर्मियों के संयुक्त योगदान/ सहयोग के फलस्वरूप माघ मेला 2023 सकुशल व निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ। साथ ही सम्पूर्ण माघ मेला के सकुशल समापन पर रिजर्व पुलिस लाइंस माघ मेला में बड़े खाने का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों/ कर्मचारियों ने भोजन ग्रहण किया।



उद्घाटन के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ मंत्री अनुप्रिया पटेल

## यूपी के संग एमपी के लोगों को भी मिलेगा ब्लड बैंक का लाभ : अनुप्रिया पटेल

**केंद्रीय मंत्री ने कोहड़िया में किया अस्पताल और ब्लड बैंक का शुभारंभ**

**बारा।** यूपी-एमपी की सीमा पर कोहड़िया गन्ने (नारीबारी) में जेपी मेमोरियल ग्रुप आफ कालेज अस्पताल और ब्लड बैंक का शुभारंभ किया गया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने फीता काटकर अस्पताल और ब्लड बैंक का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि इस अस्पताल और ब्लड बैंक से उत्तर प्रदेश के साथ-साथ मध्य प्रदेश के लोगों को भी चिकित्सा सुविधा आसानी से सुलभ हो सकेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ब्लड बैंक के खुलने से लोगों को वक्त-जरूरत पर खून के लिए जिला मुख्यालय तक की भागदौड़ नहीं करनी होगी। इसके पूर्व स्थानीय भाजपा व अपना दल के पदाधिकारियों, कार्यकताओं के द्वारा अनुप्रिया पटेल का जोरदार स्वागत किया गया। अनुप्रिया पटेल ने ग्राम गौहनिया के रहने वाले अद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फूलचंद्र पटेल के घर पहुंचकर कार्यकताओं से शिष्टाचार मुलाकात की। इसी क्रम में घूरपुर के इरादतगंज में और नैनी के महेवा में अनुप्रिया पटेल का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। कोहड़िया में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में बारा विधायक डा. वाचस्पति, पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह पटेल, विधायक जमुना प्रसाद सरोज, जवाहर लाल पटेल, अपना दल जिलाध्यक्ष गंगा प्रसाद, भानु प्रसाद पटेल, यमुनापार जिलाध्यक्ष बृजेश पटेल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**प्रयागराज।** न्यायायिक प्रशिक्षण केंद्र लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश के निदेर्शानुसार रविवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जनपद न्यायालय इलाहाबाद में रविवार को सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में जनपद न्यायालय के कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग लिए। नोडल अधिकारी कंप्यूटर अंजनी कुमार की देखरेख में सिस्टम ऑफिसर राघवेन्द्र राजपूत, सिस्टम असिस्टेंट नीरज शुक्ला, जिला सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर अवनीश श्रीवास्तव एवं सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर श्री जफर फरीद ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण लेने वालों में विभिन्न न्यायालय के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### भारत विकास परिषद् मंगलम का चुनाव संपन्न

**नागेंद्र सिंह बने पांचवी बार निर्विरोध अध्यक्ष**



**प्रयागराज।** रविवार को भारत विकास परिषद् मंगलम की बैठक सिविल लाइन स्थित एक होटल में संपन्न हुआ ' जिसमें सर्वसम्मति से नागेंद्र सिंह को पांचवीं बार अध्यक्ष चुना गया परिषद के सदस्यों ने फूल माला पहनाकर ताली बजाकर नागेंद्र सिंह का स्वागत किया । संगठन के चुनाव के पश्चात विजई प्रत्याशियों में अध्यक्ष के रूप में नागेंद्र सिंह, सचिव अमित श्याम तथा कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार को चुना गया ' मुख्य पर्यवेक्षक के रुप में प्रयाग प्रांत के तरफ से डॉ. मनोज मिश्रा के साथ-साथ अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे ' नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में लगातार 4 साल से भारत विकास परिषद मंगलम द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट और सराहनीय कार्यों को ध्यान में रखते हुए सभी सदस्य एवं पदाधिकारियों द्वारा ऐसा निर्णय लिया गया ' सभी लोगों ने सर्वसम्मति से उनके नाम का प्रस्ताव रखा तथा पास कर दिया ' नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री नागेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि वह संगठन को सर्वोच्च शिखर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ' भारत विकास परिषद मंगलम अपने निस्वार्थ सेवाओं के बल पर समाज में एक अलग छवि बना चुका है ' आने वाले वर्ष के लिए सेवा कार्यक्रमों की एक विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत किया ' संरक्षक शिवनंदन गुप्ता तथा पर्यवेक्षक डॉ मनोज मिश्रा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया ' मुख्य रूप से उपस्थित बी.पी गुप्ता, दीपा जोशी, शिवनंदन गुप्ता, सुधीर द्विवेदी, सौरव सिंह भदोरिया, आशीष गुप्ता, नीलू केसरवानी , सुशील दुबे, पूनम गुप्ता निखिलेश कुमार , सुनील कुमार धवन प्रदीप पांडे इत्यादि लोग उपस्थित रहे '

### 21वीं सदी के इलाहाबादी का विमोचन पांच को



**प्रयागराज।** इम्तियाज अहमद गाजी की पुस्तक 21वीं सदी के इलाहाबादी का विमोचन आगामी 05 मार्च को मोती लाल नेहरु मेडिकल कॉलेज के डॉ. प्रीतमदास प्रेक्षागृह में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति पंकज मित्थल मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार के. विक्रमराव करेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार और समाज सेवी रविकिरण जैन विशिष्ट अतिथि होंगे। रविवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में हुई गुफ्तगू कार्यकारिणी की बैठक में यह तय किया गया।गुफ्तगू संस्था के सचिव नरेश कुमार महरानी ने बताया कि ह्य21वीं सदी के इलाहाबादी नामक पुस्तक में अमिताभ बच्चन, मोहम्मद कैफ, शम्सुर्रहमान फारुकी, अमरकांत, दूघनाथ सिंह, डॉ. राज बवेजा, प्रो. राजेंद्र कुमार आदि समेत कुल 106 लोगों को शामिल किया गया है। कार्यक्रम के दौरान इन सभी 106 लोगों को ह्य21वीं सदी के इलाहाबादी सम्मानह्व प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा इसी दिन नरेश कुमार कुमार महरानी की पुस्तक ह्यमेरी तल्खियांह्व और शगुफ्ता रहमान सोना की पुस्तक ह्यअक्षर-अक्षर गढ़करह्व का भी विमोचन किया जाएगा। बैठक में गुफ्तगू के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद गाजी, प्रभाशंकर शर्मा, अनिल मानव, शैलेंद्र जय, संजय सक्सेना, नीना मोहन श्रीवास्तव, अर्चना जायसवाल, दयाशंकर प्रसाद, शिवाजी यादव, राज जौनपुरी, अफसर जमाल आदि मौजूद रहे।

### यूपी बोर्ड में मुख्य विषयों की आज से शुरू हो रही परीक्षाएं, केंद्रों की बढ़ी निगरानी

**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं में प्रमुख विषयों की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो रही हैं। ऐसे में परीक्षा केंद्रों और स्ट्रॉग रूम की विशेष निगरानी के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही जिलों में डीआईओएस की तरफ से परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए अलग से टीमें गठित की गई हैं। यूपी बोर्ड में सोमवार से प्रमुख विषयों की परीक्षाएं शुरू हो रही है। हाईस्कूल में गृहविज्ञान और इंटरमीडिएट में सुबह की पाली में लेखाशास्त्र विषय की परीक्षा है। इंटरमीडिएट में दूसरी पाली में भूगोल विषय की परीक्षा होनी है। इन सभी विषयों में बढ़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल होने हैं। ऐसे में परीक्षा को देखते हुए बोर्ड की तरफ से सभी जिलों में परीक्षा केंद्रों पर विशेष सर्तकता रखने का निर्देश दिया गया है।

### दादा दादी दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**प्रयागराज।** झूसी के आवास विकास कॉलोनी योजना-3 स्थित सेंट्रल एकेडमी पैरेंट्स प्राईड विद्यालय में 'दादा-दादी दिवस' कार्यक्रम में स्कूल के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि निशा जयसवाल प्रांतीय अध्यक्ष 'भारत विकास परिषद' तथा विशिष्ट अतिथि रामनरेश तिवारी पिंडीवासा तथा विद्यालय के निदेशक एस के तिवारी एवं प्रधानाचार्य ए के पांडेय एवं पेरेंट्स प्राइड की प्रधानाचार्या दीप्ति मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर समारोह का शुभारंभ किया। विद्यालय के निदेशक एस के तिवारी ने अतिथियों का स्वागत तथा अभिनंदन किया। विद्यालय के नन्हे मुन्नो ने एक से बढ़कर एक शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सरस्वती वंदना तथा 'ईदगाह नाटक' ने सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर दादा दादी के मध्य कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जिनमें विजेताओं को श्री एस के तिवारी जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजई छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

# सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड ने मेला क्षेत्र में चलाया सफाई अभियान






जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक करते व गंगा घाट पर सफाई अभियान चलाते सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड

**प्रयागराज।** आजादी के अमृत महोत्सव व भारत के जी-20 की अध्यक्षता वर्ष में निर्मल गंगा के मूल उद्देश्य से पॉलिथिन बहिस्कार व सफाई के प्रति जनजागरूकता जगाने के लिए सेंट जॉन्स एंबुलेंस ब्रिगेड उत्तर मध्य रेलवे की दोनों ब्रिगेडों के सदस्यों द्वारा रविवार को संगम किनारे जाकर घाट पर फैली हुई गंदगी तथा पोलिथीन की सफाई का कार्य किया गया व साथ ही तीर्थ यात्रियों को जागरूक किया व अनुरोध किया कि जीवनदायनी माँ गंगा में पोलिथीन एवं अन्य चीजों को प्रवाहित न करें।

इस दौरान ब्रिगेड के सदस्यों ने हाथ में स्वछता एवं पोलिथीन का प्रयोग न करे से संबन्धित स्लोगनो के साथ तख्तियां ले हनुमान मंदिर से संगम नोज तक नारे लगाते हुए रैली निकाली।

सफाई एवं जागरूकता अभियान में ब्रिगेड के 35 सदस्यों ने भाग लिया जिसमें एम्बुलेंस अधिकारी वी बी श्रीवास्तव, उदय चन्द्र मौर्य, राजीव सिंह, मंडल सचिव आलोक कुमार वर्मा, अनूप श्रीवास्तव, विद्यासागर सिंह विद्या भूषण श्रीवास्तव आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस जन जागरण अभियान मे ब्रिगेड के पूर्व सदस्य ए के आर्या, पवन यादव मोहीबुल्ला, सतीश कुमार व विजय कुमार ने भी अपना योगदान दिया।

इसे सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों को ब्रिगेड के अधिकारियों द्वारा बधाई दी गई, साथ ही ऐसे जनजागरण के कार्यक्रम निरंतर चलाए जाने की जरूरत पर बल दिया, व अनुरोध किया कि सभी सदस्य सतत यूं ही अपनी भागीदारी बनाये रखेगें।

# परिस्थितियों से लड़ने वाले को कोई नहीं रोक सकता : राजमणि पटेल

**स्थापना दिवस**

**ईमानदारी से की गई मेहनत का कोई विकल्प नहीः रेवतीरमण**

**धूमधाम से मनाया गया इंटर कालेज का स्थापना दिवस समारोह**



समारोह में शामिल रीवां के राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल व अन्य

**बारा/लालापुर।** श्री हरिशंकर पांडेय इंटरमीडिएट कालेज, लालापुर का स्थापना दिवस समारोह रविवार को विंध्य गौरव सम्मान के रूप में मनाया गया। समारोह में कालेज के पुरा छात्रों को सम्मानित किया गया और उनकी कामयाबी का संघर्ष बच्चों को बताया गया। पुरा छात्र एवं विंध्य गौरव सम्मान के रूप में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में रीवां (मध्य प्रदेश) के राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल ने कहा, वास्तव में जो मेहनत करता है, संघर्ष करता है और परिस्थितियों से लड़ने की क्षमता रखता है, उसे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। एक दिन उसे मंजिल अवश्य मिलती है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि आज हमें चिंतन, मनन करने की जरूरत है।

आज के बच्चों में प्रायः यह देखने को मिलता है कि उनके भीतर से वह प्रतिभा (चिंतन, मनन करने) लुप्त होती जा रही है। उन्होंने कहा कि यह हमारे ऊपर निर्भर करता है कि हमारा आने वाला भविष्य कैसा हो। यदि, हम संघर्षों का डटकर मुकाबला करें तो मंजिल अवश्य मिलती है। इस दौरान उन्होंने विद्यालय को पांच लाख रुपये देने की घोषणा की।

पूर्व सांसद कुंवर रेवतीरमण सिंह ने भी विद्यालय की प्रगति पर विद्यालय प्रबंधन और बच्चों को आशीष दिया। उन्होंने बच्चों से ईमानदारी के साथ मेहनत करते हुए जीवन में आगे बढ़ने की सीख दी। कहा, पूरी क्षमता के साथ की गई मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। कितना भी मुश्किल समय आए, कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। विद्यालय के पुरा छात्र स्वामी ब्रजेशानंदजी महाराज ने विद्यालय को आशीर्वचन देते हुए दो लाख देने की घोषणा की। कार्यक्रम को मुंबई से आए सुरेंद्र शुक्ल ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व समारोह की शुरूआत अतिथि ने दीप प्रज्वलन कर की।

लालापुर गांव की लता मंगेशकर शालिनी तिवारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर अपने स्वर से मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके उपरांत छात्राओं के समूह ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्थापना दिवस समारोह में विद्यालय बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर चार चांद लगाया। छात्राओं ने ग्रुप डांस, नाटक प्रस्तुत किया।

### पुरा छात्रों को मिला विंध्य गौरव सम्मान

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल द्वारा कालेज के पुरा छात्र (जिला उपसहकारिता अधिकारी) डा. चुन्नी लाल त्रिपाठी, राजर्षि टंडन विश्वविद्यालय के निदेशक डा. विनोद गुप्ता, छतरपुर के चीफ कंजरवेटर अजय पांडेय, मैहर विधायक नारायण त्रिपाठी,प्रयागराज सांसद प्रतिनिधि पीसी जोशी, ट्रामा सेंटर पुणे महाराष्ट्र से डा. वीके सिंह खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र त्रिपाठी, चंद्र प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह विश्वकर्मा के साथ कवि एवं पत्रकारों को सम्मान प्रदान किया गया।

### रीवां महराज की अगुवाई में हुआ समापन

दो सत्र में आयोजित समारोह के दूसरे सत्र में महाराज रीवां पुष्पराज सिंह ने बतौर चीफ गेस्ट भाग लिया। उन्होंने बच्चों को पढ़-लिखकर अपना और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्रबंधक करुणानिधान पांडेय सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर उपप्रबंधक सूर्यनिधान पांडेय, संत प्रसाद पांडेय, अशोक बेशरम, जादूगर हेमराज ,सुभाष चंद्र पांडेय,आनंद शुक्ल, गोपाल दास गुप्ता, रोहित केसरवानी, सुरेश केसरवानी (ओम शांति) आदि मौजूद रहे।

### तीन अलग-अलग गांवों में मार पीट, कई घायल

**मऊआइमा।** मऊआइमा के तीन अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई घायल हुए है। तीनों मामलों में पुलिस ने दस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ निवासनीय आफरीन बानों पत्नी मोहम्मद असलम का कथन है कि वह अपने नाना के घर सपरिवार रहती है। आफरीन बानों का आरोप है कि उसके पडोस की महिला अराजक तत्वों को बैठाती है। वह बैठ कर अनेकों प्रकार के छींटाकशी करते हैं। आफरीन बानों का आरोप है कि अराजक तत्वों द्वारा तमंचा और पिस्तौल लिए रहते हैं। बोलने पर उसे मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। आफरीन बानों ने मऊआइमा थाने में रेशमा बानों, शहबान, हुजैफा, सगीर अहमद ,एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम चन्द्रवट उर्फ पूरे मातादीन निवासी राम देव पुत्र रामसरन का आरोप है कि वह सपरिवार निशान में जाम्हा गया था वापसी में अनायास उसे और उसके परिजनों को मारा पीटा गया। राम देव ने मऊआइमा थाने में राम प्रताप उर्फ सीताराम, राधेश्याम यादव उर्फ राघई, विन्देश, ननकऊ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव व स्थापना दिवस हुआ संपन्न

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सराय बंसी गांव स्थित श्री नेहरू ग्राम इंटरमीडिएट कॉलेज में वार्षिकोत्सव समारोह स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे लोकसभा भदोही सांसद रमेश चंद्र बिंद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर प्रारंभ किया गया। विद्यालय परिवार के द्वारा मुख्य अतिथि का माला पहना कर जोरदार अभिनंदन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक राम प्यारे पाल ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य अधूरा है और जीवन में शिक्षा का होना अति महत्वपूर्ण है आगे कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा के प्रति नए से नए कदम उठाए जा रहे हैं वहीं शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है गरीब असहाय बच्चों को सरकार की तरफ से पूरा योगदान पूरा लाभ मिल रहा है ऐसे समय में यदि बच्चे शिक्षा को ग्रहण न कर सके तो यह सबसे बड़े दुर्भाग्य की बात है।

# आधुनिक खेती से किसानों में आएगी खुशहाली : के. शंकराचार्य

**अधिवेशन**

**दीप प्रज्वलित कर तीन दिवसीय शुरू हुआ किसानों का अधिवेशन**

**आज भी जुटेंगे देशभर के कृषि वैज्ञानिक, रखेगे अपने विचार**




कार्यक्रम में उपस्थित कृषि विशेषज्ञ

**लालगोपालगंज।** किसानों को स्ववलंबी- स्वभिमानी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए बायोवेद कृषि एवं प्रौद्योगिकी शोध संस्थान मोहरब श्रृंगवेरपुर के सभागार में तीन दिवपसीय 25वें रजत जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर से पधारे कृषि वैज्ञानिकों एवं किसानों के बीच खेती किसानी और बागवानी का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। किसानों ने सिलसिलेवार समस्याएं गिनाईं, तो कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खेती किसानी में अच्छी आय के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। कहा गया कि जब तक किसान परंपरागत खेती से हटकर आधुनिक तरीका से खेती को अपनाएंगे, तब तक किसानों की समस्याएं बरकरार रहेंगी।

इससे पूर्व रविवार को अधिवेशन का शुभारंभ दी प्रज्वलित किया गया। सांस्थान में अध्ययनरत छात्राओं ने स्वगत गीत प्रस्तुत किए। दूरदराज से आए प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक भारी संख्या में किसानो ने भाग लिया। विधान चंद्र कृषि विश्व विद्यालय पश्चिम बंगाल पूर्व निदेशक प्रोफेसर शंकर के. आचार्य ने कहा कि निराशा से गरीबी और गरीबी से भुखमरी आती है। जब तक कृषि को उद्यम नहीं माना जायेगा, तब तक समस्या बनी रहेगी। खुशहाली के लिए परंपरागत खेती को छोड़कर किसानों को आधूनिक तरीका अपनाना होगा। भारत सरकार के बायो टेक्नोलोजी की पूर्व सीनियर एडवाइजर डॉ. सीमा वहाब ने भी को खेती किसानी में आय दो गुना करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि सीखें, समझें और ज्यादा आमदनी वाली खेती का तरीका अख्तियार करें। अध्यक्षता डॉ. जेपी श्रीवास्तव, डॉ. विभा मिश्रा, डॉ. सीपी पांडेय, डॉ. बेचन शर्मा, डॉ. आरएस पांडेय समेत अन्य कई वैज्ञानिकों ने अपने विचार रखे। तीन दिवसीय अधिवेशन का समापन 21 फरवरी को होगा।

### उत्कृष्ट कार्य पर 17 विभूतियों को मिला सम्मानित

बायोवेद में चल रहे तीन दिवसीय कृषि विशेषज्ञों और किसानों के अधिवेशन के प्रथम दिन पहले सत्र में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सत्रह लोगों को बायोवेद जेम ऑफ इंडिया अवार्ड 2023 सम्मानित के उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में पूर्व वरिष्ठ सलाहकार जैव प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकारडॉ. सीमा वहाब, एमिरटस वैज्ञानिक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद डॉ. जेपी श्रीवास्तव, भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रदेश महासचिव शिवा शंकर पांडेय, नीलू द्विवेदी आदि लोग शामिल रहे।

## संक्षेप

### युवती के गर्भवती होने पर शादी से किया इनकार

**कौशांबी।** इलाके की एक युवती ने बताया कि पड़ोसी युवक के साथ उसके प्रेम संबंध थे। पीड़िता की मानें तो युवक ने शादी का झांसा दिया। इसके बाद लगातार शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़ित युवती सात महीने की गर्भवती है। गर्भ धारण होने की जानकारी उसने युवक को दी तो वह कमाने का बहाना बनाकर महाराष्ट्र भाग गया। युवक ने शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है। करारी एसओ सीबी मौर्य का कहना है कि प्रकरण संज्ञान में आया है। जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बस की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

**कौशांबी।** करारी कस्बा निवासी अरुण केसरवानी रविवार सुबह पत्नी अरुनिता के साथ बाइक से किसी काम से मंझनपुर जा रहा था। दीवर कोतारी गांव के समीप पीछे से आई बस ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपती घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पड़ोसी ने अधेड़ को पीटा

**कौशांबी।** नगर कोतवाली इलाके के सेलरहा गांव निवासी राकेश कुमार ने बताया कि पड़ोसी से उसकी रंजिश है। इसे लेकर रविवार सुबह वह गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपितों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। चीख-पुकार पर जुटे ग्रामीणों ने दखल देकर किसी तरह मामला शांत कराया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।

# निवेशक अपने निवेश धरातल पर उतारें, प्रदेश सरकार हर सम्भव मदद उपलब्ध करायेगी : प्रभारी मंत्री

**बैठक**

**जिले में उद्योगों की स्थापना से रोजगार के अनेक अवसर सृजित होंगे**



उद्योग बन्धुओं के साथ बैठक में संबोधित करते राज्यमंत्री व उपस्थित अधिकारीगण



बैठक में मौजूद अधिकारी, कर्मचारी व व्यापारीगण

**कौशांबी।** प्रदेश के राज्यमंत्री कारागार/प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने रविवार को उदयन सभागार में उद्योग बन्धुओं के साथ बैठक कर विचार-विमर्श किया।

राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उ0प्र0 में निवेश के लिए एक बहुत अच्छा माहौल बना है, प्रदेश में देश व विदेश के लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर निवेश किये जा रहें है। जनपद कौशाम्बी में भी लक्ष्य 300 करोड़ के सापेक्ष अब तक 110 निवेशकों द्वारा 1394 करोड़ निवेश के प्रस्ताव प्रस्तुत किये जा चुकें है। उन्हांने कहा कि सरकार का दायित्व केवल कार्यकाल पूरा नहीं होता, बल्कि एक अच्छी सरकार का दायित्व युवाओ को रोजगार व समाज के सभी वर्गों के साथ ही प्रदेश का सर्वांगीण विकास करना होता है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्तमान सरकार सभी क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के साथ ही युवाओं को रोजगार कैसे मिलें, इसके लिए निरन्तर चिन्ता करती है, जिसके परिणामस्वरूप ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर निवेश के प्रस्ताव प्राप्त किये गये है, इससे रोजगार के अनेक अवसर सृजित होंगे। राज्यमंत्री ने उपस्थित निवेशकों से उनकी समस्याओं को सुनते हुए कहा कि निवेश को धरातल पर उतारें, प्रदेश सरकार हर सम्भव मदद उपलब्ध करायेंगी तथा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा आपके सभी समस्याओं का समाधान त्वरित किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निवेश मित्रों की भर्ती की जा रहीं है, जो आपकी सहायता करेंगे। उन्हांने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि निवेशकों/व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय, लापरवाही पाये जाने पर सम्बनिधत अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए सख्त कार्यवाही की जायेंगी। उन्हांने निवेशकों से कहा कि वे अपने प्रोजेक्ट का पूर्ण रिपोर्ट तैयार कर धरातल पर उतारें, कहीं पर भी समस्या आती है, तो तत्काल अवगत करायें, त्वरित निस्तारण किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी में उद्योगों की स्थापना से रोजगार के अनेक अवसर सृजित होंगे तथा जनपद का तेजी से विकास भी होगा। बैठक में निवेशकों द्वारा राज्यमंत्री जी से जनपद में औद्योगिक क्षेत्र को शीघ्र विकसित कर भूखण्ड आवंटित किये जाने, जनपद में यू0पी0 सीडा का कार्यालय खोले जाने एवं विद्युत की बेहतर आपूर्ति आदि सुविधा उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया, जिस पर मा0 राज्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों को हर सम्भव सुविधा उपलब्ध करायी जायेंगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने निवेशकों से कहा कि एन0ओ0सी0 सहित सभी समस्याओ का समाधान तत्काल किया जायेंगा। जनपद में औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए शासन स्तर पर आवश्यक कार्यवाही की जा रहीं है। उन्हांने कहा कि जनपद में एनएच के चौड़ीकरण के साथ ही राम वनगमन मार्ग एवं एयरपोर्ट प्रयागराज से उत्खनन स्थल तक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य की कार्यवाही तेजी से चल रहीं है। उन्होंने कहा कि आपके उद्योगों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यकतानुसार पुलिस चौकी भी बनायी जायेंगी।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा भाजपा जिलाध्यक्षा श्रीमती अनीता त्रिपाठी, पूर्व विधायकगण संजय कुमार गुप्ता व लाल बहादुर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**कौशांबी।** सैनी थाना क्षेत्र के राजातारा शाखा गांव में ब्याही युवती को पीटकर ससुरालवालों ने घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मंझनपुर थाना क्षेत्र के सिरचनपुर गांव की निर्मला देवी बताया कि दो साल पहले उसकी शादी राजातारा शाखा गांव में प्रेमचंद्र के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी में मिले दहेज से ससुरालवाले संतुष्ट नहीं थे। शादी के बाद से ही ससुराल के लोग मायके से 50 हजार रुपये के साथ बाइक लाने की जिद कर प्रताड़ित करने लगे। महीने भर पहले ससुरालवालों ने मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। मायके पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई। दोनों परिवार के बीच बिरादरी की पंचायत भी हुई। ससुराल वाले बिना मांग पूरी हुए युवती को साथ ले जाने के लिए राजी नहीं हुए। पिता के साथ सैनी थाने में पीड़िता ने मामले की नामजद शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अरोपित पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पट्टीदारों ने की मारपीट, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**कौशांबी।** सैनी थाना क्षेत्र के संभुई गांव में पट्टीदारों ने विवाहिता और उसकी बहन को पीट दिया। दोनों परिवार के बीच रंजिश चल रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

संभुई गांव की मालती देवी पत्नी भैया लाल का पड़ोसी पट्टीदार से पुराना विवाद चल रहा है। इसी अदावत में दो दिन पहले दोनों के बीच कहासुनी हो गई थी। आरोपित परिजनों के साथ मिलकर उसके घर पर आ गया। घर के बाहर बैठी मालती को आरोपितों ने पीटना शुरू कर दिया। बहन को पिटते देख छोटी बहन ने बीच-बचाव किया तो आरोपितों ने उसकी पिटाई कर दी। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। गांव पहुंची पुलिस ने घायल महिला व उसकी बहन को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद पीड़िता से तहरीर लेकर पुलिस ने आरोपित बाबूलाल, बंसतलाल समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ताबड़तोड़ चोरी की घटनाओं से सहमा इलाका

**चोरी**

**कस्बा, चौराहा, गेस्ट हाउस से चोरी हो रही बाइकें तो गांव में सुरक्षित नहीं हैं मवेशी**

**सराय अकिल कोतवाली पुलिस से न्याय की आस छोड़ रही इलाकाई जनता**



पिपरी कोतवाली क्षेत्र में चोरी के बाद खेत में फेंका तिजोरी, संदूक व जुटी भीड़

**कौशांबी।** पिछले तकरीबन चार-पांच माह से सराय अकिल इलाका अपराध के समंदर में गोते लगा रहा है। इस क्षेत्र के लिए चोरी की घटनाएं आम सी हो गई हैं। बड़ी घटनाओं के खुलासे की आस करना भी बेमानी साबित हो रही है। ऐसे में इलाकाई जनता के जेहन से सराय अकिल पुलिस से न्याय की आस खत्म सी होती जा रही है और आवाम दहशत ज्यादा दिखाई दे रहा है।

घटनाओं का जिक्र करें तो सराय अकिल के फकीराबाद चौराहा स्थित ओम गेस्ट हाउस के अंदर से हौसले बुलंद चोरों ने एक बाइक नम्बर यूं पी 73 एम 0445 शिवकुमार पुत्र स्वर्गीय राम लखन निवासी ग्राम रामलखन का पूरा मंझनपुर की बाइक पार कर दिया। इतना ही नहीं उसके कुछ ही देर बाद चोरों ने एक साइकिल भी पार कर दिया। सबसे बड़ी बात यह है कि पीड़ित सीसीटीवी मतलब तीसरी नेत्र के जरिए साइकिल चोरी कर ले जा रहे व्यक्ति का फुटेज भी निकाला और सराय अकिल पुलिस को तहरीर सहित फुटेज सौंप दिया। बड़ी बात यह है कि पुलिस अपना वही रवैया अख्तियार करते हुए मामले में रत्ती भर कार्रवाई करना उचित नहीं समझी। खैर या तो रही घटना का ताजा उदाहरण। इसके पहले यदि माह भर के ऊपर की घटनाओं पर निगाह डाली जाए तो इसी फकीराबाद क्षेत्र से कई बाइके चोरों ने पार कर दिया था, गांव क्षेत्र की बात करें तो मवेशी चोरों का गिरोह अच्छा खासा सक्रिय है। आए दिन चोर लोगों के घरों के सामने बंधे कीमती मवेशी उठा ले जाने में सफल हो रहे हैं और पीड़ित मवेशी मालिक मायूस रह जाता है, पुलिस तो वही रवैया अख्तियार करती है कि तहरीर लेकर चुप बैठ जाना। अब इस तरह पुलिस के रवैए से सराय अकिल इलाके का जनमानस अपने आप को कितना सुरक्षित महसूस कर रहा होगा यह तो जिले के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव खुद ही आकलन कर सकते हैं लेकिन कुछ भी हो जिस तरह से चोरी की घटनाओं का ग्राफ सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र में बढा है उससे कहीं न कहीं आवाम अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। हालांकि इलाकाई बुद्धिजीवी जनता ने इस ओर पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सराय अकिल कोतवाली पुलिस के जिम्मेदारों की कार्यशैली की जांच कराए जाने की मांग किया है। ताकि लोगों को समयानुसार न्याय मिल सके और अपराधी अपराध करने से एक बार कतराएं।

## कुआं की जमीन में जबरन कराया जा रहा निर्माण

**कौशाम्बी।** कुआं की जमीन पर दबंग लोग अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिए हैं। अवैध कब्जा की शिकायत बरियावा चौकी इंचार्ज और क्षेत्राधिकारी चायल से की जा चुकी है, इसके बावजूद कब्जा करने वालों के खिलाफ कोई कारवाई नहीं किया जा रहा है।



कुआं की जमीन के पास हो रहा निर्माण कार्य

चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरियावा में बचई लाल सेठ के परिजनों द्वारा अपने निजी धन से कुआं और जगत का निर्माण अपनी जमीन पर सैकड़ों वर्ष पूर्व कराया गया था, बचई लाल सेठ के परिजनों द्वारा बनवाए गए इस कुएं से पूरे मोहल्ले के लोग पानी पीते थे, वर्तमान में भी इस कुआ की पूजा शादी विवाह के अवसर पर ग्रामीण महिलाएं करती हैं। लेकिन गांव के दबंगों द्वारा कुआं की जमीन और रास्ते की जमीन पर जबरिया निर्माण शुरू कर दिया गया है। चरवा में बरियावा निवासी बृजेंद्र कुमार केशरवानी ने तहरीर देकर बताया कि उनके पूर्वजों ने कुआं का निर्माण कराया था। लोगों को कुआं पर आने-जाने के लिए चारो तरफ दस फिट की जमीन छोड़ रखी थी, लेकिन कुआं के चारो तरफ छोड़ी गई जमीन पर गांव के राजेश प्रजापति की नियत गंदी हो गई और उक्त जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। कुआं की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जा के चलते गांव में लोगो में आक्रोष है। अगर कुआं की जमीन पर अवैध कब्जा नही रुका तो गांव में बड़ी अनहोनी की आशंका जताई जा रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस पीडित की शिकायत पर कोई काररवाई नहीं कर रही है। लोगों ने इस ओर पुलिस कप्तान का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अवैध कब्जा धारकों के खिलाफ काररवाई किए जाने की मांग किए।

### बालिका से युवक ने किया दुराचार का प्रयास

**कौशांबी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के एक गांव की 10 वर्षीय बालिका गुरुवार को खेत की ओर गई थी। इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे मोहल्ले के युवक ने बालिका को रोका और उसे बहाने से खेत की ओर ले गया। इसके बाद सूनसान जगह पर दुराचार का प्रयास किया। बालिका के शोर मचाने पर युवक भाग निकला। घर पहुंची बालिका ने आपबीती परिजनों को बताई तो परिवार के लोग अवाक रह गए। पीड़िता की मां ने आरोपित के घर पहुंचकर उलाहना दिया तो आरोपित ने परिजनों के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी। देर शाम पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### युवती से की छेड़खानी, बनाया वीडियो

कौशांबी। कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बे की एक युवती के साथ मोहल्ले के एक युवक ने छेड़खानी की और उसका वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए युवती के साथ मनमानी का प्रयास किया। युवती ने विरोध किया तो आरोपित वीडियो वायरल करने की धमकी दी। युवक की करतूत पीड़िता ने परिजनों को बताई तो परिजन अवाक रह गए। पीड़िता पिता के साथ थाने पहुंची। देर शाम पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## चोरों ने घर से नगदी समेत लाखों के जेवरात किया पार

**चायल,कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के कादिलपुर गांव में बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नगदी समेत लाखों रुपए के जेवरात उठा ले गए। नवागत थानेदार को चोरी की घटना का जल्द ही सफल अनावरण करना होगा जिससे उनके प्रति क्षेत्रीय जनता की उम्मीद जाग सके।

कादिलपुर गांव के बेलपति पत्नी राम विशाल ने पिपरी कोतवाली में लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीती रात एक गांव का ही अच्छन पुत्र नन्हू व उसके अज्ञात साथी चोरों ने उसके घर में सेंध लगाकर घर के अंदर प्रवेश कर गए और बक्शे में दस हजार रुपए, दो सोने का आधा तोला की लाकिट एक झुमका और अठन्नी भर झूमका सोने व चांदी की 6 अंगूठी व चांदी की दो पायल व घर में रखा अन्य कीमती सामान उठा ले गए हैं। पीड़ित ने लिखित शिकायती पत्र देते हुए मुकदमा पंजीकृत कर खुलासा की मांग नवागत थानेदार से की है।

## हज यात्री 10 मार्च तक करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशांबी।** जिला अल्पसख्यंक कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया गया है कि वर्ष-2023 में हज जाने वाले हज यात्रियों के लिए जिला स्तर पर हज ई-सुविधा केन्द्र/हज फैसिलीटेशन केन्द्र मदरसा दारूल उलूम एहसानिया, मंझनपुर में स्थापित किया गया है, जिसके अध्यक्ष इशहाकअहमद, सहायक अध्यापक आलिया मदरसा दारूल उलूम एहसानिय बनायें गये हैं। उन्हांने बताया कि हज ई-सुविधा केन्द्र/हज फैसिलीटेशन केन्द्र पर कम्प्यूटर/ इन्टरनेट/ स्कैनिंग व अपलोडिंग की सुविधा की गयी है। हज-2023 पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए ऑनलाइन आवेदन दिनांक 10 फरवरी 2023 से शुरू होकर अन्तिम तिथि दिनांक 10 मार्च 2023 निर्धारित की गयी है। हज आवेदन की प्रक्रिया शत-प्रतिशत ऑनलाइन/ डिजिटल होगी, कोई भी प्रिन्टेड/ ऑफलाइन आवेदन पत्र स्वीकार नही कियें जायेगें। ऑनलाइन आवेदन का प्रारूप हज कमेटी की वेबसाईट पर उपलब्ध है तथा हज से सम्बन्धित जानकारी मोबाइल नम्बर-7310103543 पर प्राप्त की जा सकती है।

# मानक के विपरीत हो रहा इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण



सड़क निर्माण का दृश्य

**कौशाम्बी।** मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आदमपुर नादिर अली गांव में इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया जा रहा है छीता पुर से पथराहा तक आधा किलोमीटर लंबी इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में जमकर धांधली हो रही है घटिया क्वालिटी की इंटरलॉकिंग लगाई गई है जमीन का समतलीकरण ठीक से नहीं किया गया है जिससे इंटरलॉकिंग सड़क धंस जाने की उम्मीद जताई जाती है सड़क के दोनों तरफ किनारे में ईंट भट्ठे की ईंट लगाई जा रही है यह ईंट बेहद घटिया क्वालिटी के तीसरे दर्जे की है लेकिन सब कुछ बेखौफ तरीके से निर्माण हो रहा है ब्लॉक से लेकर विकास भवन तक के अफसर घटिया निर्माण की जांच कर रोक लगाने नहीं पहुंचे हैं ग्रामीणों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए घटिया निर्माण पर रोक लगाकर ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## दो इंस्पेक्टर और 11 एसआई के कार्यक्षेत्र बदले

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने रविवार को दो इंस्पेक्टर व 11 सब इंस्पेक्टर के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। प्रभारी निरीक्षक पिपरी श्रवण कुमार सिंह को चुनाव सेल, प्रभारी चुनाव सेल रहे विनीत सिंह को प्रभारी निरीक्षक पिपरी बनाया गया है। इसी तरह एसआई राकेश राय को मूरतगंज चौकी से थानाध्यक्ष संदीपनघाट, संदीपनघाट थाने के प्रभारी एसआई अभिषेक गुप्ता को चौकी प्रभारी मूरतगंज बनाया गया है। एसआई मो. जमीर को कोखराज थाने से प्रभारी क्राइम ब्रांच, अयोध्या कुमार को चौकी प्रभारी सैयद सरावां, राम प्रवेश सिंह को चौकी प्रभारी लोधौर, मनोज तोमर को चौकी प्रभारी चायल, राजेन्द्र वर्मा को थाना मंझनपुर, धीरज जायसवाल को चौकी प्रभारी नारा, शैलेन्द्र कुमार को चौकी प्रभारी शमसाबाद, अरूण मौर्या को चौकी प्रभारी कोरई, चंद्रबली सरोज को चौकी प्रभारी कादीपुर बनाया गया है।

### सड़क दुर्घटना में जख्मी अधेड़ ने दम तोड़ा

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के परसरा निवासी शीतला प्रसाद (50) 14 फरवरी की शाम बाजार से घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के समीप पीछे से आई तेज रफ्तार की टक्कर से लगने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर उसे प्रयागराज रेफर कर दिया गया। जहां रविवार की सुबह इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई। अधेड़ के मौत की खबर परिजनों को चली तो परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधेड़ की मौत से परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

## मां-बेटी को पीटा दी धमकी

**कौशांबी।** पइंसा थाना क्षेत्र के कैमा गांव में दबंगों ने मां-बेटी को पीट दिया। देर शाम पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद पीड़िता की तहरीर पर पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। कैमा निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी अनुपम ने बताया कि पड़ोसी रमेसुर की पत्नी रेनू से दो दिन पहले मामूली बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी अदावत में आरोपित परिजनों के साथ मिल उसके घर पर आ गया। घर में घुसकर आरोपितों ने लक्ष्मी व उसकी बेटी सोना को पीट दिया। पड़ोसन व उसकी बेटी के साथ मारपीट देख घर-परिवार के साथ मोहल्ले के अन्य लोग पहुंचे। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। गांव पहुंची पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़िता की तहरीर पर आरोपित रेनू देवी, रमेसुर, ममता, धर्मेन्द्र व कुशल के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संक्षेप

### बारात रोकने पर अंजाम भुगतने की दे रहे धमकी

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के गडौरी खुर्द गांव में लड़की के पिता को बारात आने पर पड़ोस के ही कुछ लोगों द्वारा बारात रोकने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से करते हुए विवाह वाले दिन पुलिस फोर्स उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

गांव के निवासी बाल मणि पांडेय का आरोप है कि उनकी पुत्री का विवाह 22 फरवरी को है। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोपित किया गया है कि पड़ोस के ही एक दर्जन लोग उनके घर पर सुबह आ धमके। वह उस समय बाहर साफ-सफाई करा रहे थे। आरोपियों ने उन्हें बरात ना रोकने की हिदायत दी। कहा कि यदि बाराती आए तो उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीट दिया जाएगा। इस घटना से पूरे परिवार के लोग डरे सहमे हुए हैं। उन्होंने 22 फरवरी को पुलिस बल उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

### युवक की बाइक चोरी

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी जय शंकर जयसवाल पुत्र माता प्रसाद जयसवाल बीते दिनों मेला ग्राउंड पट्टी में एक शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए आया हुआ था। वह जब घर जाने के लिए अपने मोटरसाइकिल के पास पहुंचा तो उसकी मोटर साइकिल नदारद थी। काफी खोजबीन करने पर कोई पता नहीं चला। युवक ने कोतवाली में अज्ञात बाइक चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### दुर्घटना में पूर्व प्राचार्य घायल

**लालगंज।** शनिवार की देर शाम बाबा घुइसरनाथ धाम दर्शन करने जा रहे पूर्व प्रधानाचार्य दुर्घटना मे चुटहिल हो गये। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग निवासी पूर्व प्रधानाचार्य डा. शक्तिधरनाथ पाण्डेय महाशिवरात्रि पर देर शाम दर्शन करने बाइक से जा रहे थे। कौहली तालाब के पास अचानक मवेशी आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गयी। पूर्व प्रधानाचार्य शक्तिधरनाथ दुर्घटना मे चुटहिल हो गये। नगर के ट्रामा सेंटर में प्रारम्भिक इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गयी।

# भारत की एकता को बाबा धाम के महोत्सव से मिला करती है मजबूती : डीएम

**लालगंज।** पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में अटठाईसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव की शनिवार की देर शाम जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल व एसपी सतपाल अंतिल ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के साथ सई तट पर बनें गंगा सागर में सामूहिक दीपदान कर महोत्सव का श्रीगणेश किया।

सांस्कृतिक रंग-मंच पर पहुंचे डीएम व एसपी ने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का परम्परागत भव्य शुभारंभ किया। वरिष्ठ साहित्यकार विशालमूर्ति मिश्र एवं विनय शुक्ल के संयोजन मे श्रीकान्त वर्मा ने सुमधुर आवाज मे स्वागत गान प्रस्तुत कर उद्घाटन की समा बांधी। समारोह को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते डीएम डा. नितिन ने कहा कि भारत की एकता एवं सदभावना को बाबा धाम मे होने वाला यह महोत्सव निरंतर मजबूती देता आ रहा है। उन्होनें महोत्सव के निरंतर सफल आयोजनो को लेकर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना एवं आयोजन समिति की भी सराहना की। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि एकता महोत्सव जैसे आयोजन के जरिए लोक शांति को भी सुद्दढ़ बनाए रखने



अटठाईसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते जिलाधिकारी व एसपी, साथ में प्रमोद तिवारी, आराधना मिश्रा मोना



महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

मे मजबूती मिला करती है। उन्होनें प्रतापगढ़ की जनता को अमन पसन्द बताते हुए कहा कि यह महोत्सव लोगों के बीच परस्पर भाईचारे को भी बढावा दिया करता है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारत की विविध रंगो मे रंगी सांस्कृतिक एकता हमारे लोकतंत्र के मूल्यों की बुनियादी ताकत है। उन्होनें बाबा घुइसरनाथ धाम को लोक मंगल के संकल्प का केंद्र ठहराते हुए यह भी संकल्प जताया कि विधायक मोना के प्रयास से केंद्र एवं राज्य के पर्यटन के मानक पर बाबा धाम सर्वश्रेष्ठ धाम के सभी मानक को पूरा करेगा। अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता क्षेत्रीय विधायक एवं आयोजन समिति की संयोजिका आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि बाबा धाम मे एकता महोत्सव का आयोजन समग्र विकास तथा सामूहिक कल्याण के पथ पर हमें पूरी द्दढ़ इच्छाशक्ति के साथ अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त किया करता है। समारोह मे आयोजन समिति की ओर से विधायक आराधना मिश्रा ने जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल, एसपी सतपाल अंतिल, एसडीएम सौम्य मिश्र, सीओ रामसूरत सोनकर, एसडीएम न्यायिक तनवीर अहमद व प्रशिक्षु एसडीएम अवनीश त्रिपाठी, तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह को महोत्सव का मोमेण्टो एवं शॉल तथा बुकें भेंटकर सम्मानित किया। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। स्वागत ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू व आभार प्रदर्शन प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने किया। इस मौके पर ईओ पदमजा मिश्रा, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, आशीष उपाध्याय, द्दगपाल यादव, सुधाकर पाण्डेय, रामकृपाल पासी, डा. अमिताभ शुक्ल, रामबोध शुक्ल, आशुतोष मिश्र, छोटेलाल सरोज, जगदीश मिश्र, लाल अनिल प्रताप सिंह, लाल अभिषेक प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र शुक्ल आदि रहे।

### प्रमुख ने बाबा धाम ट्रस्ट को सौंपा चार लाख का चेक

**लालगंज।** राष्ट्रीय एकता महोत्सव के उदघाटन समारोह में सांगीपुर प्रमुख द्वारा बाबा घुइसरनाथ ट्रस्ट मे निजी तौर पर चार लाख रुपए दान दिये जाने की भी सराहनीय पहल दिखी। सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू ने स्वयं की ओर से चार लाख रुपए का चेक ट्रस्ट के नाम ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी को सौंपा। सांसद प्रमोद तिवारी ने ट्रस्ट की ओर से प्रमुख की इस पहल की प्रशंसा करते हुए बाबा धाम के विकास में इसे जनसहभागिता की सराहनीय पहल बताया। विधायक मोना ने भी प्रमुख के इस रचनात्मक सहयोग को लेकर सराहना करती दिखीं।

## कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



मंत्री आशीष पटेल का स्वागत करते कार्यकर्ता

**प्रतापगढ़।** नगर के संस्कार गार्डन के पास रविवार को कैबिनेट मंत्री आशीष सिंह पटेल का पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यवाहक जिला अध्यक्ष बृजेश पटेल के नेतृत्व में अपना दल के कार्यकर्ताओं ने उन्हें माला पहनाते हुए स्वागत में नारेबाजी की। कैबिनेट मंत्री नगर निकाय चुनाव में कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने आए थे। इस दौरान कुलदीप पटेल, कुशाग्र श्रीवास्तव, मिथिलेश सिंह पटेल, विजय सिंह, परमानंद मिश्र, जय कौशल, त्रिलोकी नाथ पांडे, लक्खू चौधरी, पवन पटवा, लाल बहादुर पटेल, लल्लू प्रसाद पटेल, महेश पटेल, मोहम्मद हकीम, अतुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

### भण्डारे मे उमड़े श्रद्धालु चखा प्रसाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के जंगली वीर बाबा पर धार्मिक अनुष्ठान को लेकर रविवार को भण्डारे मे श्रद्धालुओं की भीड उमडी दिखी। जंगली वीर बाबा पर ऊँ नमः शिवाय के जप को लेकर शुक्रवार से ही श्रद्धालुओं का समागम रविवार तक उल्लास मे दिखा। शनिवार की शाम धाम मे महाशिवरात्रि पर रूद्राभिषेक एवं हवन मे भी श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर से कल्याण की कामना की। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी भी देर शाम जंगली वीर बाबा धाम पहुंचे और लोकमंगल की कामना की। भण्डारे का संयोजन समाजसेवी रामलखन जायसवाल ने किया। सह संयोजक मुन्नालाल जायसवाल एवं बैजनाथ जायसवाल ने श्रद्धालुओं का टीका अभिषेक किया। इस मौके पर विजयनाथ, शिवकुमार, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, व्यापारमण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, धमार्चार्य विनय शुक्ला, इं. सुनील पाण्डेय, छोटे लाल सरोज, मंगलेश सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, पन्ना लाल पाल, मुन्ना शुक्ला आदि रहे।

## एनएच प्राधिकरण ने शुरू किया अतिक्रमण निरोधक अभियान, हड़कंप

**लालगंज।** कोतवाली के रानीगंज कैथौला बाजार मे रविवार को अतिक्रमण निरोधक अभियान को लेकर हडकंप मच गया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अफसरो ने चैकी पुलिस को साथ लेकर बाजार मे एनएच पर हुए अतिक्रमण को जेसीबी से साफ करवाना शुरू किया। अचानक एनएच की कार्रवाई को लेकर बाजार मे अफरातफरी का माहौल बन गया। एनएच ने अपने फुटपाथ पर किये गये प्रतिष्ठानो के अवैध कब्जो के साथ ठेले आदि भी हटवाये। चैकी इंचार्ज निकेत भारद्वाज के साथ भारी फोर्स अभियान मे एनएच के अफसरो के साथ अतिक्रमण हटवाये जाने मे मशक्कत करती देखी गयी। कुछ माह पूर्व तहसील प्रशासन द्वारा भी बाजार से अतिक्रमण हटवाया गया था। इसके बाद धीरे धीरे व्यापारियो ने फिर से एनएच के फुटपाथ पर अतिक्रमण



रानीगंज कैथौला बाजार में अतिक्रमण निरोधक अभियान मे जुटे अफसर

कर लिया। सहालग में एनएच पर अतिक्रमण को लेकर बाजार मे वाहनो को भी प्रायः रेंगते देखा जा रहा था। इसके चलते शादी विवाह को लेकर बारात लेकर जा रहे वाहनो को भी असुविधा हो रही थी। वहीं स्कूली छात्र छात्राओ व आम लोगों को भी अतिक्रमण के कारण रोज परेशानियो से रूबरू होते देखा जाया करता है। हालांकि बाजार मे अतिक्रमण को लेकर अंदर ही अंदर खफा कुछ व्यापारी अभियान की पूर्व सूचना न देने को लेकर एनएच व पुलिस को कोसते भी दिखे।

### कायस्थ सभा की बैठक में हुए अहम फैसले, पूर्व वीसी को किया सम्मानित



**प्रतापगढ़।** नगर के मालती इंटर कालेज में रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ सभा की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में केजीएमसी के पूर्व वीसी डॉक्टर आर के सक्सेना को सम्मानित किया गया। डॉक्टर आर के सक्सेना ने अपनी बेटी मेडिकल कालेज प्रतापगढ़ में प्रोफेसर डॉक्टर मोना सक्सेना के साथ सदस्यता ग्रहण किया। बैठक में संरक्षक डॉक्टर ए के कुलश्रेष्ठ ने अखिल भारतीय कायस्थ सभा के द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने की जानकारी दी। जिस पर सर्व सम्मति से आगामी 4 मार्च को रानीगंज में स्वास्थ्य शिविर के आयोजन की तिथि निर्धारित हुई। स्वास्थ्य शिविर में प्रतापगढ़ मेडिकल कालेज के अनुभवी डॉक्टरों के साथ स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अत्याधुनिक मशीन का प्रयोग किया जाएगा। इस अवसर पर कायस्थ सभा से मार्च तक पांच सौ नए सदस्यों को भी जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। सभा के सदस्य शुभम श्रीवास्तव को कायस्थ परिवार के वैवाहिक जीवन की सुगमता से रिश्ते तय करने में सहयोग के लिए विवाह प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया। जेल रोड स्थित चित्रगुप्त मंदिर का सौंद्रीकरण कराए जाने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरूआत चित्रगुप्त भगवान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित पर उनको नमन कर किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गोकुल नाथ श्रीवास्तव, डॉक्टर रवि श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, अमितेंद्र श्रीवास्तव, डॉक्टर क्षितिज श्रीवास्तव, डॉक्टर मोना सक्सेना, सारिका श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, अजय सक्सेना, अमित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### मैत्री मैच में बेंच की टीम आठ विकेट से हारी



**प्रतापगढ़।** जूनियर बार पुरातन एसोसिएशन एवं जुडिशियरी के बीच बार बेंच का मैत्री मैच रविवार को जिला स्टेडियम में खेला गया। जिसमें बेंच के कप्तान जनपद न्यायाधीश, उप कप्तान सीजेएम एवं बार की तरफ से कप्तान जूनियर बार अध्यक्ष इंदुभाल मिश्र उपकप्तान महामंत्री संतोष नारायण मिश्र रहे। रोमांचक मैच में जूनियर बार की टीम अपने प्रतिद्वंदी वेंच टीम को 8 विकेट से पराजित किया। इस रोमांचक मैत्री मैच को देखने के लिए मौजूद दर्शकों व स्टेडियम के खिलाड़ियों में काफी उत्साह रहा।इस दौरान अधिवक्ता ओम प्रकाश मिश्र, आचार्य अयोध्या प्रसाद मिश्र, राधेश्याम शुक्ल, शिव प्रकाश मिश्र सहित कई अधिवक्ता, जूडिशियरी से जुड़े आदि लोग उपस्थित रहे।

### चोरी की बाइकें बरामद, आरोपी गये जेल

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी के गैंग का खुलासा करते हुए दो चोरी हुई बाइकों के साथ बाल अपचारी समेत तीन आरोपियों को जेल भेजने मे सफलता ली है। लालगंज कोतवाली मे तैनात दरोगा योगेन्द्र सिंह रविवार की सुबह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने कोतवाली के सराय रायजू चैराहे पर तीन संदिग्धो की घेराबंदी की। आरोपियो के पास से मिली दो बाइकें चोरी की निकली। इसमे से चोरी हुई एक बाइक अमेठी जिले के अमेठी थाना से हाल ही मे नौ फरवरी को तथा दूसरी प्रयागराज के नबाबगंज थाने मे दिसंबर माह मे उडाई गयी थी। पकडे गये आरोपियो ने दोनों बाइको का नंबर प्लेट बदलकर धोखाधडी से दूसरा नंबर लिखवा लिया था। आरोपियो मे कोतवाली लालगंज के मदनगढ़ बेलहा निवासी अमीर खान उर्फ गोलू पुत्र इस्लाम तथा इसी गांव के शोहराब पुत्र सफीक तथा गंभीराबाद के एक बाल आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धोखाधडी व जालसाजी समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। आरोपियो को दोपहर बाद पुलिस ने जेल भेज दिया।

## बच्चा बैंक ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**सम्मान**

**मेडिकल कालेज के डाक्टरों की तरफ से उन्हें जर्सी, मेडल और सम्मान पत्र से नवाजा गया**

**सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं के चेहरे पर दिखी खुशी की झलक**



सम्मानित छात्र-छात्राएं

**प्रतापगढ़।** सांसद स्पर्धा में प्रतिभाग करने और जीतने वाले खिलाड़ियों का रविवार को बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने समारोह आयोजित कर सम्मानित किया। मेडिकल कालेज के डाक्टरों की तरफ से उन्हें जर्सी, मेडल और सम्मान पत्र से नवाजा गया। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राएं खुश नजर आए।

भंगवा गांव में बीबीएफजी द्वारा संचालित निशुल्क स्टडी सेंटर पर आयोजित खिलाड़ी सम्मान समारोह में चार सौ मीटर रेस में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली लाजू विश्वकर्मा और कुश्ती में प्रथम आने वाले छात्र विकास को इनाम में जर्सी, मेडल और सम्मान पत्र दिया गया। जूनियर कबड्डी बालिका में उपविजेता टीम में शामिल सिमरन प्रजापति, प्रिया, मुस्कान, रमाशंकर, प्रिंस, नीलम को मेडल से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज के वरिष्ठ फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री, बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर अनिल कुमार, हड्डी सर्जन डाक्टर सचिन कुमार, वीके तिवारी, सतेंद्र गुप्ता, अमित तिवारी, भरत यादव, सानू और प्रदीप यादव ने खिलाड़ियों और अभिभावक रंचन और प्रभावती को बारी बारी से सम्मानित किया। अध्यक्षता सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने किया। संचालन टीचर दीपू ने किया। दामिनी ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन से हुई।

### जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के सलाहपुर गांव में रमाशंकर यादव के पड़ोसी उनकी जमीन पर जबरिया कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि पैतृक हिस्से की जमीन पर जबरिया कब्जा कर रहे हैं। जब उन्हें मना किया जाता है तो वह मारपीट पर उतर जाते हैं। इससे परिवार के लोग काफी परेशान हैं। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।



मरीजों का स्वास्थ्य चेकअप करते चिकित्सक

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को दिया गया परामर्श

**प्रतापगढ़।** सामाजिक संस्था समभाव फाउंडेशन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शहर के राजापाल टंकी चैराहा स्थित गायत्री पैथोलॉजी पर किया गया। शिविर मे बड़ी संख्या मरीज इलाज हेतु आए। शिविर में आए मरीजों का इलाज एवं परामर्श डॉ. एस.के. विश्वास द्वारा किया गया। शिविर में बुखार, खांसी, जुकाम आदि के मरीज ज्यादा रहे। डॉ विश्वास द्वारा शिविर में आए हुए ग्रामीण अंचल के मरीजों को द्वारा रात में मच्छरदानी का प्रयोग करने की सलाह दिया। सुबह शाम की ठंड में पर्याप्त कपड़े पहनने को कहा गया। संस्था द्वारा शिविर में आए हुए मरीजों को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के बारे में अन्य लोगों को भी जानकारी देने हेतु प्रेरित किया गया। संस्था द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रत्येक रविवार को सुबह ग्यारह बजे से दोपहर दो बजे तक किया जाता है। शिविर में सहयोगी के रूप में सचिन पाल (फार्मासिस्ट) एवं सूरज पाल (लैब टेक्नीशियन) मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ पांचवा शिवाला महोत्सव का समापन

### गजल, गीतों के अलावा कवियों ने लूटी महफिल, उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

**प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में पूरे ईश्वर नाथ में आयोजित दो दिवसीय पांचवा शिवाला महोत्सव का शनिवार देर रात विविध कार्यक्रमों व सम्मान समारोह एवं विराट कवि सम्मेलन के साथ समापन किया गया। महोत्सव के दूसरे दिवस सूचना जनसंपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा लोकगीत के प्रस्तुति के साथ हुआ। तदोपरांत नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से सिल्वर नाइट जागरण ग्रुप के राजू शर्मा के देख-रेख में सनी, सन्तोष यादव राजन, पंडित रविशंकर मिश्र की गायकी ने कार्यक्रम को ऊंचाइयों प्रदान किया। इस दौरान भजन सम्राट रविशंकर मिश्र व सन्तोष यादव राजन के भजन व गायन श्रोता झूम झूठे। सम्मान समारोह की कड़ी में देवेश चंद्र त्रिपाठी एडवोकेट लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट, डॉ. अनुज चैरसिया, डॉ. जेपी वर्मा, अखिलेश दूबे, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव व डॉ. के.के. तिवारी, सुश्री जया मिश्रा सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य विभूतियों



कार्यक्रम प्रस्तुत करते कवि



कार्यक्रम में कवियों को किया गया सम्मानित

को समाज गौरव सम्मान से महोत्सव में सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य व एएसपी मध्य प्रदेश शशिकांत शुक्ल एवं लल्लन यादव समीक्षा अधिकारी गृह विभाग उत्तर प्रदेश शासन, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही आए हुए सभी अतिथियों को महोत्सव के आयोजक परमानंद मिश्र व संयोजक शिवेश शुक्ल के साथ जूबाए पुरातन पूर्व अध्यक्ष विजय शंकर त्रिपाठी, दयाशंकर शुक्ल, समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, सन्तोष दूबे द्वारा सामूहिक रूप से स्वागत व सम्मान किया गया। तदोपरांत विराट कवि सम्मेलन का शुभारंभ धमार्चार्य अनिरुद्ध रामानुज दास ओमप्रकाश पांडेय के मुखारविंद से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया।कवि सम्मेलन में कवयित्री अर्चना सिंह ने मां सरस्वती वंदना कर काव्यपाठ शुरू किया। इसके उपरांत कवयित्री प्राची जयसवाल ने पढ़ा गांव को गांव रहने दो, नीम पीपल की छांव रहने दो । उडाओ आसमान में खूब पतंगे, जमी पे पांव रहने दो। इसी के साथ डॉ० अर्चना ओजस्वी ने पढ़ा - देश तोड़ने वालों सुन लो, नया ठिकाना कोई चुन लो । गीतकार सुनील प्रभाकर ने जब पढ़ा - पोर पोर पर सज गए, सुंदर-सुंदर बौर । महुआरी के कूच ने, महकाये हर ठौर । तालियों की गडगडाहट से गुंजायमान हो उठा।इसी कड़ी में राज नारायण शुक्ल राजन ने गांव से अच्छा शहर हो ये जरूरी तो नहीं, सदा सागर में लहर हो ये जरूरी तो नहीं। पढ़ कर कार्यक्रम को ऊंचाइया प्रदान की। इसी के साथ काव्य पाठ करने वालों में शीतला सुजान,कल्पना तिवारी, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, सत्यम सादूल, अनिरुद्ध मिश्र सहित आदि कवि कवयित्रियों ने अपनी अपनी रचनाओं से महफिल में चार चांद लगाया। सम्मेलन की अध्यक्षता वारिष्ठ साहित्यकार श्याम शकंर शुक्ल श्याम व संचालन अनूप उपाध्याय अनुपम ने किया। कवि सम्मेलन के समापन के अतिथि के रूप में भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी रहे। आयोजक मंडल ने भाजपा नेता श्री मिश्र को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम के मौके पर प्रमुख रूप से पंकज सिंह, राजेश मिश्रा, संजय द्विवेदी, विजय शंकर त्रिपाठी, राहुल शुक्ल, सुनील शुक्ल,विजय वर्मा, सपा नेता सन्तोष यादव,अश्वनी सोनी, विजय शुक्ला, डॉ अवंतिका पांडेय, भाजपा ने महिला मोर्चा की अध्यक्ष रुचि केसरवानी, सारिका श्रीवास्तव,खुबैब अहमद, डॉ०शमीम, दयाशंकर शुक्ल,रमाकांत शुक्ल, उमाशंकर शुक्ल, धीरेंद्र शुक्ल,जीत लाल वर्मा, राम कैलाश गुप्त,कुमार धीरेंद्र शुक्ल, नेत्र परीक्षण अधिकारी सीएम शुक्ला,गुरूमणि शुक्ल, विवेक त्रिपाठी एडवोकेट, यशवर्धन सिंह, जय प्रकाश मिश्र एडवोकेट सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।अंत में कार्यक्रम के संयोजक ने कार्यक्रम के समापन की घोषणा करते हुए सभी आगंतुको एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जनसंपादकीय

# एयर इंडिया की बंपर खरीद का संदेश

**आर.के. सिन्हा**



एयर इंडिया ने 470 अत्याधुनिक यात्री विमान के ऑर्डर देने के साथ ही एक इतिहास ही रच दिया है। मजे की बात यह है कि एयर इंडिया के पास अब भी 370 जेट और खरीदने का विकल्प बचा हुआ ही है। उसके इस फैसले से सारी विमान सेवाओं की दुनिया में भूचाल सा आ गया। अब एक और आंकड़े पर गौर करें। एक अनुमान के मुताबिक, इस साल 19 करोड़ देसी-विदेशी यात्री भारत के ऊपर से हवाई यात्रा करेंगे। कितना बड़ा है यह आंकड़ा। इस आंकड़े के आलोक में समझना होगा कि देश-दुनिया का एविएशन सेक्टर किस रफ्तार से छलांग लगा रहा है। इसलिए एयर इंडिया का करीब पौने पांच सौ विमानों को खरीदने का फैसला साबित करता है कि उसके इरादे साफ हैं और इच्छा शक्ति बुलंद भी ।

एयर इंडिया अपने को दुनिया की एक चोटी की एयरलाइंस के रूप में स्थापित करने का पूरा मन बना चुकी है। वह यूं ही तो इतना अधिक निवेश नहीं कर रही है। हालांकि अभी तो भारत में ही 'एयर इंडिया' से बहुत आगे 'इंडिगो' है। उसके पास 308 विमान हैं और भारत के एविएशन सेक्टर में उसकी 55 फीसद हिस्सेदारी भी है। पर अगर आपके पास आगे की योजनाएं और दुनिया को जीतने का जज्बा ही नहीं है तो फिर आपके बिजनेस करने का कोई मतलब ही नहीं है। दरअसल एयर इंडिया या बाकी अन्य भारतीय एयरलाइँसों को अपने को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ एयरलाइंस साबित करने की तरफ बढ़ना होगा। अभी तक उनकी आपस में ही स्पर्धा रहती है।

दरअसल कोरोना काल के बाद देश में अचानक हवाई यात्रा की मांग में भारी तेजी देखने को मिल रही है। इसी के चलते भारत की घरेलू एयरलाइंस कम्पनियाँ एक हजार से ज्यादा नए विमानों का आर्डर करने जा रही हैं। जिसकी शुरूआत टाटा ग्रुप की सहयोगी कंपनी एयर इंडिया ने कर भी दी है। आपको याद ही होगा कि पिछले साल टाटा ग्रुप ने एयर इंडिया को टेकओवर कर लिया था। जब टाटा ने एयर इंडिया को अपने नियन्त्रण में लिया था, तब तक एयर इंडिया के विमानों तथा सर्विस की हालत बेहद शोचनीय सी हो गई थी। आप विमान यात्रा करने वाले किसी भी इंसान से पूछ लें कि एयर इंडिया किस तरह की सर्विस अपने ग्राहकों को दे रही थी। एक ही जवाब मिलेगा, 'बेहद खराब।' सरकारीकरण ने एयर इंडिया को तबाह कर दिया था। उसे फिर से पटरी पर लाने के लिए टाटा मैनेजमेंट को कई स्तरों पर कई बरसों तक काम करते रहना होगा। अगर वह इस मोर्चे पर सफल रहा तो फिर उसके पास सारा आकाश होगा।

एयर इंडिया ने नए विमानों का आर्डर 'बोइंग' और 'एयरबस' कंपनियों को दिया है। एयर इंडिया ने वाइड और नैरो बॉडी दोनों ही तरह के विमानों का आर्डर दिया है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में विमानों का आर्डर देने का यह एक विश्व रिकॉर्ड है जो पहले अमेरिकी एयरलाइंस के नाम था जिसने 2011 में 460 विमानों का आर्डर एक साथ दिया था।

देखिए एयर इंडिया ने बहुत सोच-विचार करने के बाद ही इतने विमान लेने का फैसला किया है। फिलहाल एयर इंडिया के बेड़े में कुल 230 विमान हैं। वह इतने कम विमानों से बहुत लंबी दूरी तक नहीं जा सकती। एयर इंडिया को फिलहाल इंडिगो के अलावा स्पाईसजेट, गो फर्स्ट और अकासा के द्वारा भी चुनौती मिल रही है तो इंटरनेशनल रूट्स में सिंगापुर एयर लाइन्स एमिरेट्स और कतर एयरलाइंस से भी चुनौती मिल रही है। दरअसल कतर एयरवेज, सिंगापुर एयरलाइंस, एमिरेट्स, जापान एयरलाइंस, एयर फ्रांस आदि के सामने हमारी कोई भी एयरलाइंस खड़ी भी नहीं होती। आखिर इन्होंने अपने को विश्व स्तरीय बनाने के संबंध में क्यों नहीं सोचा? इस सवाल पर एविएशन सेक्टर के सभी जानकारों को सोचना होगा। सच तो यह है कि हमारी एयरलाइंसों में यात्रा करने वालों को अभी भी कोई बहुत सुखद अनुभव नहीं होता। कभी विमान में कायदे का भोजन नहीं मिलता तो कभी विमान की सीट पर लगा टीवी काम नहीं कर रहा होता है।


देखिए भारत में एक से बढ़कर एक एयरपोर्ट हैं और नए बनते भी जा रहे हैं। अगले साल तक ग्रेटर नोएडा में स्थित जेवर एयरपोर्ट भी बन जाएगा। जेवर एयरपोर्ट में लगभग 30 हजार करोड़ रुपये की लागत से 5845 हेक्टेयर जमीन पर बन रहा एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण के बनने के बाद से ही सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की आवाजाही होने की संभावना है। जेवर एयरपोर्ट के संचालित होने के बाद राजधानी के आईजीआई एयरपोर्ट पर दबाव कम होना चाहिये। आईजीआई एयरपोर्ट दुनिया का दूसरा सबसे व्यस्ततम एयरपोर्ट बन गया है। अब मात्र अमेरिका का अटलांटा एयरपोर्ट ही भारत के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से आगे है। चूंकि हवाई अड्डों पर मुसाफिरों की भीड़ बढ़ती ही जा रही है, इसे देखते हुए सरकार नवी मुंबई, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर), मोपा(गोवा) पुरंदर (पुणे), भोगापुरम (विशाखापट्टनम), धोलेरा (अहमदबाद) और हीरासर (राजकोट) में भी नए हवाई अड्डों को मंजूरी दे चुकी है। सरकार आगामी 5 वर्षों के दौरान दिल्ली, बैंगलुरू और हैदराबाद हवाई अड्डों की क्षमता को बढ़ाने के लिए 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है।

तो बात यह है कि सरकार देश के तमाम एयरपोर्टों को आधुनिक बना रही है और कई नए एयरपोर्ट भी बन रहे हैं। पर जिस रफ्तार से सरकार एविएशन सेक्टर को गति देने के संबंध में गंभीर है, क्या उसी तरह से भारतीय एयरलाइंस भी अपने को आकाश में लेकर जाना चाहती हैं ? एयर इंडिया के हालिया फैसले से तो बिल्कुल ऐसा ही लगता है। एयर इंडिया में विगत 15-16 सालों से नए विमान नहीं खरीदे गए थे। इससे साफ है कि एयर इंडिया पर जब तक सरकारी बाबू बैठे थे तब तक वहां पर कुछ ठोस काम हो ही नहीं रहा था। पिछली सरकारों ने भी एयर इंडिया को बर्बाद होने से नहीं बचाया। इस बीच, भारतीय एयरलाइँसों के पास कमाने के लिए तो भारत में भी कोई कमी नहीं है। उन्हें भारत के भीतर भी खूब यात्री मिलते हैं। पर उनका लक्ष्य दुनिया की श्रेष्ठ एयरलाइंस बनने का ही होना चाहिए। जब भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से छलांगे लगा रही है तो फिर हमारी एयरलाइंस अपने हिस्से को आकाश को क्यों नहीं छू लेतीं।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# नयी कहानी कहती यूपी इन्वेस्टर्स समिट

## प्रसंगवश



**विमलशंकर सिंह**

विश्व की अर्थव्यवस्थाएं अब कोंसने और रोने की जगह कोशिशें करतीं दिखाई देतीं हैं । कोसना था संसाधनों की कमी का, प्रशिक्षित श्रम शक्ति, उच्च तकनीक, ज्ञान-विज्ञानं के अभाव का। पूर्व के शासकों और शासन व्यवस्था के रीतिओं-नीतिओं की असफलता का रोना तो था ही । लेकिन विकसित होती जातीं अर्थव्यवस्थाएं और देश अब, भूमि, श्रम, पूंजी, तकनीक एवं संगठनों में निवेश के माध्यम से विकास की उस रणनीति पर चलती दिखाई देतीं हैं जिसमें कम समय में ही विकास की बुलन्दियो को पाया जा सके । वस्तुतः विकास की यथा स्थिति की मनोदशा से बाहर निकल कर, एक ऐसे परिवर्तन की तरफ अब हम सब बढ़ चले हैं जिसमें लम्बे काल का पिछड़ापन, कुछ ही वर्षों में समाप्त किया जा सके । यह स्थिति तो वैसी ही है जैसे दूर गगन को हम टेलिस्कोप से अत्यंत पास कर लेते हैं । भारत भी अब उसी मुंहाने पर खड़ा है जहां रास्ता केवल अर्थव्यवस्था के विकास पर ही बंद होता है । 21वी शताब्दी में देश और देश के भाग्य विधाताओं में एक बड़ा परिवर्तन उनकी सोच, दृष्टिकोण में हुआ है कि हमें, तकदीर और तस्वीर बदल देनी हैं देश की, प्रदेश की; जिसमें गुरबत और गरीबी, बेरोजगारी और असमानता कल की बात होकर रह जाएगी । यद्यपि, रास्ता पूंजीवाद का ही हो, कोई फर्क नहीं पड़ता । वर्तमान यूपी सरकार की सोच इसी फलसफे की अनुगामिनी दिखाई पड़ती है जो और कुछ नहीं नव उदारवादी आर्थिक विकास का मॉडल भर ही है ।इसी 10 से 12 फरवरी, 2023 में संपन्न हुए यूपी इन्वेस्टर्स समिट में यूपी की अर्थव्यवस्था को बदल देने के संकल्प के साथ जुटे थे सरकार के नुमाइंदे और निवेश की अग्नि प्रज्वलित करने, पूंजीपति । वस्तुतः, अर्थव्यवस्था की नाव की पतवार योगी सरकार नें पूंजीपतियों के हाथ दे दी है, प्रतीत होता है।अर्थव्यवस्था की डोली में एक तरफ सरकार और दूसरी तरफ निवेशपति बैठे हैं । दोनों के ही हसीन सपनें हैं । अर्थव्यवस्था की डोली में गलबहियां किये सवार, अर्थव्यवस्था के लिए क्या परिणाम दे पाएंगे, यह तो समय ही बताएगा । यह तो इस बात पर निर्भर करेगी कि अर्थव्यवस्था का पाट कितना विस्तृत है और समस्याएं कितनी जटिल और गहरी हैं ।

यूपी की जनसँख्या है लगभग 25 करोड़ की, जोकि श्रम, उत्पादन और उपभोग का आधार बनती है स्वप्नद्रष्टाओं के लिए । यही नहीं, विकास का सपना देखा भी गया है उन्ही के लिए जोकि बहुत कुछ आज भी गुरबत की जिंदगी जीने के लिए अभिशप्त हैं।अब विकास की कहानी भी देखें । योगी शासन में विकास दर सन 2017-18, सन 2018-19, सन 2019-20 और सन 2020-21 में क्रमशः4.57, 6.26, 3.81 एवम -4.2 प्रतिशत थी। सन 2021-22 में यह 7.3 प्रतिशत रही ।यह वृद्धि इसलिए है कि पिछले वर्ष में वृद्धि ऋणात्मक थी ।सन 2022-23 में यूपी की जीएसडीपी अर्थव्यवस्था का आकार $ 21.74 ट्रिलियन डॉलर का अनुमानित है। जीएसडीपी में कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र का भाग सन 2021-22 में क्रमसः 26 प्रतिशत, 25 प्रतिशत और 49 प्रतिशत रहा ।.तो कृषि में अधिक लोगों के काम पर लगे रहने के बावजूद भी खेती का योगदान अर्थव्यवस्था में कम है । तो क्या यह स्थिति कृषि क्षेत्र के पिछड़ेपन को नहीं बताती है और क्या गांव-गिराव के लोग गरीब न होंगे ? देश की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होते हुए भी बहु आयामी गरीबी के सन्दर्भ में नीति आयोग के अनुसार,देश के तीन सबसे गरीब राज्यों में यूपी (37.79 प्रतिशत गरीब जनसँख्या के साथ) भी शामिल है । प्रति व्यक्ति आय भी न्यूनतम है । सन 2019-20 में यूपी की प्रति व्यक्ति आय रु.41023 मात्र थी, जबकि प्रति व्यक्ति आय का राष्ट्रीय औसत उस वर्ष रु.86659 रहा था ।तो यूपी की प्रति व्यक्ति आय, राष्ट्रीय औसत से आधे से कम रही । इसी तरह, सन 2018-19 और दिसम्बर सन 2021 में उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी दर क्रमसः 5.7 और 4.9 प्रतिशत थी । सीएमआईई का 13 फरवरी, 2023 का आंकड़ा बताता है कि यूपी में बेरोजगारी की दर अब 4.2 प्रतिशत है ।तो क्या यह दर अभी कम है ? बेरोजगारों की फौज तो यूपी में फिर भी है ही । आज भी सरकार द्वारा दिए जाने वाले सस्ते अनाज पर ही जिंदा (मार्च 2022 में उत्तर प्रदेश की 14.9 करोड़ जनसँख्या) है एक बड़ी आबादी । यह कुल जनसँख्या का लगभग 60 प्रतिशत है ।तो गरीबी और किसको कहते हैं ? तो क्या किसी परिभाषा की ही मोहताज है गुरबत ? क्या जिनके प्राण अटके हैं वर्षों से सरकारी अन्न के दान पर, 75 वर्षों के आजाद हिन्दोस्तान में, वह गरीबी नहीं है तो क्या है? क्या यह बेरोजगारी का दुष्परिणाम नहीं है ? स्पष्ट है कि गरीबी आजाद और अमीरी, बेखौफ घूम रही है आज भी, आजाद हिन्दोस्तान में । जन्म दर, मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर सभी तो प्रभावित होते हैं हमारी विकास यात्रा से, जो कि अभी भी रुकी सी प्रतीत होती है । प्रति व्यक्ति उपभोग या बचत दर क्या कम नहीं है ? सभी के आंकड़े तो यही बताते हैं। तो गरीबी हो, बेरोजगारी हो, असमानता हो, सभी में मीलों आगे हैं औरों से हम सब । तो क्या किसी योगी पुरुष का दिल नहीं पसीजेगा हमारी इस दुर्दशा पर ? और यदि सरकार का संचालक भी कोई भोगी नहीं, योगी ही हों तो क्या वह इस निराशा को आशा में बदलने का प्रयास नहीं करेंगे? निश्चय ही ऐसा होगा । सोच और दृष्टिकोण दोनों ही बदले हैं । बदलना भी होगा । वोट का दान, विश्वास की पहचान ही नहीं आस्था का प्रसाद भी होता है । वोट लेना ही नहीं, कर्तव्य का भान होना भी कर्तव्य है, ऐसा योगी पुरुष ही बताते हैं । तो योगी जी अपने लिए रास्तें क्या पाते हैं विकास के लिए ? वे यूपी की धरा पर, भगवान कुबेर के पृथ्वी स्वरूपों की शरण में जाने के लिए उतावले हो रहे हैं क्योंकि निवेश की गंगा वही बहा सकते हैं । विगत वर्षों में पूंजीगत निवेश का ही तो अभाव रहा है यूपी में ।यह आभाव दूर होगा पूँजीपतिओं के सहयोग से । लेकिन पूँजीपति क्योंकर उद्योग, उत्तर प्रदेश में ही लगावेंगे ?

तो योगी सरकार खुद ही बताती है कि यूपी में का बा । क्षेत्रफल के आधार पर यह भारत का चौथा सबसे बड़ा राज्य है ।25 करोड़ आबादी वाले इस राज्य में जनसँख्या का 56 प्रतिशत, कार्यशील जनसँख्या का है ।तो नौजवान जनसँख्या से जनांकिकीय लाभांश प्राप्त होने की पूरी संभावना है ।राज्य में 67 विश्वविद्यालय, 5842 कॉलेज, 3268 तकनीकी संस्थान (आईटीआई), 370 पॉलिटेक्निक्स हैं, तो साक्षरता दर पुरुषों में 81 प्रतिशत से ज्यादा तो होगी ही । यूपी में आईआईएम-लखनऊ, आईआईटी-कानपुर और बीएचयू,एमएनएनआईटी-अलाहाबाद हैं ।तो ज्ञान-विज्ञानं के क्षेत्र में हम भारत में ही नहीं, विश्व स्तर के भी हैं।साथ में हैं यूपी स्किल ट्रेनिंग सेंटर्स, जो कौशल विकास करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं । तो ज्ञानवान और प्रशिक्षित श्रम शक्ति की आपूर्ति होने में बाधा न होगी ।योगी सरकार बताती है कि राज्य में विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना का ढांचा भी खड़ा किया गया है । नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे का जाल जैसा बन चुका है जिसके आधार पर तीव्र विकास का वायदा है ।पूर्वांचल, यमुना, गंगा और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इसके उदाहरण हैं ।

यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे अनेक आर्थिक गतिविधिओं से सम्बंधित पार्क विकसित किये गए हैं जिससे कि निवेश को आकर्षित किया जा सके । आसानी से उद्योग लगाने के लिए जमीन भी मिलेगी । तो विकास के बड़े लक्ष्य को क्या इनसे सहारा नहीं मिलेगा ? अनेक घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं। जेवर में बनने वाला एयरपोर्ट, बताते हैं कि एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। तो क्या सम्पूर्ण विश्व से हम जुड़ नहीं गए हैं? फिर यूपी की विशाल मानव संसाधन भी है जो कि मांग का आधार बनती है और श्रम साधन की उपलब्धता सुनिश्चित करती है।तो बाजार आधारित अर्थव्यवस्था को यही तो चाहिए ? साथ ही एक बड़ा मध्यम वर्ग भी तो है । विकास के कारक यहीं समाप्त नहीं होते । यूपी ने व्यापार सुगमता के पैमानें (ईस ऑफ डूइंग बिजनेस) में एक लम्बी छलांग भी लगाई है । निवेश को आकर्षित करने में इसकी बड़ी भूमिका होती है । तो सरकार जानती है कि कदम बढ़ाने के पूर्व समुद्र मंथन जैसा ही मंथन भी करना होगा । किया भी है उसने और परिणाम भी चमत्कारी हैं ।

सरकार की आशा को पूँजीपतिओं का सहारा मिला है ।निवेश के कोई रु. 33.50 लाख करोड़ के प्रस्ताव (लक्ष्य 10 लाख करोड़ था) आये हैं । तो तीन गुने से ज्यादा निवेश की संभावना है । तो सरकार गदगद तो होगी ही ।क्या आप नहीं होंगे की रोजी-रोजगार बढ़ेगा? योगी जी इस बात से खुश हैं कि सभी औद्योगिक क्षेत्रों के लिए निवेश प्रस्ताव मिले हैं । नेतृत्व कर्ता से यही अपेक्षित भी है । पश्चिमी उत्तर प्रदेश नें सर्वाधिक निवेश (45%)आकर्षित किया है । पिछड़े माने जानें वाले पूर्वांचल नें सबको चकित करते हुए इस दौड़ में दूसरा स्थान (29%) प्राप्त किया । पूर्वांचल को रु. 954492 करोड़ तथा बुंदेलखंड को रु. 427873 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं ।तो क्या ये क्षेत्र अब खुश न होंगे? पिछड़े पूर्वांचल की कहानी स्वर्गीय गहमरी से सुनकर पंडित नेहरू की आँखे क्या भर नहीं आईं थी ? क्या हम भूल गए ? तो अब पूर्वांचल के साथ औरों के दिन भी बहुरेंगे ।लेकिन सर्वाधिक खुशी तो गौतम बुद्धनगर के लिए होगी क्योंकि एक चौथाई से ज्यादा (27.16%) निवेश प्रस्ताव उसी को प्राप्त हुए हैं ।गौतम बुद्धनगर के साथ आगरा, लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, झाँसी, गाजियाबाद, सोनभद्र, शाहजहांपुर और मिजार्पुर को कुल निवेश प्रस्तावों का 67 प्रतिशत से ज्यादा प्राप्त हुआ है, साथ ही रोजगार (लगभग 60 लाख ) के अवसर भी । तो कुल निवेश प्रस्तावों का मात्र 33 प्रतिशत, 65 जिलों के लिए प्रस्तावित है ।अब यह भविष्य के लिए शोध का विषय होगा कि ऐसा क्यों हुआ ? अभी से असमानता ? कारण संभवतः है कि नव उदारवाद, बाजार और अवसर देखता है, हैवीवेट (प्रभावी व्यक्ति) को नहीं। नहीं तो वाराणसी को केवल 4.75 प्रतिशत निवेश प्रस्ताव से ही संतोष क्यों करना पड़ता ? शीर्ष 10 क्षेत्र जिनमें सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव आये हैं उनमें नवीकरणीय ऊर्जा सबसे उभरता हुआ क्षेत्र (रु.3.58 लाख करोड़,12.41 प्रतिशत ) दिखाई देता है ।इलेक्ट्रिकल मैन्युफैक्चरिंग भी कुछ इतनी ही राशि से दूसरे स्थान पर काबिज है। इंडस्ट्रियल पार्क्स (11.35 %), उच्च शिक्षा (रु. 2.57 लाख करोड़, 9%), मैन्युफैक्चरिंग (रु.1.97 लाख करोड़, 6.85%), लोजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग ( रु.1.59 लाख करोड़ ) क्षेत्रों ने भी रियल इस्टेट, आई टी, पर्यटन के साथ उद्योगपतिओं का ध्यान आकर्षित किया है । तो कौन से उद्योगपति या कम्पनियां थीं जिनको रिझानें में हम सब सफल हुए ? टाटा, बिड़ला, रिलायंस, हिंदुजा तो थीं ही और भी देशी-विदेशी कम्पनियां थीं निवेशों के स्वयम्बर में। तो हम सब एक नए युग में प्रवेश कर गए हैं जहां जोश है, उत्साह है सरकार और उसके सभी तंत्र में ।कम्पनियां और निवेशकर्त्ता तो हैं ही खुश । यूपी सरकार ने तो एक तरह से भारत सरकार को भी चुनौती दे दी लगती है अपनी समिट की सफलता से । यूपी सरकार के रोड शो के परिणाम नें लोगों को दावोस में प्रतिवर्ष जाने वाले प्रतिनिधिओं की सफलता से तुलना करने का एक अवसर दे दिया है । लेकिन योगी सरकार की सफलता का भी विश्लेषण अर्थशास्त्री करेंगे ।तेज विकास और घोर असमानता का विश्लेषण होगा ।विश्लेषण होगा कि छोटे उद्योग अब क्या करेंगे ? बेदम होते लघु उद्योग क्या प्रतियोगिता से दम नहीं तोड़ देंगे ? निवेश की गंगा में क्या उद्योगपति ही स्नान कर पाएंगे की आम जनता भी? क्योंकि पूंजी के साथ क्या पूंजी प्रधान तकनीक नहीं आएगी, उसका दबाव नहीं बनेगा ? तो यह प्रयास निवेश की एक अंधी दौड़ तो साबित नहीं होगी जिसमें हमारी संस्कृति भी प्रभावित हो जाएगी, संभावना है ।लेकिन आइये इस समय हम स्वागत करें इस पहल का, जिसनें यथा स्थिति को तोड़ा है ।

**(लेखक डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, वाराणसी के अर्थशास्त्र विभाग में पूर्व प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष रहे हैं, संपर्क: 9450545510)**

# क्या उत्तर प्रदेश बदलेगा देश का भाग्य

## सामयिकी



**निरंकार सिंह**

उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। विश्व के सबसे बड़े पांचवें देश से भी ज्यादा इसकी आबादी है। इसलिए उत्तर प्रदेश के विकास के बिना देश का भाग्य नहीं बदल सकता है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी इस प्रदेश को देश के विकास का ग्रोथ इंजन बनाने का प्रयास करें हैं। उत्तर प्रदेश प्राकृतिक और मानवीय संसाधनों के मामले में कोई पिछड़ा प्रदेश नहीं है। धर्म-दर्शन, कला और उद्योग के मामले में यह सदियों तक विश्व के मानचित्र पर चमकता रहा है। देश की आजादी के कुछ वर्षों के बाद से ही इसकी गिनती सबसे पिछड़े और अराजक क्षेत्रों में होने लगी थी। खराब कानून व्यवस्था, रंगदारी की वसूली, दंगे फसाद के साथ साथ अनियमित बिजली सप्लाई और खराब सड़कों के कारण कोई भी कारोबारी यहां उद्योग धंधा लगाने से कतराता था। प्रदेश में चल रहे दर्जनों उद्योग धंधे बंद हो गए। कई सरकारें आयी और गयीं पर यूपी की दशा नहीं सुधरी। लेकिन उत्तर प्रदेश के सत्ता की बागडोर योगी आदित्यनाथ के संभालने के बाद से ही पिछले पांच छह वर्षों में उत्तर प्रदेश की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। लूटपाट और रंगदारी वसूलने वाले बड़े-बड़े माफिया गिरोहों के सरगना आज जेल की सलाखों के पीछे हैं। प्रदेश में अमन चैन के साथ आप कहीं भी अपना उद्योग धंधा चला सकते हैं। आज कनेक्टिविटी और सड़क परिवहन एवं बिजली की समस्या नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में देश के आर्थिक मानचित्र पर तेजी से उभरते उत्तर प्रदेश की निखरती हुई ऐसी तस्वीर पेश की जिसे देश-दुनिया के निवेशक उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत अगर दुनिया के लिए ब्राइट स्पॉट है तो देश के विकास को गति देने में उत्तर प्रदेश अहम नेतृत्व दे रहा है। यह भी बताना नहीं भूले कि दुनिया के बड़े-बड़े देशों से ज्यादा सामर्थ्य अकेले 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में है। रिलायंस समूह के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा है कि अगले 4 वर्षों में यूपी में वह 75 हजार करोड रुपये का निवेश करेंगे। पिछले 4 साल में वह यहां 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में निवेश फ्रेंडली माहौल के बाद में हम यूपी अपनी सभी कंपनियों में भारी विस्तार कर रहे हैं। ज्यूरिख एयरपोर्ट एशिया के सीईओ डेनियल बर्चर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों को लेकर विदेशी निवेशक उत्साहित और यह तो बस शुरूआत है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर भारत का प्रवेश द्वार होगा।

देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक घरानों में से एक आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन डा. कुमार मंगलम बिड़ला ने यूपीजीआइएस-23 उद्घाटन के मौके पर यूपी के साथ समूह के पुराने संबंधों का जिक्र करते हुए 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की। बिड़ला समूह यूपी में सीमेंट, फैशन रिटेल, केमिकल, फाइनेंस सर्विस और कार्बन ब्लैक के क्षेत्र में 25 यह निवेश करेगा। डिक्शन मोबाइल फोन के चेयरमैन सुनील बचानी ने बताया कि आज देश में बिकने वाले 65 प्रतिशत मोबाइल फोन की मैन्युफैक्चरिंग यूपी में हो रही है। कुल खपत की करीब 40 फीसद एलईडी लाइट प्रोडक्ट यूपी में बन रहे हैं। यह सब मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की लीडरशिप में संभव हुआ है। इन्वेस्टर सम्मिट में यूपी को 32 लाख करोड़ रुपए के प्रस्ताव मिलना, 18643 एमओयू पर हस्ताक्षर होना यह अपने आप में बड़ी बात है।

उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के शुभारंभ के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के ह्यरिफॉर्म, परफॉर्म ट्रांसफार्मह्य के मंत्र को आत्मसात कर उत्तर प्रदेश ने जो प्रयास किए, उसी का परिणाम है कि आज इस निवेश के महाकुंभ के माध्यम से उत्तर प्रदेश को 32 लाख 92 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा, रियल एस्टेट, शिक्षा, पर्यटन, इलेक्ट्रॉनिक वाहन मैन्युफैक्चरिंग, हाउसिंग, फूड प्रोसेसिंग जैसे अनेक सेक्टरों में अब तक हुए 18645 एमओयू के जरिये होने जा रहा यह निवेश प्रदेश में 92 लाख 50 हजार से अधिक नौकरी व रोजगार के नए अवसर सृजित करने वाला होगा। इस तीन दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन में प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, राज्यपाल, अनेक केंद्रीय मंत्रीगणों, विश्व स्तर के नीति निर्धारकों, कॉरपोरेट जगत के शीर्ष नेतृत्व, व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों, एकेडेमिया, विचार मंच एवं प्रबुद्धजनों ने भाग लिया।

भारत के फूड बास्केट के रूप में जाना जाने वाला उत्तर प्रदेश खाद्यान्न, दूध, गन्ना समेत कई वस्तुओं के उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश सरकार ने आईटीआईटीईएस, डेटा सेंटर, ईएसडीएम, डिफेंस एवं एयरोस्पेस, इलेक्ट्रिक वाहन, वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, टेक्सटाइल, एमएसएमई, आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए लगभग 25 नीतियों को तैयार करके नीति संचालित शासन के माध्यम से औद्योगिक विकास के लिए एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में अनेक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। यमुना एक्सप्रेस-वे के निकट राज्य का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क का शुभारंभ किया गया है। इसी प्रकार यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में फिल्म सिटी, टॉय पार्क, अपैरल पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं। अन्य परियोजनाओं में ग्रेटर नोएडा में आईआईटी जीएनएल, बरेली में मेगा फूड पार्क, उन्नाव में ट्रांसगंगा सिटी, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क, गोरखपुर में गारमेंट पार्क तथा अनेक फ्लैटेड फैक्ट्री परिसरों को विकसित किया जा रहा है। बीमारू होने का दंश झेलने वाले बुंदेलखंड और पूर्वांचल जैसे क्षेत्रों में इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिये 9 लाख करोड़ से अधिक का निवेश आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से 9 लाख करोड़ से अधिक का निवेश पूर्वांचल में और 4 लाख 28 हजार करोड़ का निवेश बुंदेलखंड में होने जा रहा है। यह औद्योगिक निवेश इन क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाओं को आकार देने वाला होगा।

निवेशकों ने यूपी में होटल, वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक पार्क, अस्पताल और निर्माण यूनिट स्थापित करने के लिए एमओयू साइन किए है। निवेशकों की ओर से भूमि आवंटन का प्रस्ताव दिया गया है। प्राधिकरण ने निवेश प्रस्तावों का अध्ययन करने के बाद भूमि आवंटन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जीएसआई के लिए विदेशों के साथ देश के दूसरे प्रदेशों में आयोजित रोड शो और प्रदेश के विभिन्न जिलो में हुए निवेश सम्मेलन में ये निवेश प्रस्ताव मिले है। यह निवेश धरातल पर उतरने पर 9 लाख लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। यूपीसीडा को निवेश सम्मेलन के जरिये बरेली में 34,000, आगरा में 39,038, गाजियाबाद में 92,000, हापुड़ में 23000, प्रयागराज में 33703, कानपुर में 70,000 और अयोध्या में 17,000 करोड़ रुपये के निवेश एमओयू साइन हुए हैं।

कन्नौज में इत्र पार्क स्थापित करने के लिए यूपीसीडा ने तैयारी तेज की है। इत्र पार्क के लिए निवेशकों को भूमि आवंटित की जा रही है। इत्र पार्क में बनने वाले इत्र को बड़ी मात्रा में विदेशों में निर्यात किया जाएगा। वहीं उन्नाव में ट्रांसगंगा हाइटेक सिटी की योजना पर भी काम शुरू हो गया है। यूपीसीडा ने निवेशकों को यूनिट स्थापित करने के लिए प्रदेश में 15 हजार एकड़ से अधिक भूमि पर लैंडबैंक तैयार किया है। लैंड बैंक में करीब 2500 एकड़ भूमि और शामिल होगी। अमेरिका, हांगकोंग, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात से 90 हजार करोड़ रुपये निवेश के 12 एमओयू साइन हुए है। इससे 38 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रदेश सरकार की ओर से देश के दस राज्यों के प्रमुख शहरों में रोड शो आयोजित किए गए थे। रोड शो में 1.53 लाख करोड़ रुपये निवेश के लिए 90 एमओयू साइन हुए। इससे 3.73 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।


53 जिलों में आयोजित निवेश सम्मेलन में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू साइन हुए है। इससे 8.63 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

राजधानी लखनऊ की वृंदावन विहार योजना में 10 से 12 फरवरी तक देश-विदेश के निवेशकों का सम्मेलन आयोजित किया गया था। सरकार ने इसके लिए व्यापक तैयारी की थी। इस समिट से यूपी के विकास को नई ऊंचाई मिली है। समिट में सोच से ज्यादा बेहतर परिणाम सामने आए हैं। कुल निवेश 35 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का हो सकता है। यूपी की नीतियों को निवेशकों ने सराहा है। मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर, कृषि, लॉजिस्टिक, फार्मास्युटिकल्स, एजुकेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित कई सेक्टर में निवेश आया है। निवेश का योगी मॉडल निवेशकों को खींचने में सफल रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में 25 सेक्टरों में होने वाला निवेश प्रदेश के युवाओं को रोजगार के लिए अनंत संभावनाएं पैदा करेगा। इससे युवाओं को देश के अन्य स्थानों पर नौकरी या रोजगार के लिए नहीं जाना पड़ेगा।

पर सभी राज्य सरकारों को इस बात का एहसास होना चाहिए कि निवेशकों को आकर्षित करने के बाद की चुनौती उनके निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने की होती है। यह चुनौती तब आसान होती है जब नौकरशाही की कार्यशैली कारोबार हितैषी बनती है। लेकिन अभी नौकरशाही को और अधिक चुस्त और दुरुस्त बनाने की जरूरत है। वैश्वीकरण के इस युग में नौकरशाहों की भूमिका अवरोधक के बजाय उत्प्रेरक की हो गई है। लेकिन नौकरशाही अपना पुराना रवैया बदलने को तैयार नहीं है। उद्यमियों के कामकाज में आने वाली बाधाओं को दूर करना सरकार का दायित्व है ताकि विश्व बाजार में वे अपना उत्पाद आसानी से बिक्री करके देश की दौलत को बढ़ाने में योगदान दे सकें।

**(लेखक हिन्दी विश्वकोष के पूर्व सहायक संपादक हैं, संपर्क 09451910615)**

## मलयालम के अग्रणी कवि कुरीप्पुजा श्रीकुमार की कुछ छोटी कविताएं



1.
गोडसे को मिली/ नौकरी डाकघर में/ तो वह खुशी से फूला न समाया/
अब रोज रोज/ मिलेगा मौका पीटने का / गांधी को/ धातु की भारी मुहर से।

2.
हिन्दू कुल्हाड़ी/ बोली मुस्लिम कुल्हाड़ी से :/
खून जो हमने पिया आज/ उसका स्वाद एक जैसा ही था।

3.
गांधी पढ़ते थे गीता/ बगैर नागा हर रोज/ और रखते थे अपने पास हमेशा/
बिल्कुल यही करता था/ गोडसे भी।

**(मलयालम से अमृत लाल के अंग्रेजी अनुवाद पर आधारित' प्रस्तुति यादवेन्द्र)**

## व्यंग्य



# हमारी विकास यात्रा

**यशवंत गोरे**

भारत जोड़ो यात्रा के बाद देश भर के नेता अपनी अलग -अलग यात्राओं पर निकल पड़े है। कोई जन सुराज पद यात्रा पर कोई समाधान यात्रा पर , कोई हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के नाम से यात्राएं कर रहे है। एक पार्टी अपनी गली- मोहल्लों में विकास यात्राऐं निकाल रही है इन यात्राओं में वे सभी कार्यकर्त्ता शामिल हो रहे जिनका विकास पार्टी के सत्ता में आने के बाद हुआ है। जो कार्यकर्त्ता साइकिल पर पार्टी के कार्यालय आते थे वे अब मोटर साइकल पर आ रहे है। जो मोटर साइकल पर आ रहे थे वे अपनी चार पहिया वाहनों में आ रहे है। इन यात्राओं से हमें भी प्रेरणा मिली और हमने भी अपनी स्कूटर उठाई और निकल पड़े। असल में हमें एक ऐसी मीटिंग में जाना था , जहाँ एक धार्मिक ग्रन्थ पर टिप्पणी के विरोध में भावी कार्यक्रम की चर्चा के लिए बुलाई गई थी। स्कूटर स्टार्ट कर घर से बाहर निकले ही थे कि छह माह पहले गैस वितरण कंपनी ने अपनी लाइन बिछाने के लिए खोदे गड्ढे में गिरते -गिरते बचे। थोड़ा आगे बढ़े थे कि सड़क पर पानी बहते हुवे दिखा। बिन बारिश सड़क पर बहते पानी देख कर अचरज हुआ। पता करने पर मालूम हुआ कि पिछले दो दिन से पानी सप्लाई की लाइन फूटी हुई है। चौराहे पर पंहुचे तो जाम मिला , ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से लोग अपने अपने वाहन अपनी मर्जी से जहाँ जगह मिली वहाँ डाल रहा था। आधे घंटे की मशक्कत के बाद चौराहा पार किया तो थोड़ी दुरी पर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक की विकास यात्रा निकल रही थी। सारा ट्रैफिक रोक दिया गया था। यात्रा के गुजर जाने के बाद आगे बढे थे कि हमारे आगे नगर निगम का एक वाहन धुआँ छोड़ते हुए जा रहा था , धुए से दम घुटने लगा। हमने अपनी जेब से मास्क निकाला, पहना और आगे बढ़ गए। सामने दो-तीन पुलिस वाले बिना हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने वालों का चालान करते हुवे दिखे। हमने हेलमेट पहन रखा था , इसलिए बच गए। हमारे स्कूटर ने थोड़ी स्पीड पकड़ी ही थी कि थोड़ी दूरी पर नगर सेवक की बस खड़ी थी। अफरा-तफरी मची हुई थी। किसी यात्री की कोई जेबकतरा, जेब काट कर भाग गया था। पास की पेट्रोल पंप नजर आया। पेट्रोल डलवाने के इरादे से गाड़ी पेट्रोल पम्प की ओर मोड़ दी। पिछले सप्ताह के मुकाबले पेट्रोल की कीमत 5 रुपए लीटर बढ़ चुकी थी। गाड़ी स्टार्ट कर आगे बढ़े थे कि , जेब में रखे मोबाईल की घंटी बज उठी , स्कूटर एक तरफ खड़ी कर फोन उठाया , घर से फोन था ' घर की बिजली आधे घंटे ज्यादा हो गए बंद पड़ी है , शिकायत करते हुवे आना '. हमें वहां खड़ा देखकर एक हट्टा कट्टा युवक , जो कुर्ता -पाजामा और जैकेट पहने , गले में गमछा डाले चरण छू कर पूछने लगा ' मुझे पहचाना अंकल जी ? मैं उसे पहचान नहीं पा रहा था। उसने याद दिलाया ' अंकल मैं छोटू आपके पुराने मोहल्ले का पड़ोसी। मैंने एक बार आपकी गाड़ी पंक्चर कर दी थी और आपने मेरे पिताजी से शिकायत कर पिटाई करवा दी थी।

मैंने पूछा यहाँ कैसे ? क्या कर रहे हो आजकल ? वो बोला अंकल में अपनी पार्टी का मंडल अध्यक्ष हूँ। हमारे पार्षद की आज विकास यात्रा निकल रही है , उसी की तैयारी में लगा हूँ। मेरे लायक कोई काम हो तो बताइए और तुरंत उसने अपना व्हाट्सअप नंबर मुझे दिया। हम जिस मीटिंग में जा रहे थे वो तो खतम हो चुकी थी। वापस लौट रहे थे अँधेरा हो चूका था। कॉलोनी की स्ट्रीट लाइट बंद थी। घर आ कर सोफे पर फैलकर बैठे और रिमोट उठा कर टीवी चालू किया तो न्यूज चैनल पर नगर में चल रही विकास यात्राओं की सफलता की खबरें चल रही थी।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9425492928)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# बाइक के धक्के से घायल की इलाज के दौरान मौत

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बसुहरा गाँव निवासी 20 वर्षीय युवक सड़क पर मंगलवार को पैदल जा रहा था कि पल्सर वाइक ने जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया। परिजनों ने घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के बाद सदर अस्पताल ले कर गये जहाँ उसकी इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गयी। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई भगवान प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात वाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दी गयी तहरीर में कहा है कि बसुहरा गाँव निवासी मृतक बीस वर्षीय परमेशू पुत्र धनीलाल मृतक तीन वर्ष से डंफर चला कर जीविकोपार्जन करता था। पिता के नाम से तीन बीघा जमीन है। चार भाईयों में सबसे छोटा था। बारह फरवरी को कछवां में सामूहिक विवाह धोबहा उसरी हुआ था। उसके दूसरे दिन ही घटना घटी थी जिसमें हलिया लालगंज रोड पर मंगलवार को पैदल जा रहे थे कि अज्ञात पल्सर वाइक से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए तेज गति से वाइक से टक्कर मारते हुए फरार हो गया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद शव को पीएम के लिये भेज दिया है।


मृतक की फाइल फोटो

### तेज रफ्तार बाइक सवार ने मां और मासूम बच्ची को मारी टक्कर

**बच्ची की मौत के बाद परिजनों में मचा कोहराम**

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी शेरवा स्थित भाईपुर गांव के पास रविवार को तेज रफ्तार बाइक सवार ने मां और मासूम बच्ची को टक्कर मार दिया जिससे सात वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे परिजनों ने आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाइपुर ले गए जिसे चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान शाम को मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंधी उम्र 7 वर्ष पुत्री राजू जयसवाल निवासी भभौरा अपने ननीहाल माता रेखा देवी के साथ लगभग एक सप्ताह पहले गृहप्रवेश में शामिल होने के लिए गई हुई थी कि वापस रविवार को अपने घर भभौरा जा रही थी कि अचानक भाइपुर गांव के पास अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर पार दी। जिससे सिंधी जयसवाल गंभीर रूप से चोटिल हो गई। जहां रविवार की शाम ट्रामा सेंटर वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। माता रेखा जयसवाल भी आंशीक रुप से चोटिल हो गई जिनका रो रो कर हाल बेहाल है। मृतका प्राथमिक विद्यालय भभौरा की छात्रा है जो तीन बहनों में सबसे छोटी थी। मृतका के पिता राजू जायसवाल परचून की दुकान से परिजनों का भरण पोषण करते हैं। दादा जयशंकर जयसवाल का रोकर हालत बेहाल हो गये।

### पेड़ की डाल गिरने से युवक की मौत

**जिगना।** बीती रात विंध्याचल थाने के अंतर्गत ग्राम दुगरहा में आलम सिंह के घर के सामने नीम का पेड़ था। उनके द्वारा नीम के पेड़ की डाली को कटवाया जा रहा था। उसी दौरान गौरी शंकर पुत्र अमेरिका उम्र लगभग 40 वर्ष डाल को गिरने के समय उसकी चपेट में आ गया। जिसके कारण उसको गंभीर चोटें आई। दो और लोगों को मामूली चोटें आई। परिजनों ने उसे आनन-फानन में हॉस्पिटल ले जाने लगे। चोट गंभीर होने के कारण वह रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक को चार बच्चे थे। जिसमें 3 लड़कियां और एक लड़का था। घर की माली हालत बहुत दयनीय है। इस हृदय विदारक घटना पर घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस पंचनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया। जिसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।


### संदिग्ध परिस्थिति में लाइन पर मिला रेलवे कर्मचारी का शव

**जिगना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रन्नोपटी गांव निवासी रेलवेकर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे लाइन पर शव बरामद होने की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव निवासी भीम प्रताप 32 पुत्र बुद्धिराम बिंद मीरजापुर रेलवे स्टेशन पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर पर तैनात था। कटरा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ओवरब्रिज से पांच सौ मीटर पश्चिम रेलवे लाइन पर रविवार की सुबह उसका शव बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्यों और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई आम चर्चा का विषय बना हुआ है। मृतक तीन भाइयों में छोटा था। तीन बेटियों शांति 15 सिमरन 14 परी पांच वर्ष तथा हरिहर 12 का पिता था। सात वर्ष पहले पिता के बीआरएस लेने पर उसे ड्युटी मिली थी। फिलहाल बीते तीन माह से वह निलंबित चल रहा था। पड़ोसियों ने दबी जुबान में बताया कि बीते कुछ दिनों से पति-पत्नी के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा था।

# स्टेशन पर मिला लावारिस बैग

## वाराणसी से आई टीम, पुलिस ने खंगाला सीसीटीवी फुटेज


स्टेशन पर जांच करने पहुंचे सीओ


बैग से बरामद शराब

**मीरजापुर।** बिहार में शराब बंदी के बाद से ही जिला शराब तस्करों के लिए मंडी बन गया है। प्रदेश में शराब बिक्री में दूसरा स्थान लाने में तस्करों का अहम भूमिका रहा। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर रविवार की सुबह लावारिश हालत में लाल रंग का ट्राली बैग मिलने से सनसनी फैल गई।

मौके पर जीआरपी, आरपीएफ, कटरा कोतवाली पुलिस जुट गई। बैग पर मक्खियों के लगने से शव के साथ ही बम की आशंका जताई गई। लिहाजा जिला प्रशासन ने अधिकारियों को अवगत कराया।

**जांच**

**बम डिस्पोजल दस्ते की जांच में निकली शराब**

वाराणसी से बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। इस दौरान प्लेट फार्म एक के पूर्वी छोर को सुरक्षा के लिहाज से सील कर दिया गया था। घंटों हलकान रही पुलिस के अधिकारी मौके पर भारी बल के साथ डटे रहे। बम निरोधक दस्ते ने जब बैग की तलाशी ली। बैग खोलने पर माथे पर पड़ी सिकुड़न गायब होकर मुस्कान थिरक पड़ी। हुआ यह कि जब बैग खोला गया तो उसमें कोई संदिग्ध सामान नहीं बल्कि भारी मात्रा में शराब निकली। बताया जाता है कि स्थानीय रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन बिहार के लिए ट्रेन से शराब की तस्करी की जाती हैं। रविवार की सुबह पुलिस को देख युवक बैग छोड़कर निकल गया। ट्राली बैग को लेकर जिला से लेकर वाराणसी तक की पुलिस के परेशान होने पर बैग में तस्करी करके ले जाया जा रहा शराब मिला। रेलवे स्टेशन के बाहर ही शराब की दुकानें तस्करों के लिए मंडी साबित हो रही हैं। एक ग्राहक को ही भारी मात्रा में शराब बेंचना जांच का विषय है।

# मोबाइल लूटने वाले दो चोर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना विन्ध्याचल मीरजापुर पर वादी अजय गोस्वामी निवासी सरकारी रोडवेज के पास थाना विन्ध्याचल मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि 09 फरवरी को परिवार सहित शादी समारोह से लौटते समय अपाचे मोटरसाइकिल सवार 02 अज्ञात बदमाश मोबाइल लूट कर भाग गये। उक्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मुकदमों पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त लूट की घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए घटना का यथाशीघ्र अनावरण करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु क्षेत्राधिकारी नगर-परमानन्द कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गयी थी। रविवार को थाना विन्ध्याचल की गठित पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में सीसीटीवी फुटेज, भौतिक व इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से घटना से सम्बन्धित दो आरोपियों अशोक बिन्द पुत्र दशरथ बिन्द निवासी शिवराज(गौरा) थाना जिगना मीरजापुर व बालअपचारी को बिना नम्बर की अपाचे मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया। जिनके कब्जे से लूट की मोबाइल बरामद की गयी। थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए किशोर न्याय बोर्ड व जेल भेजा गया तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल का वैध कागजात न प्रस्तुत करने पर एमवी एक्ट में चालान किया गया।

### ट्रैक्टर का पहिया खोल ले गए चोर

**अदलहाट।** स्थानीय थाना अंतर्गत चौकी क्षेत्र के कोलउन्द गांव से बीती रात शनिवार रविवार की रात खड़ी न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर की पहिया को खोल ले जाने में सफल रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार पुत्र शोभा नाथ निवासी कोलउन्द अपनी न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर गांव के ही किसी दूसरे के मकान के सामने खड़ा किया था। दूसरे दिन सुबह जब वहां गया तो देखा ट्रैक्टर के दोनों पिछली पहिया खोल कर चोरी चली गई थी। पुलिस ने रविवार को वादी की तहरीर पर चोरी का मुकदमा कायम कर मामले को छान बिन कर रही है।

## अनियंत्रित बाइक सवार ने सड़क पर जा रहे युवक को मारी टक्कर

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित गड़बड़ा पुल पर रविवार को शाम पांच बजे के करीब हुए सड़क दुघर्टना में तीन लोग जख्मी हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मझिगवां गांव निवासी बाइस वर्षीय सतवंत मौर्या सड़क पर जा रहा था कि ड्रमंडगंज की तरफ से एक बाइक से हलिया थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव निवासी बाइस वर्षीय राम ललित व बाइक पर पीछे बैठे लालगंज थाना क्षेत्र कोटाघाट निवासी तेईस वर्षीय सुनील मुसहर सड़क पर जा रहे युवक को टक्कर मारते हुए सड़क पर गिर पड़े और चोटिल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जहां मझिगवां गांव निवासी युवक सतवंत मौर्या को गंभीर चोट देखते हुए चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

# विकास कार्य में फिसड्डी : फिर भी जिम्मेदारों की थपथपाई जा रही पीठ

**हलिया।** जनपद के सबसे बड़े और पिछड़े हलिया ब्लॉक में विकास कार्यों की गति काफी खराब होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा जिसे लेकर विकास खंड के ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रधानमंत्री आवास से लेकर शौचालयों तथा अन्य विकास कार्यों की उच्चस्तरीय अधिकारियों द्वारा पड़ताल की जाए तो मौके का नजारा देख पांवों तले जमीन खिसक जाएगी। पूरे जनपद में हलिया विकास खंड के विकास कार्यों को देखा जाए तो सबसे फिसड्डी है। इसके बाद भी सीडीओ, डीडीओ और डीपीआरओ द्वारा हलिया बीडीओ तथा एडीओ पंचायत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है जो विचारणीय प्रश्न है। जिसे लेकर विकास खंड के नागरिकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। हलिया ब्लाक के बीडीओ तथा एडीओ पंचायत को जनवरी माह में पदीय दायित्वों का दक्षतापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। यदि जनवरी माह में ही पड़ताल की जाए तो कागजों पर ही दायित्वों का निर्वहन दिखाई पड़ेगा। धरातल पर कुछ भी नही। विकास खंड में दो वर्षों का ही पीएम और सीएम आवास की जांच की जाए तो अधिकतर कागज पर पूर्ण मिल जाएंगे जबकि अभी तक अधिकांश प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास अधूरे पड़े हुए हैं। कुछ लाभार्थियों को तो पीएम आवास आवंटन होने के बाद भी आवास का लाभ नही मिल सका उनकी जगह दस्तावेजों में फेरबदल कर दूसरों को दे दिया गया है। सामुदायिक शौचालयों की बात करें तो आज भी आधा दर्जन को छोड़कर सभी सामुदायिक शौचालयों में ताला लटकता दिखाई पड़ जाएगा। विकास खंड के दर्जनभर सामुदायिक शौचालय आज भी अधूरे पड़े हैं जबकि इनके निर्माण की पूरी धनराशि भी जिम्मेदार डकार गए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि किस जिम्मेदारी के लिए अधिकारियों की पीठ थपथपाई जा रही है। विकास खंड के पुरवा औसान सिंह, नदना ग्राम पंचायत का सामुदायिक शौचालय आज तक अधूरा पड़ा है किसी का गढ्ढा ही नही बन सका तो कहीं पानी की व्यवस्था नही है। मतवार ग्राम पंचायत के सामुदायिक शौचालय पर गांव के ही दबंग लोगों ने कब्जा जमा रखा है। जिसके उपयोग के लिए आजतक ग्रामीण वंचित हैं। ग्रामीणों की कई बार शिकायत के बाद भी मतवार ग्राम पंचायत का सामुदायिक शौचालय कब्जा मुक्त नही कराया जा सका है। जिससे स्वच्छ भारत मिशन को लेकर शासन के मंसूबों पर पानी फिर रहा है।

**यह है हाल**

**फर्जी पीठ थपथपाना ग्रामीणों में बना चर्चा का विषय**

**ग्रामीणों को हजम नहीं हो रहा है बीडीओ व एडीओ पंचायत को प्रशस्ति पत्र देना**

## संक्षेप

### गैंगस्टर ऐक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** एसपी संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को प्र0नि0 ज्ञानू प्रिया मय पुलिस बल द्वारा थाना लालगंज क्षेत्र से गैंगेस्टर एक्ट के वांछित आरोपी सूरज सिंह उर्फ ज्ञानेन्द्र कृष्ण प्रताप सिंह पुत्र कृष्णजीत सिंह निवासी कोठी धवकल थाना लालगंज मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी सूरज सिंह उपरोक्त द्वारा गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर भौतिक एवं आर्थिक लाभ हेतु लूट की घटना को अंजाम दिया जाता था।

### साइकिल चोर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** एसपी के निर्देश के क्रम में रविवार को उ.नि. हीरालाल यादव व मो. शकील खां मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चील्ह क्षेत्र से साइकिल चोरी करने वाले आरोपी बादल उर्फ राघवेन्द्र सिंह पुत्र स्व. महेश सिंह निवासी तारापुर वासी थाना डलमऊ जनपद रायबरेली हालपता ग्राम चेकसारी थाना चील्ह मीरजापुर को गिरफ्तार कर चोरी हुई साइकिल बरामद किया गया। थाना चील्ह पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया।

### युवती के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना अदलहाट पर 13 फरवरी 2023 को थाना अदलहाट क्षेत्रांतर्गत निवासिनी युवती द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध शौच हेतु जाते समय पकड़कर जबरदस्ती दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जहां एसपी के निर्देश के क्रम में रविवार को प्र.नि. विजय कुमार चौरसिया मय पुलिस बल द्वारा कार्यवाही करते हुए नामजद आरोपी दीपक उर्फ दीपू उर्फ मोनू पुत्र स्व. कल्लू प्रसाद निवासी भुईलीखास थाना अदलहाट मीरजापुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### होलिका स्थापित किए जाने को लेकर थाने में दिया तहरीर

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मठना गांव निवासी उदेश जायसवाल ने अपने घर से सटा कर होलिका स्थापित किए जाने को लेकर रविवार को थाने में तहरीर दिया। तहरीर के माध्यम से बताया गया कि शनिवार को गांव के कुछ लोगों ने उनके मकान से सटाकर होलिका स्थापित कर दिया। रविवार की सुबह थाने पर ग्रामीण भी पहुंच गए और होलिका स्थल के लिए दो बिस्वा भूमि में होलिका स्थापित किए जाने की बात बताई। थाना प्रभारी ने उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दिया, जिसको संज्ञान में लेते हुए मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी चुनार उमाशंकर सिंह ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर कर मामला शांत कराया। उन्होंने एसडीएम से फोन वार्ता कर सोमवार को भूमि की पैमाईश कराए जाने का आश्वासन लोगों को दिया।


### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात वृद्ध का शव

**मीरजापुर।** बिरोही रेलवे स्टेशन डाउनलाइन पोल संख्या 747 पर शनिवार की रात 70 वर्षीय वृद्ध लाइन पार करते समय मालगाड़ी की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरोही रेलवे स्टेशन डाउनलाइन रेल पटरी पार करते समय एक 70 वर्षीय वृद्ध मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर जीआरपी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद यादव मौके पर पहुंच कर शव बरामद कर ग्राम प्रधान सहित आसपास के लोगों को इकट्ठा कर पहचान के लिए बुलाया। लेकिन समाचार लिखे जाने तक पहचान नहीं हो पायी। जीआरपी पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिए गए। वृद्ध की पहचान के लिए पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के निधन पर जताया शोक

**लालगंज।** वालीवाल खिलाड़ी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक लालगंज निवासी पन्नालाल उपाध्याय 88 वर्ष का निधन हो गया। वह छात्र जीवन से अपने समय के 100 मीटर के जिला विजेता, बालीबाल खिलाड़ी और सुयोग्य शिक्षक के रूप में ख्याति लब्ध थे। साथ ही ऊंची कूद में मंडलीय खिलाड़ी के रूप में अपनी समय के मुख्य विजेता के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन की खबर लगते ही समाजसेवियों ने खिलाड़ी जगह तो शिक्षा जगत की क्षति बताते हुए कहा कि वे बड़े प्रतिभावान के रूप में जाने जाते थे। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य वसीम अहमद, दिनेश गिरी, अरविंद उपाध्याय, रामपुर वासित अली के ग्राम प्रधान हफिज अहमद, गुलाब पांडे, गिरीश त्रिपाठी, श्वेत कमल दुबे, दिनेश विश्वकर्मा, दशरथ यादव, इंद्रपाल आदि आवास व पर शोक संवेदना व्यक्त किया।

# कुश्ती दंगल का किया गया आयोजन


अखाड़े में दाव अजमाते पहलवान

**जमालपुर।** क्षेत्र के बहुआर गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के पर्व पर रविवार को कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उ.प्र.पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य शिवमंगल बियार ने अखाड़ा पूजन कर एवं पहलवानों से हाथ मिलवा कर दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कुश्ती दंगल देखने के लिये हजारों की संख्या में लोग अखाड़े के चारों तरफ जुटे रहे।

1000 रुपए की कुश्ती में बलदाऊ सरसा ने बलिराम यादव कछवा को पराजित कर अपने नाम किया। 2000 हजार रुपए की कुश्ती भानु उसरौड़ी ने राहुल मीरजापुर को चित्त कर अपने नाम किया। 1500 रुपए की कुश्ती को पखंडू हाजीपुर ने प्रमोद चुनार को धूल चटाकर अपने नाम किया। 3000 हजार रुपए की कुश्ती संजय सरसा ने अजीत वाराणसी को पटक कर अपने नाम किया। 1200 रुपए की कुश्ती गोलू हाजीपुर और रोहित यादव महेवा की बराबरी पर छूटी। 500 रुपए की कुश्ती महेवा के रोहित यादव ने हाजीपुर के राजू को धूल चटाकर अपने नाम किया। इसके अलावा एक दर्जन छोटी बड़ी कुश्ती हुई। कुश्ती दंगल के दौरान बसंतू बियार एवं बच्चा तिवारी ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस दौरान शिट्ठू, विनय, सत्यप्रकाश, वीरेंद्र, शिवदास, जितेंद्र, धीरज, जंगबहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### वीरेंद्र सिंह बने थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज

**मीरजापुर।** जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने 4 उप निरीक्षकों का स्थानांतरण कर दिया। जिसमें उपनिरीक्षक वीरेंद्र सिंह को थाना संतनगर से थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज के रूप में तैनात किया। वही उपनिरीक्षक अतुल कुमार पटेल को थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज से पुलिस लाइन भेज दिया गया। दूसरी ओर चौकी इंचार्ज करनपुर उपनिरीक्षक जितेंद्र सरोज को देहात कोतवाली से थाना मड़िहान व उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार को प्रभारी चौकी कस्बा थाना कछवां से जमालपुर स्थानांतरित कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए चार उप निरीक्षकों का स्थानांतरण किया गया है।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 215 मरीजों का किया गया उपचार

**हलिया।** रविवार क्षेत्र के मतवार, ड्रमंडगंज, बरौंधा स्थित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 215 मरीजों का उपचार किया गया और मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। जिसमें नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में कुल 69 मरीजों का चिकित्सक के द्वारा उपचार कर दवा वितरित किया गया। जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में कुल 75 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया। वहीं नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में उपचार के लिए आये कुल 71 मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बुखार, मलेरिया, खांसी, सुगर, बीपी सहित अन्य रोगों के मरीजों का उपचार किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.कामेश्वर तिवारी ने औचक निरीक्षण किया है। इस दौरान चिकित्सक डा.अभिषेक जायसवाल, बीसीपीएम अनिल, डॉ. निर्मल, एलटी राकेश, बैजनाथ, दशरथ, अरविंद, फार्मासिस्ट संजय श्रीवास्तव, मनोज सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षा मित्रों का भारी समूह लखनऊ के लिए रवाना


लखनऊ के लिए रवाना होते शिक्षामित्र

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के नदिहार बाजार में शिक्षा मित्रों का भारी समूह एकत्रित हुआ और रमाबाई पार्क लखनऊ के लिए रवाना हुआ। राजगढ़ विकास खंड अन्तर्गत कार्यरत शिक्षा मित्रों ने प्राचीन हनुमान मंदिर पर बैठक कर लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया था जिसमें परिवार के सदस्यों को भी साथ लेकर पहुंचने की रणनीति बनाई गई थी जिसके तहत क्षेत्र के सैकड़ों शिक्षामित्रों ने अपने परिवार के साथ नदिहार बाजार में एकजुटता दिखाते हुए पहुंचे और बस में सवार होकर निकले।

शिक्षा मित्रों के समूह को बस में सवार होने के बाद अपना दल एस शिक्षक प्रकोष्ठ के स्थानीय नेता सुजीत पटेल ने बस को हरी झंडी दिखाकर उनकी सफल एवं सुरक्षित यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।इस संबंध में शिक्षा मित्र संघ के पदाधिकारी संतोष पाठक ने बताया कि हमारे समस्त संगठनों के सभी सदस्यों का सामुहिक कार्यक्रम निर्धारित है जहां लखनऊ स्थित रमाबाई मैदान में पहुंचकर सरकार के समक्ष अपनी मजबूती प्रदर्शित करना एवं अपनी महत्वपूर्ण मांगों के संबंध में शिक्षा मंत्री एवं सरकारी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर नियमितीकरण के संबंध में अपना पक्ष रखने के लिए हम सभी लोगों को लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया गया है।

**रवानगी**

**प्रदेश सचिव अपना दल एस शिक्षक प्रकोष्ठ ने बस को दिखाई हरी झंडी**

# दहेज रूपी दानव का परित्याग करने में ही है बेटियों का सम्मान : दिलीप सिंह


वर वधू को आशीर्वाद देते दिलीप सिंह गहरवार


**महाशिवरात्रि पर भगवान भोले नाथ का किया गया भव्य श्रृंगार**

**मीरजापुर।** चंदईपुर प्यारेलाल पोखरा में प्रत्येक वर्ष की भांति महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर इस वर्ष भी बाबा भोलेनाथ का वार्षिक श्रृंगार बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर लगभग हजारों लोगों ने बाबा का दर्शन पूजन किया। उसके उपरांत सभी लोगों ने बाबा भोलेनाथ के विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो गरीब कन्याओं का विवाह मिजार्पुर सेवा समिति के संयोजक दिलीप सिंह गहरवार एडवोकेट, उनके भाई रमाकांत सिंह व प्रदीप कुमार सिंह एवं परिवारजनों द्वारा कराया गया। इसके उपरांत बराती पक्ष के लोग गाजे-बाजे के साथ नाचते गाते सामूहिक विवाह स्थल पर पहुंचे। सामूहिक विवाह में घर गृहस्ती का पूरा सामान दिया गया और लड़के लड़कियों को लाने के लिए बस की भी व्यवस्था की गई तथा घराती बराती के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि में भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं प्रमुख समाज सेवी नेता मनोज श्रीवास्तव और नेशनल पैथोलॉजी सेंटर के मालिक डॉक्टर सीबी जायसवाल उपस्थित रहे। इस दौरान लगभग दो हजार लोगों ने भगवान भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण किया। मिजार्पुर सेवा समिति के संयोजक दिलीप सिंह गहरवार एडवोकेट ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उपस्थित भक्तजनों से इसी तरह बाबा प्यारेलाल पोखरा महादेव का श्रृंगार व सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता रहे जिससे गरीब कन्याओं का विवाह सामूहिक विवाह के माध्यम से कराया जाए। इससे समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा और लोगों में जागरूकता पैदा होगी। दहेज रूपी दानव का परित्याग करने का भी संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आए हुए सिटी ब्लॉक प्रमुख पुष्प कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि सामूहिक विवाह कराना एक पुनीत कार्य है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश भारती, संजय ओझा, राजमणि दुबे, संदीप सिंह, संजय गुप्ता, जय प्रकाश सेठ, डॉ भीम रतन मौर्या, डॉक्टर अवधेश छोटू सिंह, जटाशंकर जहरीला समेंत गांव के व्यक्तियों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया।

### शिवरात्रि पर शिवजी की बारात के साथ निकाली गई झांकी

**चुनार।** शनिवार रात्रि महादेव कि बारात हर साल कि भाँति निकाली गई जिसमें जिसमें भूत प्रेत, नंदी, विष्णु, महेश जी बारात में शामिल हुए। नगर के हजारों लोग बारात में शामिल होकर भ्रमण कर नगर के रामलीला स्टेज से बारात को उठाकर सद्दुपुर मोहाना चौक होते हुए थाना चौराहा होते रामलीला पर आकर समाप्त हुआ। वही चुनार के गंगेश्वर नाथ मोहल्ले में अति प्राचीन मंदिर में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। जलाभिषेक कर पूजा पाठ किया। बालू घाट पर अति प्राचीन श्री कंचेश्वर महादेव मंदिर पर साईं युवा क्लब द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लोगों ने मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस मंदिर की रूपरेखा देख लोगों ने सेल्फी खिंचवाई। रात्रि मैप संस्था द्वारा झांकी का प्रदर्शन स्टेज पर किया गया। इस दौरान प्रसाद का वितरण भंडारे का आयोजन किया गया था। इस दौरान पप्पू गुप्ता, गोविंद कुशवाहा, बच्चा सेठ, एलेक्स बंटी, तालिब कुरैशी, राजकुमार उर्फ पिंटू गुप्ता उपस्थित रहे।


शिवरात्रि पर सजाया गया मंदिर

### शिव बारात में ब्रह्मा विष्णु महेश बने देवों की हुई शादी

**भोर में दुल्हनिया ले गए त्रिदेव, विधायक ने किया कन्यादान**

**मीरजापुर।** महाशिवरात्रि पर्व पर विन्ध्याचल में भूत प्रेत के साथ अनोखी बारात निकाली गई। जिसमें शामिल त्रिदेवो ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने एक ओर परम्परा का निर्वाह किया तो वही दूसरी ओर अपनी जीवन संगिनी को जयमाल पहनाकर विवाह सूत्र में बंधे। सात फेरे लेकर आजीवन साथ निभाने का वचन दिया। विन्ध्याचल धाम में शिवरात्रि की रात परम्परा के साथ बाबा भोलेनाथ की बारात निकली। अनोखी बारात में भगवान शिव के गणों के साथ ही आम बाराती भी शामिल हुए। देवो के देव महादेव की बारात में देवतागण भी थे। बारात में शामिल लोग नाचते झूमते पार्वती को ब्याहने पहुचें थे। बारात की अगवानी के साथ ही तीनो देवों का परछन व द्वारपूजा कर ब्याह का कार्यक्रम शुरू हुआ। मंच पर विराजमान ब्रह्मा, विष्णु व महेश बने पात्रों ने अपने अपने जीवन साथी के गले में वर माला पहना कर वरण किया। देवों के गले में वरमाला पड़ते ही लोग "हर हर महादेव" की गूंज करने लगे। त्रिदेव भी अपनी बारात में शामिल लोगों के उत्साह व अपनी बारात के अनोखेपन को लेकर काफी खुश थे। जगत जननी माता विंध्यवासिनी धाम में शिवरात्रि पर निकलने वाली बारात 20 वर्षो से बारात निकल रही हैं। शिव बारात में अविवाहित बालक एवं बालिकाओं को ही देवताओं का स्वरूप दिया जाता है। जिनका विवाह शिवरात्रि पर किया जाता हैं। त्रिदेवो का विवाह सम्पन्न होने पर उन्हें उपहार भी दिया जाता है। हर बार पात्र बने। ब्रह्मा, विष्णु व महेश अपनी जीवन संगिनी का वरण कर गृहस्थ आश्रम में प्रवेश कर जाते है। आयोजक रत्नाकर मिश्र शिवरात्रि पर कन्यादान करके अपने आप को धन्य मानते है। त्रिदेवों का पांव पुंजकर कन्या दान करने का काम वह करीब 20 वर्ष से कर रहे है। विन्ध्याचल में निकलने वाली अनोखी शिव बारात में देव बनने की पहली शर्त होती हैं। पात्र का अविवाहित होना। लिहाजा चयनित पात्र अपने जीवन में एक बार ही इस रूप को धारण करते है।


भगवान शिव को तिलक लगाते विधायक

### अदवा बांध में किसानों की डूबी जमीन का नहीं मिला मुआवजा

**हलिया।** स्थानीय अदवा बांध सिरसी प्रखंड के जलाशय में लगभग 30 वर्ष पूर्व सिंचाई विभाग के द्वारा किसानों की अदवा बांध में डूबी जमीन का मुआवजा नहीं मिला है जबकि अदवा बांध अंतर्गत 14 गांव डूब क्षेत्र में पड़ते हैं जिसमें 4 गांव पूर्ण रूप से डूब गए हैं। 10 गांव आंशिक रूप से डूबे हुए हैं। आंशिक रूप से डूबे गांव में सोनगढ़ा, गोर्गी, राजपुर, पवारी खुर्द, बैधा आदि हैं। जबकि गोर्गी गांव के किसान एक वर्ष पूर्व अपनी डूबी फसल को लेकर जिलाधिकारी तक गुहार लगा चुके हैं। उनका कहना है कि खरीफ की खेती हम नहीं कर पाते कभी कदा बांध का पानी कम होता है तो रबी की बुवाई हो जाती है ऐसी स्थिति में हम लोग एक फसला खेती करने के लिए मजबूर हैं। किसानों ने जिलाधिकारी के माध्यम से सिंचाई विभाग से जमीन का मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है। सोनगढ़ा गांव निवासी सुरेश कुमार, नरेंद्र प्रसाद, शांति देवी, नरेश, लल्ला प्रसाद दुबे तथा पवांरी खुर्द गांव निवासी विक्रम सिंह वीर बहादुर सिंह व कई किसान की जमीन डूबने से प्रभावित हो रही है सिंचाई विभाग द्वारा प्रतिवर्ष डूबी जमीन के मुआवजे की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी जिलेदार कमलेश तिवारी ने बताया कि डूबी जमीन का प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर मुआवजे की कार्यवाही की जाएगी।

# स्पोर्ट्स

### सेमीफाइनल में चीन से हारा भारत, जीता कांस्य पदक



**दुबई।** भारत का अभियान यहां बैडमिंटन एशियाई मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में चीन से 2-3 की पराजय से समाप्त हुआ लेकिन देश कांस्य पदक जीतने में सफल रहा। इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में यह भारत का पहला पदक है। शनिवार को सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीमों को कांस्य पदक मिलता है। भारत की युगल टीमों ने प्रेरणादायी प्रदर्शन कर अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी चुनौती देकर जीत हासिल की। एच एस प्रणय को शुरुआती पुरुष एकल मैच में महज 45 मिनट में लेई लान जि से 13-21, 15-21 से और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को महिला एकल मैच में एक घंटे 10 मिनट में गाओ फांग जि से हार का सामना करना पड़ा। इससे भारतीय टीम 0-2 से पीछे थी। पर युगल टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

# भारत ने दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया

## रविंद्र जडेजा ने पंजा खोला, ऑस्ट्रेलिया 113 पर सिमटी




### सीरीज में बनाई 2-0 की अजेय बढ़त

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने लगातार चौथी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। रविंद्र जडेजा (42/7) और रविचंद्रन अश्विन (59/3) की घातक स्पिन जोड़ी की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में रविवार को छह विकेट से मात देकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। पहली पारी में एक रन की बढ़त लेने वाली ऑस्ट्रेलिया मैच के तीसरे दिन सिर्फ 113 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत ने 115 रन का लक्ष्य चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया को इस मामूली से स्कोर पर आउट करने के लिए अश्विन ने ट्रैविस हेड का विकेट लेकर दिन की शुरुआत की। इसके बाद जडेजा ने सात बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फंसाते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम को 113 रन पर समेट दिया। यह जडेजा के टेस्ट क्रिकेट का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड के विरुद्ध 2016 में 48 रन देकर सात विकेट चटकाये थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल का विकेट मात्र एक रन पर गंवा दिया, लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने 31 (20) रन की पारी खेलकर भारत की स्थिति मजबूत कर दी। रोहित का विकेट गिरने के बाद विराट कोहली ने 20 रन और श्रेयस अय्यर ने 12 रन का योगदान दिया। श्रीकर भरत 23 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि अपना 100वां टेस्ट खेल रहे चेतेश्वर पुजारा (31 नाबाद) ने विजयी रन बनाकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया।

***भारत ने एक विकेट पर 14 रन बनाये, जीत से 101 रन दूर***

भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लंच तक एक विकेट पर 14 रन बना लिए। मैच जीतने के लिए भारतीय टीम को और 101 रन की जरूरत है। लंच के विश्राम के समय कप्तान रोहित शर्मा और चेतेश्वर पुजारा क्रमशः 12 और एक रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। इससे पहले रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन की शानदार गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 113 रन पर सिमट गई। जडेजा ने 12.1 ओवर में 42 रन देकर सात विकेट चटकाये तो वहीं अश्विन ने अपने 16 ओवर में 59 रन देकर तीन विकेट लिये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रेविस हेड ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाये लेकिन दिन के पहले ही ओवर में मार्नुस लाबुशेन (35) के साथ दूसरी विकेट के लिए 42 रन की उनकी साझेदारी टूटने के बाद भारतीय गेंदबाज हावी हो गये। ऑस्ट्रेलिया ने अपने आखिर सात विकेट 18 रन के अंदर गंवा दिये।

रविंद्र जडेजा (सात विकेट) और रविचंद्रन अश्विन (तीन विकेट) की भारतीय स्पिन जोड़ी ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में रविवार को मेहमान ऑस्ट्रेलिया को महज 113 रन पर ऑल आउट कर दिया। भारत को यह टेस्ट जीतकर सीरीज में 2-0 की अजय बढ़त बनाने के लिए 115 रन की दरकार है।

ऑस्ट्रेलिया ने मैच के दूसरे दिन तेज बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 12 ओवर में एक विकेट गंवाकर 61 रन जोड़ लिए थे, लेकिन तीसरे दिन उसकी एक न चली। कंगारुओं ने करीब डेढ़ घंटे के खेल में महज 52 रन जोड़कर नौ विकेट गंवाए। अश्विन ने दिन के पहले ओवर में ही खतरनाक दिख रहे ट्रैविस हेड को विकेटकीपर श्रीकर भरत के हाथों कैच आउट करवाया। हेड ने 46 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के के बाद कोई ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज 40 का आंकड़ा नहीं छू सका। कुछ देर बाद जडेजा ने मार्नस लाबुशेन (35) को बोल्ड किया, जबकि स्टीव स्मिथ और मैट रेनशॉ अश्विन की गेंद पर पगबाधा हो गए। इसके अलावा जडेजा ने पीटर हैंड्सकॉम्ब, पैट कमिंस और मैथ्यू कुहनेमान को शून्य पर आउट किया, जबकि एलेक्स कैरी सात रन का योगदान दे सके। यह टेस्ट क्रिकेट में जडेजा के करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इंग्लैंड के खिलाफ 2016 में आया था जब उन्होंने 48 रन देकर सात विकेट लिए थे।

## सौराष्ट्र ने दूसरी बार जीता रणजी ट्रॉफी का खिताब, बंगाल को नौ विकेट से हराया




**कोलकाता।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने दूसरी पारी में 85 रन देकर छह विकेट चटकाए, जिससे सौराष्ट्र ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी के फाइनल कै चौथे दिन बंगाल को नौ विकेट से शिकस्त दी। पहली पारी में 230 रन बड़ी बढ़त लेने के बाद सौराष्ट्र की टीम ने बंगाल की दूसरी पारी को 241 रन पर समेट दी। सौराष्ट्र को मैच अपने नाम करने के लिए 12 रन का लक्ष्य मिला। टीम ने 2.4 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सौराष्ट्र की टीम दूसरी बार रणजी ट्रॉफी चैम्पियन बनी है। मैच में नौ विकेट लेने वाले सौराष्ट्र के कप्तान उनादकट मैन ऑफ द मैच चुने गये जबकि टीम के अर्पित वसावड़ा रणजी सत्र के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये। उन्होंने इस सत्र में 907 रन बनाए। सौराष्ट्र को पिछला खिताब 2019-20 सत्र में मिला था। उस समय टीम ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर बंगाल को पछाड़ा था। सौराष्ट्र ने पिछले 10 सत्र में पांच बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में जगह बनाकर अपनी निरंतरता साबित की। बंगाल की टीम एक बार फिर चैम्पियन बनने से चूक गयी। उसने अपना पिछला खिताब 1989-90 में इसी ईडन गार्डन्स मैदान में सितारों से सजी दिल्ली को हरा कर जीता था। टीम का पहला खिताब 1938-39 में आजादी से पहले के दौर में आया था। उनादकट ने दिन के शुरूआती सत्र में एक बार फिर अपनी गेंदबाजी का लोहा मनवाया।

## 25 हजारी बन 'किंग कोहली' ने रचा इतिहास

### विराट ऐसा करने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के छठे बल्लेबाज बन गए



**तोड़ा सचिन तेंदुलकर का विश्व रिकॉर्ड**

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 25 हजार रन पूरे करके इतिहास रच दिया। विराट ऐसा करने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के छठे बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में विराट ने महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया।कोहली ने सबसे कम 549 पारियों में 53.7 की औसत से इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 25000 रन पूरे किए हैं। कोहली से पहले केवल सचिन तेंदुलकर यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। सचिन के नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में 782 पारियों में 48.5 की औसत से 34357 रन हैं।

भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को यहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेजी से 25,000 रन पूरे करने वाले खिलाड़ी बने। भारतीय टीम मैच को जीतने के लिए जब 115 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी तब आठ रन पर बल्लेबाजी कर रहे कोहली ने पारी के 12वें ओवर में नाथन लियोन के खिलाफ चौका जड़ कर यह उपलब्धि हासिल की। कोहली के करियर का यह 492 वां अंतरराष्ट्रीय (टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 मिला कर) मैच है। इस मुकाबले से पहले वह 25,000 रन के आंकड़े से 52 रन दूर थे। उन्होंने पहली पारी में 44 जबकि दूसरी पारी में 20 रन बनाये। कोहली के नाम अब 25,012 अंतरराष्ट्रीय रन है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें बधाई देते हुए ट्वीट किया, एक और उपलब्धि। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 25,000 रन पूरे करने पर विराट कोहली को बधाई। यह बेहद खास है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने ट्विटर पर लिखा, विराट कोहली को सबसे तेजी से 25,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरा करने पर हार्दिक बधाई। कोहली से पहले सचिन तेंदुलकर (664 मैचों में 34357 रन), श्रीलंका के कुमार संगकारा (594 मैचों में 28016) और महेला जयवर्धने (652 मैचों में 25957), ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (560 मैचों में 27483) और दक्षिण अफ्रीका के जाक कैलिस (519 मैचों में 25534) ने इस मुकाम को हासिल किया है। चौतीस साल के कोहली ने 2008 में भारत के लिए पदार्पण किया था।

## 'बल्लेबाजी में गहराई होना हमारा सौभाग्य', रोहित शर्मा ने बताया कैसे पलटा मैच का रुख



**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध दूसरे टेस्ट में छह विकेट की दमदार जीत का श्रेय हरफनमौलाओं को देते हुए रविवार को कहा कि बल्लेबाजी में इतनी गहराई होना टीम का सौभाग्य है। रोहित ने मैच के बाद यहां संवाददाताओं से कहा, बल्लेबाजी में इतनी गहराई होना हमारा सौभाग्य है। हम कई सालों से यह चाहते थे। खुशकिस्मती से इन तीनों खिलाड़ियों (रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल) ने हमारी यह जरूरत पूरी की है। जब विपक्षी गेंदबाज 60-70 ओवर डालकर थक जाते हैं तो ये क्रीज पर आकर महत्वपूर्ण रन जोड़ते हैं और विपक्षी टीम पर दबाव बनाते हैं। ये तीनों टीम में बेहतरीन संतुलन लाते हैं। सभी बहुत अच्छे गेंदबाज हैं और इस सीरीज में हमने देखा कि बल्लेबाजी भी बेहतरीन करते हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन भारत के सामने 115 रन का लक्ष्य रखा, जिसे रोहित की टीम ने चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। भारत की इस आसान जीत की कहानी लिखते हुए जडेजा ने मैच की दूसरी पारी में सात विकेट चटकाये और अपने टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जडेजा के अलावा अश्विन ने भी तीन विकेट लिये और ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले सत्र में सिर्फ 52 रन जोड़कर ऑलआउट हो गयी। रोहित ने जडेजा के बारे में कहा, जडेजा हमारे लिये बहुमूल्य हैं। उन्हें अपने ऊपर बेहतरीन विश्वास है। कई बार बल्लेबाजों ने उस पर दबाव बनाने की कोशिश की। कल शाम को ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने उसके खिलाफ करीब पांच की रनगति से रन बनाये लेकिन वह अपनी योजनाओं पर कायम रहा। वह 250 से ज्यादा टेस्ट विकेट ले चुका है और उसे अपनी क्षमता पर काफी आत्मविश्वास है।

गौरतलब है कि जडेजा-अश्विन से पूर्व अक्षर पटेल भी पहली पारी में 74 रन का महत्वपूर्ण योगदान देकर भारत को संकट से निकाल चुके थे। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 263 रन के जवाब में 139 रन पर सात विकेट गंवा दिये थे, लेकिन अक्षर ने संकटमोचक की भूमिका निभाकर भारत को 262 रन तक पहुंचाया था। उनकी इस पारी की मदद से भारत ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को छोटा कर सका और फिर दूसरी पारी में कंगारुओं को सस्ते में समेट दिया। रोहित ने कहा, अक्षर, जडेजा और अश्विन भारत में कई टेस्ट खेल चुके हैं और उनके पास काफी अनुभव है। ऑस्ट्रेलिया एक अच्छी टीम है, वे खेलना जानते हैं। वे साझेदारी करेंगे और कई बार हम पर दबाव भी बनायेंगे। यह टेस्ट क्रिकेट है। लेकिन हमें दबाव सहकर अपनी योजनाओं पर टिके रहना होगा। उन्होंने कहा, कभी कभी-आपको सीधी गेंदबाजी करनी होती है। चीजों को ज्यादा मुश्किल बनाने की जरूरत नहीं। कल हमने 10-12 ओवर डाले और उन्होंने 60 के करीब रन बना लिये। सुबह हमने योजना बनाई कि गेंदबाज अनुशासन बनाए रखें और फील्ड ज्यादा न बदली जाए। हमने महसूस किया कि वे आक्रामकता के साथ खेलना चाहते हैं। यह उस तरह की पिच नहीं थी जहां आप शुरू से ही तेज खेल सकें।

# सेमीफाइनल में क्वालीफाई करने के लिए आयरलैंड पर बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश करेगा भारत



**गेकबेर्हा (दक्षिण अफ्रीका)।** इंग्लैंड से पिछले मैच में मिली हार से भारतीय टीम निराश होगी और महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में क्वालीफाई करने की दौड़ में बने रहने के लिए उसकी कोशिश वापसी करके सोमवार को यहां कमजोर आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने की होगी। शनिवार को भारतीय टीम को इंग्लैंड से 11 रन से हार मिली जो उसकी टूनार्मेंट में पहली हार थी। भारत तीन मैचों में चार अंक से इंग्लैंड (तीन मैचों में छह अंक) के बाद दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड ने सेमीफाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया है। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम को अब सोमवार को अपने अंतिम ग्रुप मैच में आयरलैंड के खिलाफ सिर्फ एक जीत की नहीं बल्कि बड़ी जीत की जरूरत होगी ताकि वह ग्रुप दो से सेमीफाइनल के बचा दूसरा स्थान हासिल कर सके। भारतीय टीम का मौजूदा रन रेट + 0.205 का है, जिसमें उन्हें सुधार करना होगा। पाकिस्तान को शुरूआती मैच में भारत से हार मिली थी, उनके दो मैचों में दो अंक हैं और अगर वे अपने अंतिम दो मैचों में जीत हासिल कर सकते हैं तो उनके पास भी अंतिम चार में जगह बनाने का मौका हो सकता है। लेकिन उनके भी छह अंक होने चाहिए। पाकिस्तान रविवार की रात को वेस्टइंडीज से भिड़ेगा, उसका भारत से बेहतर रन रेट (+1.542) है, हालांकि उन्हें अभी इंग्लैंड से भिड़ना है जिसका रन रेट +1.776 का है। वहीं आयरलैंड सभी तीन मैच हारकर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है। आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने के लिये भारतीय बल्लेबाजों को आक्रामक खेल दिखाना होगा विशेषकर कप्तान हरमनप्रीत कौर और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को, क्योंकि दोनों ही अभी तक कोई महत्वपूर्ण पारी नहीं खेल सकी हैं। हरमनप्रीत ने तीन मैचों में अभी तक 16, 33 और 4 रन बनाये हैं जो उनके स्तर से काफी कम है जबकि शेफाली ने 33, 28 और 8 रन की पारियां खेली हैं। युवा ऋचा घोष भारत के लिये सबसे निरंतर बल्लेबाज रही हैं जिन्होंने 31, 44 और नाबाद 47 रन बनाये हैं। वह आयरलैंड के खिलाफ इसी लय को जारी रखना चाहेंगी। चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 53 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाली जेमिमा रोड्रिग्स ने अगले दो मैचों में एक और 13 रन बनाये और वह अन्य टीमों की तुलना में आयरलैंड के कमजोर आकमक के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी। उप कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, ये भी भारत के लिये अच्छा है। गेंदबाजी विभाग की बात करें तो इंग्लैंड के खिलाफ करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (15 रन देकर पांच विकेट) करने वाली मध्यम गति की गेंदबाज रेणुका सिंह आयरलैंड के खिलाफ और बेहतर करना चाहेंगी जबकि अनुभवी दीप्ति शर्मा अभी तक भारत की सबसे निरंतर गेंदबाज रही हैं। राजेश्वरी गायकवाड़ अभी तक तीन मैचों में कोई विकेट नहीं ले सकी हैं, उनसे तथा पूजा वस्त्राकर और राधा यादव से भारतीय टीम अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। आयरलैंड के लिये शीर्ष क्रम की बल्लेबाज ओर्ला प्रेंडरगास्ट तीन मैचों में 109 रन बनाकर अच्छी फॉर्म में हैं जबकि गैबी लुईस ने भी तीन मैचों में 84 रन बनाये हैं।

***टीमें इस प्रकार हैं:***

भारतः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, अंजलि सरवनी, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़ और शिखा पांडे।

# लग्जरी लाइफ स्टाइल जीते हैं विराट कोहली

**नई दिल्ली।** किंग कोहली यानी विराट कोहली का एक अलग ही अंदाज है जब कोहनी क्रिकेट के मैदान में उतरते हैं तो उनके फैंस की उनपर खास नजर होती है। ज्यादातर लोग कोहली को अपना आइडियल मानते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं विराट कोहली को गाड़ियों का कितना शौक है और उनके पास महंगी वाली कौन-कौनसी गाड़ियां हैं तो आज हम इसी टोपिक पर बात करेंगे। आपको बता दें, कोहली 2008 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था, तभी से वो भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के बड़े सेलिब्रिटी क्रिकेटर बन गए हैं। कोहली के पास कई गाड़ियों का कलेक्शन है। कहा जाता है विराट कोहली को गाड़ियों का बहुत शौक है, उन्हें ट्रेवल्स करना बहुत पसंद है। कुछ गाड़ियां उन्होंने खरीदी हैं तो कुछ उन्हें तोहफे में मिली हैं। बता दें कि कोहली के पास बेंटले से लेकर ऑडी जैसी गाड़ियां हैं।

**एक से बढ़कर एक महंगी गाड़ियां उनके पास**

कोहली ने एक इंटरव्यू में बताया कि उनके पास सबसे ज्यादा गाड़ियां ऑड़ी कंपनी की हैं। कोहली ऑडी कंपनी के ब्रैंड एंबेस्डर भी हैं। उनके पास ऑडी क्यू 7, ऑडी ए8एल डब्ल्यू12 क्आटरो और ऑडी आर8 एलएमएक्स जैसी गाड़ियां हैं। बताया जाता ही कि कोहली की सबसे महंगी कार ऑडी आर8 एलएमएक्स है और इसकी कीमत लगभग 2.97 करोड़ रुपए है। साथ ही उनके पास टोयोटा फॉर्च्यूनर की फारच्यूनर 44 भी हैं। फारच्यूनर 44 कोहली को जापान की कार मेकर कंपनी टोयोटा ने एक डील के तहत गिफ्ट की थी। वहीं कोहली के पास रेनो डस्टर भी है जो 2012 में उन्हें शानदार प्रदर्शन की बदौलत तोहफे में मिली थी। कहा जाता हैं विराट कोहली के कार कलेक्शन में 1.55 करोड़ रुपये तक की लैम्बोर्गिनी कार और वोल्सवेगन ग्रुप की बेंटले काउंटनेंटल जीटी भी शामिल है, जिसकी एक्स शोरूम कीमत करीब 3 से 4 करोड़ रुपये तक है।



## 'मैं निराश हूं...'एलन बॉर्डर और मैथ्यू हेडन ने लचर बल्लेबाजी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम को लताड़ा



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर एलन बॉर्डर और मैथ्यू हेडन ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में अपने देश के बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन की कड़ी आलोचना की जिन्होंने स्वीप शॉट लगाने के प्रयास में अपने विकेट गंवाए। आस्ट्रेलिया ने सुबह एक विकेट पर 61 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसकी टीम पहले सत्र में ही 113 रन पर ढेर हो गयी। उसके पांच बल्लेबाज स्वीप या रिवर्स स्वीप खेलने के प्रयास में आउट हुए जिनमें स्टीव स्मिथ, मैथ्यू रेनशॉ, एलेक्स केरी, पैट कमिंस और मैथ्यू कुहनमैन भी शामिल हैं। पूर्व कप्तान बॉर्डर ने कहा कि आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने हड़बड़ी दिखाई और किसी भी बल्लेबाज ने रक्षात्मक खेल खेलने की कोशिश नहीं की। बॉर्डर ने फॉक्स क्रिकेट पर कहा, मैं निराश हूं, मैं स्तब्ध हूं। जिस तरह से हमने आज बल्लेबाजी की उस पर मुझे गुस्सा आ रहा है। उन्होंने कहा, उन्होंने हड़बड़ी दिखाई और बेहद लचर बल्लेबाजी की। किसी ने भी टिकने की कोशिश नहीं की। किसी ने भी रक्षात्मक खेल खेलकर विकेट पतन का प्रवाह को रोकने की कोशिश नहीं की। वे हर गेंद पर स्वीप शॉट, रिवर्स स्वीप खेलकर बस आउट हो रहे थे। पूर्व सलामी बल्लेबाज हेडन ने कहा कि वह जो कुछ देख रहे थे उस पर उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था। उन्होंने कहा, मैं जो कुछ देख रहा था उस पर मुझे विश्वास नहीं हो रहा था। वे विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने कल शाम को अच्छी बल्लेबाजी की थी। उनका रक्षण अच्छा था और उन्होंने हावी होकर खेलने का प्रयास किया, लेकिन आज हमने जो कुछ देखा वह आपदा जैसा था।ह्लह्ल पूर्व बल्लेबाज माइकल हसी ने कहा कि आस्ट्रेलिया के पास जीत का मौका था लेकिन उसने उसे गंवा दिया। उन्होंने कहा, वे बहुत निराश होंगे। आज का खेल शुरू होने से पहले उनका पलड़ा भारी था लेकिन दुर्भाग्य से उन्होंने मौका गंवा दिया। उनमें से अधिकतर ने भारतीयों को अपने विकेट इनाम में दिए। भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच को छह विकेट से गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने रविवार को यहां कहा कि उनके ज्यादातर बल्लेबाज स्वीप और रिवर्स स्वीप जैसे जोखिम भरे शॉट खेलने को लेकर सहज नहीं थे लेकिन स्पिनरों से निपटने के लिए उन्होंने यह तरीका अपनाया। उप-कप्तान स्टीव स्मिथ सहित कम से कम पांच ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज इस तरह के शॉट खेलने की कोशिश में कम उछाल वाली पिच पर गच्चा खाकर आउट हो गये।

# आंध्र सीएम की बहन बोलीं- तेलंगाना भारत का अफगानिस्तान: केसीआर को तालिबान बताया

## उनके विधायक को नपुंसक कहा, पुलिस ने हिरासत में लिया



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी की बहन और वाईएसआरटीपी पार्टी प्रमुख वाईएस शर्मिला ने तेलंगाना को भारत का अफगानिस्तान बताया है। वहां के मुख्यमंत्री केसीआर इसके तालिबान हैं। शर्मिला ने रविवार को यह बात महबूबाबाद में कही। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के सीएम एक तानाशाह और अत्याचारी हैं। तेलंगाना में भारतीय संविधान लागू नहीं है, यहां केवल केसीआर का संविधान चलता है। शर्मिला ने इससे पहले शनिवार को एक जनसभा में सत्ताधारी भारत राष्ट्र समिति यानी (बीआरएस) और महबूबाबाद विधायक शंकर नाइक के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि आपने लोगों से कई वादे किए, जिन्हें आपने पूरा नहीं किया। यदि आप अपने वादे पूरे नहीं कर रहे हैं, तो इसका मतलब है कि आप कोज्जा (नपुंसक) हैं। शर्मिला ने आरोप लगाया कि विधायक ने उन्हें और उनके समर्थकों को प्रवासी करार दिया था। उन्होंने इस बात को लेकर विधायक को किसी को प्रवासी न कहने की चेतावनी दी। साथ ही कहा कि इस बेशर्म विधायक में हमारे खिलाफ अपमानजनक और गंदी भाषा का इस्तेमाल करने की हिम्मत कैसे आई? असल में यह उनके कुकर्मों और इस निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए सुशासन सुनिश्चित करने में उनकी विफलता पर सवाल उठाता है। शर्मिला की इस टिप्पणी के खिलाफ बीएसआर ने सड़कों पर प्रदर्शन कर उनकी पार्टी के होर्डिंग और फ्लेक्स जला दिए थे। प्रदर्शनकारियों ने गो बैक शर्मिला के नारे लगाते हुए उन पर एक्शन लेने की मांग की थी। इसके चलते शर्मिला को महबूबाबाद से तेलंगाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 504 और एससी एसटी पीओए अधिनियम की धारा 3 (1) आर के तहत मामला भी दर्ज किया गया था। तेलंगाना में वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की प्रमुख वाइएस शर्मिला ने मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) को डिब्बे में रखे एक जोड़ी जूते दिखाए और प्रजा प्रस्थान पदयात्रा में शामिल होने की चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था- इन्हें पहनकर चलने में आसानी होगी और वे जनता की समस्याएं जान सकेंगे।

### पुरानी पेंशन बहाली के लिए कर्मचारियों ने सीएम आवास के पास दिया धरना, पुलिस ने की पानी की बौछारें

**नई दिल्ली।** हरियाणा में ओल्ड पेंशन बहाली की मांग को लेकर पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने आंदोलन को तेज धार दे दी है। पेंशन बहाली संघर्ष समिति अब सरकार के खिलाफ आरपार की लड़ाई के मूड में है। 19 फरवरी को सरकारी कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर पंचकूला में हरियाणा के मुख्यमंत्री के आवास के पास धरना दिया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे हरियाणा सरकार के कर्मचारियों के खिलाफ वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।

लगभग 70,000 कर्मचारी आज विरोध करने के लिए एकत्र हुए हैं। पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रवक्ता प्रवीण देशवाल ने कहा कि राजस्थान में पुरानी पेंशन योजना लागू कर दी गई है। यह भाजपा सरकार कर्मचारियों से बात नहीं करती है। हम अपना शांतिपूर्ण विरोध जारी रखेंगे। बता दें कि समिति ने 19 फरवरी को पंचकूला से कूच करके मुख्यमंत्री आवास के घेराव का ऐलान किया था।

## कैमरे के सामने बोल्ड हुईं नेहा मलिक, फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर



**नई दिल्ली।** भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। नेहा अपने सिजलिंग, ग्लैमरस और बोल्ड लुक की वजह से सोशल मीडिया में चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस की एक झलक पाने के लिए फैंस बेताब रहते हैं। एक बार फिर नेहा ने फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। नेहा मलिक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उन्हें ब्लैक कलर की ब्रालेट के साथ जालीदार टॉप और शॉर्ट्स पहने हुए देखा जा रहा है। नेहा मलिक फोटो में काफी ज्यादा ग्लैमरस लग रही हैं, जिसे देख हर कोई घायल हो रहा है। नेहा मलिक कैमरे के सामने बोल्ड पोज देती दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस के इस सेक्सी लुक ने इंटरनेट पर आग लगा दी है। नेहा की अदाएं फैंस को दीवाना बना रही हैं। नेहा ने अपना लुक खुले बालों, हेयर, हाई हील्स और बोल्ड मेकअप के साथ पूरा किया है। इन तस्वीरों में नेहा मलिक का अलग-अलग स्टाइलिश देखने को मिल रहा है। हर तस्वीर में नेहा अपना कर्वी फिगर और क्लीवेज फ्लॉन्ट कर रही हैं।

## खास खबर

### तमिल के मशहूर कॉमेडियन मयिलसामी का निधन, सेलेब्स ने जताया शोक

**चेन्नई।** तमिल सिनेमा के प्रख्यात अभिनेता मयिलसामी का रविवार तड़के निधन हो गया। दक्षिण भारतीय कलाकार संघ (एसआईएए) ने यह जानकारी दी। एसआईएए ने ट्वीट किया किया 57 वर्षीय हास्य कलाकार मयिलसामी को रविवार तड़के दिल का दौरा पड़ा। मयिलसामी ने 100 से अधिक फिल्मों में काम किया। वह टीवी परिचर्चाओं में भी भाग लेते रहे। अभिनेता के निधन पर उनके कई साथी कलाकारों ने शोक व्यक्त किया है। रमेश बाला ने बताया कि तबीयत खराब होने का बाद परिवार के लोग मयिलसामी को पोरुर रामचंद्र हॉस्पिटल लेकर दौड़े, लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बाद में डॉक्टरों ने भी मयलिसामी के निधन की पुष्टि कर दी। मयिलसामी की मौत के बाद उनका आखिरी वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह डबिंग स्टूडियो में अपनी आने वाली फिल्म 'ग्लासमेट' के लिए डबिंग करते नजर आ रहे हैं।

### फिर कांपी धरती, अरुणाचल प्रदेश आया भूकंप, कोई हताहत नहीं

गुवाहाटी। अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी भाग में रविवार दोपहर 3.8 तीव्रता का भूकंप आया। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने एक रिपोर्ट में बताया कि ताजा भूकंप दोपहर 12 बजकर 12 मिनट पर आया जो भूटान सीमा के निकट वेस्ट कामेंग में सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। मध्य-उत्तरी असम व भूटान के पूर्वी हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से तत्काल किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान होने की जानकारी नहीं मिली है। पूर्वोत्तर भारत उन क्षेत्रों में आता है, जहां भूकंप आने की काफी आशंका रहती है।

## अखिलेश की मांग केवल एक ढोंग है 2024 में उन्हें कोई लाभ नहीं होगा

### जातीय जनगणना: उपमुख्यमंत्री केशव बोले



**लखनऊ।** यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा द्वारा प्रदेश में ब्लॉक स्तर पर जातीय जनगणना शुरू करने के अभियान को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सपा 2024 के लोकसभा चुनाव में लाभ के लिए केवल ढोंग कर रही है जब सरकार में थे तब उन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने तंज कसते हुए ट्वीट किया कि सपा की जातीय जनगणना की बात केवल ढोंग है। जब सरकार में थे तब मौनी बाबा बने रहे। अब 2024 में चुनावी लाभ के लिए जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। अखिलेश यादव समाप्त हो रही सपा को बचाने के लिए अध्यक्ष पद किसी और को सौंप दें और जातिगत न्याय की शुरूआत संगठन से करें फिर ये बात करें। उन्होंने बिहार में जातीय जनगणना पर कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हाल 2019 में यूपी के (सपा बसपा कांग्रेस रालोद ) भाजपा के खिलाफ नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए किए गठबंधन से भी खराब होगा। जनता ने मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए 51 प्रतिशत वोट के साथ 64 सांसद दिए थे। सपा जातीय जनगणना को लेकर ब्लॉकवार अभियान शुरू करेगी। यह अभियान सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में चलेगा। पहले चरण में 24 फरवरी से पांच मार्च तक विभिन्न जिलों में संगोष्ठी एवं अन्य कार्यक्रम होंगे। सपा जातीय जनगणना का मुद्दा लगातार उठाती रही है। विधानसभा चुनाव के दौरान घोषणा पत्र में भी इसे शामिल किया गया था। अब पार्टी इस मुद्दे को लेकर ब्लॉकवार अभियान शुरू करने जा रही है। इसके तहत लोगों को समझाया जाएगा कि प्रदेश में इसकी जरूरत क्यों है, भाजपा इस मुद्दे से पीछे क्यों हट रही है? सपा की अभियान के तहत 24 व 25 फरवरी को वाराणसी, 26 व 27 फरवरी को सोनभद्र, 28 फरवरी और एक मार्च को मिजार्पुर, दो व तीन मार्च को भदोही और चार व पांच मार्च को प्रयागराज में संगोष्ठी होगी।

### मेघालय इखढ चीफ बोले- मैं बीफ खाता हूं:कहा- इस पर कोई पाबंदी नहीं; पार्टी को भी मेरे खान-पान से दिक्कत नहीं

**नई दिल्ली।** मेघालय में बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी ने कहा है कि वे बीफ खाते हैं और इससे उनकी पार्टी को कोई दिक्कत नहीं है। मेघालय और नगालैंड में 27 फरवरी को वोटिंग होनी है। इससे हफ्तेभर पहले मावरी ने न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में एनपीपी से गठबंधन, गो मांस बैन और सीएए जैसे मुद्दों पर बात की। इसी दौरान उन्होंने यह बयान दिया। क्या राज्य के 90% ईसाई भाजपा के कट्टर रुख को अपना लेंगे, इस पर मावरी बोले- भाजपा की सरकार को 9 साल हो चुके हैं। हमने अब तक किसी चर्च पर हमला नहीं देखा। बीफ खाने पर भी रोक नहीं है। मैं बीफ खाता हूं और मैं बीजेपी में हूं, इसमें कोई दिक्कत नहीं है। हमें विश्वास है कि मेघालय की जनता इस बार भाजपा के साथ है। मेघालय में चुनाव प्रचार करने पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नॉर्थ तुरा में 17 फरवरी की रैली में एनपीपी से गठबंधन तोड़ने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि बीजेपी अब सभी 60 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। मारवी भी उस दौरान मौजूद थे। उन्हें जनवरी 2020 में मेघालय भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था।

## तोड़े गए मंदिरों का शिवाजी ने पुनर्निर्माण कराया मोदी उस कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं: अमित शाह

### पुणे के नरहे-अंबेगांव में शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित थीम पार्क शिवसृष्टि' के पहले चरण का उद्घाटन किया

**पुणे।** गृह मंत्री अमित शाह ने मुगलों और अन्य विदेशी आक्रमणकारियों के शासन के दौरान नष्ट किए गए मंदिरों के पुनर्निर्माण के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज की रविवार को सराहना की और कहा कि मराठा योद्धा के बाद से जारी जीर्णोद्धार कार्य को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। शाह ने यह भी कहा कि छत्रपति शिवाजी के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा अत्याचार के खिलाफ विद्रोह था और उनके द्वारा शुरू की गई स्वराज की लड़ाई आज भी जारी है। शाह मराठा साम्राज्य के संस्थापक की जयंती के मौके पर पुणे के नरहे-अंबेगांव में शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित थीम पार्क शिवसृष्टि' के पहले चरण का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे। यह परियोजना 21 एकड़ भूमि में फैली हुई



है। इसकी परिकल्पना पद्म विभूषण से सम्मानित शिवशाहीर बाबासाहेब पुरंदरे द्वारा की गई थी, जिन्होंने इसके निष्पादन के लिए महाराजा छत्रपति प्रतिष्ठान का गठन किया था।

शाह ने कहा, मुगलों और अन्य विदेशी आक्रमणकारियों के शासन के दौरान कई मंदिरों को नष्ट कर दिया गया था। पिछले हफ्ते, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सप्तकोटेश्वर मंदिर का पुनर्विकास किया, जिसका पुनर्निर्माण छत्रपति शिवाजी महाराज ने किया था। इसी तरह, दक्षिण भारत के मंदिरों का भी पुनर्विकास मराठा योद्धा द्वारा किया गया था। शिवाजी महाराज ने मंदिरों के सामने भव्य द्वार बनवाए और इन संरचनाओं को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज के बाद, बाजीराव पेशवा, नानासाहेब पेशवा, माधवराव पेशवा और अंत में पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी ने मंदिरों के जीर्णोद्धार की इस परंपरा को जारी रखा। आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उस काम को आगे बढ़ा रहे हैं, क्योंकि राममंदिर बन रहा है, काशी विश्वनाथ गलियारे का भी निर्माण किया गया है और सोमनाथ मंदिर को सोने से सजाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार और प्रधानमंत्री मोदी कई मंदिरों का पुनर्विकास करा रहे हैं। शाह ने कहा कि भारत के इतिहास को आकार देने में शिवाजी महाराज का बहुत बड़ा योगदान है।

उन्होंने कहा कि महान मराठा शासक पर शोध करते हुए, उन्हें महाराष्ट्र के पहले मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण का एक बयान मिला। शाह ने चव्हाण के हवाले से कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज न होते, तो सारी दुनिया जानती है कि भारत का क्या हश्र होता। पाकिस्तान की सीमा के लिए बहुत दूर जाने की जरूरत ही नहीं पड़ती। शायद सीमा आपके और मेरे घर के बाहर मिल जाती। उन्होंने कहा, मैं कहना चाहूंगा कि शिवाजी महाराज का जीवन सत्ता हासिल करने के बारे में नहीं था। उनका जीवन 100 से अधिक वर्षों से किए गए अत्याचारों के खिलाफ विद्रोह करने के बारे में था। उनका जीवन 'स्वधर्म' के लिए लड़ने और 'स्वभाषा' की प्रशंसा करने के बारे में था। उनका जीवन 'स्वराज' की स्थापना के बारे में था। शाह ने कहा कि स्वराज की स्थापना करके उन्होंने (शिवाजी) दुनिया को संदेश दिया था कि कोई भी भारत पर अत्याचार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का यह विचार 1857 तक प्रासंगिक था।

## बजट में राम मंदिर निर्माण की घोषणा जनता के लिए है, राजनीति के लिए नहीं: सीएम बोम्मई

### सहयोग का अनुरोध करते हुए कहा कि वहां मंदिर जरूर बनेगा



**शिग्गावी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार को कहा कि उन्होंने रामनगर जिले के रामदेवरा बेट्टा में लोगों की इच्छा के अनुरूप 'भव्य' राम मंदिर के निर्माण की घोषणा की है और इसके पीछे कोई राजनीतिक कारण नहीं है। उन्होंने इस संबंध में सभी से सहयोग का अनुरोध करते हुए कहा कि वहां मंदिर जरूर बनेगा। बोम्मई ने एक सवाल के जवाब में कहा, मैंने कांग्रेस, जद (एस) या भाजपा को ध्यान में रखते हुए इसकी घोषणा नहीं की। उस स्थान की एक ऐतिहासिक पहचान है, वहां ऐतिहासिक रामदेवरा बेट्टा (पहाड़ी) है, वहां लंबे समय से एक पुराना राम मंदिर है, और यह लोगों की इच्छा है कि वहां एक नया राम मंदिर बनाया जाए। बोम्मई ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने लोगों की इच्छा के अनुरूप यह घोषणा की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसमें हर कोई सहयोग करेगा और कोई भी परियोजना का विरोध नहीं करेगा। उन्होंने कहा, अगर कोई विरोध करना चाहता है, तो उसे करने दें। मैं विरोध नहीं करूंगा, लेकिन वहां राम मंदिर जरूर बनेगा।₹ मुख्यमंत्री द्वारा शुक्रवार को बजट में यह घोषणा किए जाने के तुरंत बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा था, ₹वहां पहले से ही एक छोटा मंदिर है, अब उनके पास (सत्तारूढ़ भाजपा) निर्माण करने के लिए क्या है? उन्हें रामनगर में वहां पहले अपना पार्टी कार्यालय बनाने दें। जद (एस) के नेता एच डी कुमारस्वामी ने कहा था, ₹अगर उन्होंने (भाजपा) तीन साल पहले सत्ता में आने पर इसकी घोषणा की होती और मंदिर का निर्माण किया होता, तो मैं इसकी सराहना करता।

## हिमाचल प्रदेश : चार विधायकों ने प्रदेश हित में छोड़ी सरकारी सुविधा

### इन्होंने सरकारी खर्च बचाने के उद्देश्य से पी.एस.ओ न लेने की घोषणा की है

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चार विधायकों ने सरकारी सुविधा को दर किनार कर दिया। इन विधायकों में संजय अवस्थी, राजेश धमार्णी, विनोद सुल्तानपुरी और इनके अलावा भाजपा के शीर्ष व तेज तर्रार नेता डॉ. राजीव बिंदल को हराकर पहली बार नाहन के विधायक बने अजय सोलंकी शामिल हैं जिन्होंने पीएसओ लेने से इनकार किया है। इन्होंने सरकारी खर्च बचाने के उद्देश्य से पी.एस.ओ न लेने की घोषणा की है।

स्मरण रहे संजय अवस्थी मुख्य संसदीय सचिव भी हैं। उनके इस निर्णय की जम-कर प्रशंसा की जा रही है। दुखद तथ्य हालांकि, यह है कि ऐसे प्रशंसनीय कदम जिसको जनसमर्थन मिलना चाहिए वह मिलता नहीं है। सोलन जिला से पहले भी मोहिन्द्र नाथ सोफत ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में बतौर मंत्री मिलने वाली



कोठी लेने से इंकार करते हुए दो कमरो के फ्लैट में ही रहने को प्राथमिकता दी थी और कोई कर्मचारी भी नहीं रखा था। खैर अब देखना ये होगा की और कितने कांग्रेस या भाजपा के विधायक इन तीन विधायकों का अनुकरण करते हैं। गौरतलब है कि ये तीनों नेता सत्तारूढ़ दल कांग्रेस से संबंधित है और इनका यह निर्णय ऐसे समय पर आया है जब प्रदेश भारी कर्ज और खर्च के दबाव में है। उनके इस निर्णय से दोहरा फायदा होगा, पहला खर्च मे कटौती होगी और दूसरा उन स्थानों पर स्टाफ मिल सकेगा, जहां पर पद खाली चल रहे हैं। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने भी अपने साथ चलने वाली पुलिस एस्कोर्ट लौटाकर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया था। उस समय भी सोशल नेटवर्किंग पर अन्य पूर्व मुख्यमंत्रियों से शांता का अनुकरण करने की उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन उस समय उम्मीद करने वालों के हाथ निराशा ही लगी थी। उल्लेखनीय है कि 1992 तक किसी भी विधायक को पी.एस.ओ नहीं दिया जाता था। वर्तमान मे हिमाचल सरकार को हर तरह की फिजूल खर्ची रोकने की जरूरत है। नई कांग्रेस सरकार भी पिछली सरकार की तर्ज पर कर्ज लेने शुरू कर दिए हैं। अब तक 1500 करोड़ का कर्ज लिया जा चुका है और 2000 करोड़ लिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में इन तीनो विधायकों द्वारा लिए गए इस सार्थक निर्णय का समर्थन सभी को करना चाहिए और इन्हे इस सार्थक पहल की हार्दिक बधाई देनी चाहिए।

## 'चुनाव चिन्ह और शिवसेना नाम के लिए हुई 2 हजार करोड़ की डील'

### संजय राउत का बड़ा आरोप



**मुंबई।** शिवसेना का चुनाव चिन्ह और पार्टी का नाम छिनने के बाद भाजपा और शिंदे गुट पर उद्धव गुट के हमले लगातार जारी हैं। इस सियासी दंगल में अब संजय राउत ने भी एंट्री कर ली है। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि शिवसेना का नाम और चुनाव चिन्ह हासिल करने के लिए 2 हजार करोड़ रुपए की भारी-भरकम डील हुई है।

मैंने ट्वीट कर बताया है कि जिस तरह से हमने तीर-बाण चुनाव निशान और नाम छीनने के लिए 2000 करोड़ का लेन-देन हुआ है यह मेरा आरोप है..जो गद्दार गुट के लिए एक विधायक 50-50 करोड़ का भाव लगाते है..ऐसे पार्टी ने चुनाव निशान लेने के लिए..जरूर इतनी रकम खर्च की होगी..यह मुझे भरोसा है।

इससे पहले संजय राउत ने ट्वीट कर कहा-हमारा 'धनुष और बाण' चोरी हो गया है। उच्चाधिकारियों के लोग शामिल हैं। हम सरगना का पता लगाएंगे और उसे जनता के सामने लाएंगे। हमें नई पार्टी का साइन बाद में मिलेगा लेकिन उससे पहले हम इन चोरों का पदार्फाश करेंगे। बीजेपी शिवसेना पर वोट के लिए उसके नाम का इस्तेमाल करने का आरोप लगा रही है। अब वे वोट के लिए बालासाहेब के नाम का इस्तेमाल करेंगे। इसके लिए उन्होंने हमारा 'धनुष-बाण' चुराया है। शिवसेना कोई साधारण पार्टी नहीं है, हम हमेशा रहेंगे और भविष्य में फिर से सत्ता में आएंगे।

## भाजपा ने उत्तर प्रदेश में सभी 80 लोकसभा सीटों को जीतने के लिए बनाई रणनीति

### राज्य की 80 सीटों में बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, रायबरेली, घोसी, लालगंज, जौनपुर, अंबेडकर नगर, गाजीपुर और नगीना सीटों पर अभी गैर भाजपा दलों का कब्जा

**लखनऊ।** सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा है और इस कड़ी में पहली प्राथमिकता उन 14 सीटों को जीतने की है जिसे भाजपा 2019 में जीत नहीं सकी थी। इन 14 क्षेत्रों में पार्टी के दिग्गज नेताओं के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में 14 सीटें ऐसी हैं जिसे 2019 में भाजपा जीत नहीं सकी थी, लेकिन उपचुनावों में समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रभाव वाली आजमगढ़ और रामपुर जैसी सीटों को जीतने के बाद पार्टी का उत्साह बढ़ा है। राज्य की 80 सीटों में बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, रायबरेली, घोसी, लालगंज, जौनपुर, अंबेडकर



नगर, गाजीपुर, श्रावस्ती, मैनपुरी, सहारनपुर और नगीना सीटों पर अभी गैर भाजपा दलों का कब्जा है। इनमें 10 सीटों पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा), तीन सीटों पर सपा और रायबरेली सीट पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का प्रतिनिधित्व है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि हारी हुई सीटों पर पार्टी ने अपनी ताकत, कमजोरी, चुनौतियों और खतरों का आकलन करने के लिए चार केंद्रीय मंत्रियों नरेन्द्र सिंह तोमर, अन्नपूर्णा देवी, अश्विनी वैष्णव और जितेन्द्र सिंह को जिम्मेदारी सौंपी है और ये मंत्री पहले चरण में इन क्षेत्रों का आकलन कर पार्टी को रिपोर्ट दे चुके हैं। इन 14 सीटों पर संगठन और सरकार के बीच समन्वय बनाने के लिए संगठन के तजुबेर्कार भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य को अधिकृत किया गया है।

पार्टी से मिली जानकारी के अनुसार, नरेन्द्र सिंह तोमर को लालगंज, अंबेडकर नगर, श्रावस्ती और रायबरेली, अन्नपूर्णा देवी को जौनपुर, गाजीपुर, घोसी, जितेन्द्र सिंह को मैनपुरी, संभल, मुरादाबाद और अमरोहा और अश्विनी वैष्णव को सहारनपुर, नगीना तथा बिजनौर लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी की तैयारियों को परखने और निगरानी की जिम्मेदारी मिली है। पिछले महीने लखनऊ में हुई भाजपा की कार्यसमिति में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने राज्य की सभी 80 लोकसभा सीटों को जीतने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी। इस कड़ी में राजनीतिक, सामाजिक समीकरण साधने के साथ ही पार्टी ने केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी समूहों के साथ बैठक करने और कोर कमेटी, बूथ कमेटी से लेकर समाज के सक्रिय वर्गों से संवाद शुरू किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कार्यकाल बढ़ाये जाने के बाद 20 जनवरी को अपनी पहली उत्तर प्रदेश यात्रा गाजीपुर संसदीय क्षेत्र में की, जहां उन्होंने पूर्व सैनिकों से लेकर बूथ कमेटी और समाज के प्रमुख वर्ग के लोगों से सीधा संवाद किया।

### 12 चीतों के मध्य प्रदेश आने से भारत की वन्यजीव विविधता को बढ़ावा मिला है: प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों के मध्य प्रदेश आने से भारत की वन्यजीव विविधता को बढ़ावा मिला है। उल्लेखनीय है कि ये 12 चीते शनिवार को मध्य प्रदेश पहुंचे और उन्हें श्योपुर जिले के कुनो नेशनल पार्क (केएनपी) में अलग-अलग बाड़ों में छोड़ दिया गया। पांच महीने पहले एक अन्य अफ्रीकी देश नामीबिया से आठ चीते लाए गए थे। मध्य प्रदेश में चीतों के पहुंचने से संबंधित पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के एक ट्वीट को टैग करते हुए मोदी ने ट्विटर पर लिखा, इस घटनाक्रम से भारत की वन्यजीव विविधता को बढ़ावा मिला है। भूपेंद्र यादव ने शनिवार को ट्वीट किया था, स्वागत है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में शुरू किया गया प्रोजेक्ट चीता आज कुनो नेशनल पार्क में एक और मील के पत्थर पर पहुंच गया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की उपस्थिति में 12 चीतों को बाड़ों में छोड़ा गया।



**बापू मॉल के पास लगे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां के नाम के शिलापट्ट को अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खान ने हथौड़े बरसाकर तोड़ दिया। नगरपालिका की ओर से इस मामले में तहरीर दे दी गई है और नया शिलापट्ट बनाने के ऑर्डर दे दिए गए हैं। कोतवाली में आरोपी के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पालिका के ईओ का दावा है कि रविवार की रात तक ही नया शिलापट्ट लगा दिया जाएगा।**

# इमामबाड़े में चल रहे निर्माण को रोकने गए दो पुलिसकर्मियों पर हमला

**दबंगई**

**बड़ी संख्या में पहुँची पुलिस ने दर्जनभर महिला पुरुषों को लिया हिरासत में**

**जनसंदेश न्यूज**

**नौपेड़वा।** बक्शा थाना क्षेत्र के कर्तिहा गांव में रविवार को शिकायत पर इमामबाड़े के पीछे लग रहे दरवाजे को रोकने गए दो पुलिसकर्मियों पर निर्माण करने वाले लोगों ने हमला बोल दिया। हमले में हल्के के दो सिपाहियों को चोटें आई है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ पहुँच मौके से करीब दर्जनभर महिला पुरूष को हिरासत में लेकर थाने ले आये।

उक्त गांव निवासी शिकायतकर्ता अब्दुल खालिक ने सुबह थाने पहुँच लिखित तहरीर दिया कि विपक्षी नसीन, उरफी, सैफ, अमन व कसीम इमामबाड़ा बनवा रहें है। इमामबाड़ा बनने के बाद विपक्षी मेरे पुस्तैनी जमीन की तरफ दरवाजा लगवा रहे थे रोकने पर विवाद की स्थिति देख अब्दुल 112 नम्बर पुलिस को बुला थाने पहुँच लिखित तहरीर देते हुए निर्माण रोकने की बात कही। थाने से हल्का सिपाही चन्दन यादव व अभिषेक कुमार मौके पर पहुँच दोनों पक्षों से निर्माण रोककर थाने चलने की बात कही तो निर्माण करने वाला पक्ष वाद विवाद करने लगा। बात बढ़ने पर उक्त लोगों ने सिपाहियों पर ईंट पत्थर से हमला बोल दिया। घायल दोनों सिपाहियों ने थाने पर सूचना दी। थोड़ी ही देर में थानाध्यक्ष बड़ी संख्या में पुलिस टीम को लेकर मौके पर पहुँच करीब दर्जन भर महिला पुरुष को हिरासत में लेकर थाने पहुँचे। उधर हिरासत में लिए गए लोगों के परिजनों ने बताया कि मौके पर पहुँचे सिपाहियों द्वारा पकड़े गए दो युवकों ने हाथ छुड़ाकर भागने का प्रयास किया जिस पर सिपाहियों के ईंट पर गिरने से चोटे आई है। उधर दोनों सिपाहियों का पुलिस ने मेडिकल कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर रही है।

> इमामबाड़े के दरवाजे को लेकर दो पक्षों में विवाद था। शिकायत पर पुलिस गई थी निर्माण करने वाले लोग पुलिस टीम से उलझकर हाथापाई करने लगे। चलाए गए ईंट पत्थर से दो सिपाहियों को चोटें आई है। उक्त मामले में कुल 20 नामजद व 25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। 6 नामजद लोगों को हिरासत में लिया गया है।
>
> **त्रिवेणी सिंह थानाध्यक्ष बक्शा**

**एक माह के अंदर दूसरी बार पुलिस पर हमला**

पुलिसकर्मियों की शिथिलता कहें या बड़ी लापरवाही मात्र एक माह के अंदर दूसरी बार पुलिसकर्मियों पर हमला हुआ है। इसके पूर्व जनवरी माह में थाने के एक सिपाही की बीरभानपुर गांव में मनबढ़ युवकों द्वारा पिटाई कर दी गई थी। रविवार को पुनः कर्तिहा गांव में पुलिसकर्मियों की पिटाई की खबर पर ग्रामीण तरह-तरह की चर्चा करते देखे गए।

# खो-खो, काव्य व निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**


निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कुलपति निर्मला एस. मौर्य के निर्देशन पर दीक्षोत्सव के संदर्भ में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके परिपेक्ष में खेल प्रतियोगिता काव्य लेखन, निबंध लेखन एवं अन्य प्रतियोगिताएं कराई गयीं। खेल प्रतियोगिता में परंपरागत महिला खेल खो-खो में कुल 4 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें बी-फार्मा प्रथम, बी-फार्मा द्वितीय रहीं और पुरुष खो-खो में कुल 5 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें बीटेक प्रथम, बी फार्मा द्वितीय और डी फार्मा तृतीय रहे। परंपरागत खेलकूद की समन्वयक डॉ. नीरज अवस्थी एवं महिला परंपरागत खेलकूद की समन्वयक डॉ. रेखा पाल एवं डॉ. सोनम झा रहीं। काव्य लेखन में आदित्य प्रथम, आंचल सिंह द्वितीय और आकांक्षा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

काव्य लेखन के समन्वयक डॉ. रसिकेश रहे। निर्णायक मंडल के रूप में महेंद्र यादव एवं मोहन पांडे रहे। इस मौके पर डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. सुशील कुमार वर्मा, डॉ. अनु त्यागी, हर्ष कुमार साहू, प्रियांशु प्रधान, विकास सोनी, रिशु सिंह, प्रशांत यादव एवं सौम्या राय मौजूद रहीं।

## दो पक्षों में चले लाठी-डण्डे महिला सहित पांच घायल

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के आरा गांव में शनिवार शाम को विवादित जमीन पर घूर रखने को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के ऊपर लाठी डंडे से हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में महिला सहित पांच घायल हो गए। मौके पर पहुँची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। उक्त थाना क्षेत्र के आरा गांव के अखिलेश यादव व केदार नाथ यादव में विवादित जमीन पर घूर रखने को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवादित जमीन पर शनिवार शाम को केदार यादव अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घूर रखने लगे जिसे देखते ही अखिलेश ने मना किया। इसी बात को लेकर केदार व उनके घर के सुंदर लाल, हरेंद्र जोगिंदर आदि लाठी डंडे लेकर अखिलेश को मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने आये लक्ष्मण, सुनील, पूनम व अंकिता को भी लाठी डंडे से पीटकर बुरी तरह घायल कर दिया। इस खूनी संघर्ष में अखिलेश यादव, सुनील कुमार, लक्ष्मण, पूनम व अंकिता को काफी चोट आई। इसी बीच मारपीट की सूचना किसी ने पुलिस को दे दिया। मौके पर थाने की फोर्स व डायल 112 पुलिस पहुंच गयी। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया।

# एसडीएम ने तहसील परिसर की साफ-सफाई का लिया जायजा


तहसील परिसर में साफ-सफाई के लिए निर्देश देती एसडीएम

**जनसंदेश न्यूज**

**केराकत।** उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने रविवार की शाम अपने मातहतों के साथ तहसील परिसर में व्याप्त गन्दगी के मद्देनजर साफ-सफाई करने के साथ-साथ निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

तहसील के संग्रह अमीन कार्यालय, गार्डरूम, आरके दफ्तर, उपजिलाधिकारी न्यायालय परिसर व तहसील सभागार सहित आदि जगह पर साफ- सफाई कर चूने का छिड़काव कराया, वहीं मातहतों को सफाई के प्रति सजग और सचेत रहने की हिदायत दी तथा जगह जगह कूड़ा दान रखने को निर्देशित किए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक हनुवंत तिवारी, बिहारी, लेखपाल धर्मेन्द्र कुमार, श्रीनिवास दूबे, अजित, प्रेम यादव, फतेहबहादुर यादव, श्रीनिवास दूबे सहित आदि राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

# घरों पर बुलडोजर चलाना कायरता : मुन्ना

**नाराजगी**

**आप ने आयोजित किया बुलडोजर आहुति यज्ञ**

**जनसंदेश न्यूज**


विसर्जन घाट पर बुलडोजर आहुति यज्ञ करते आप के पदाधिकारी

**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा रविवार को बुलडोजर आहुति यज्ञ का कार्यक्रम विसर्जन घाट सद्भावना पुल के नीचे दोपहर लगभग 12 बजे आयोजित किया।

इस मौके पर बौद्ध प्रांत प्रभारी डॉ. अनुराग मिश्रा ने कहा कि लगातार हो रहे गरीबों और मजदूरों के ऊपर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का बुलडोजर अत्याचार कर रहा है और अडानी के महाघोटाले के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी आवाज उठा रही है इसलिए पूरे उत्तर प्रदेश में पार्टी द्वारा बुलडोजर आहुति यज्ञ का कार्यक्रम रखा गया है। जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने कानपुर में ब्राह्मण परिवार के साथ हुई घटना की निंदा करते हुए कहा कि जनपद में जहां कहीं भी अगर अलग तरीके से गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाया जाएगा तो आम आदमी पार्टी इसका पूरी तरह विरोध करेगी और किसी भी हाल में गलत तरीके से गरीबों की जमीनों पर कब्जा या बुलडोजर चलाने नहीं दिया जाएगा। महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनीता मिश्रा ने कहा कि यह बहुत ही गलत बात है कि बुलडोजर सिर्फ गरीबों के घरों पर चलाया जा रहा है किसी उन भाजपा के नेता जो गलत कार्य कर रहे हैं उनके घरों पर बुलडोजर नहीं जाता है। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव एचएन तिवारी ने कहा कि आज के बुलडोजर यज्ञ आहुति कार्यक्रम से हम यह संदेश दे रहे हैं कि गलत तरह से जो बुलडोजर चलाया जा रहा है उस पर रोक लगाई जाए। कार्यक्रम में काशी प्रांत वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामरतन विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, जिला सचिव डॉ. अमित श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. दिवाकर मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी अतुल तिवारी, जिला महासचिव महिला प्रकोष्ठ पूजा सिंह, मोहम्मद इस्लाम, अनुराधा श्रीवास्तव, इसरावती विंद इत्यादि लोग मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम की सूचना आम आदमी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी ने दिया।

## अभियुक्त के घर धारा 82 का तामिला

**नौपेड़वा।** थाना बक्सा के वांछित अभियुक्त अजीत कुमार प्रजापति पुत्र राम रतन प्रजापति ग्राम सरौली थाना तेजीबाजार के विरूद्ध माननीय न्यायालय से निर्गत धारा 82 सीआरपीसी का तामिला नियमानुसार विवेचक उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह व प्रभारी थाना बक्सा द्वारा अभियुक्त के घर पर चस्पा कराया गया एवं गाँव में डुगडुगी पिटवायी गयी।

## संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**जौनपुर।** रविवार को उर्मिला बाल शिक्षा मन्दिर अफलेपुर मल्हनी बाजार में श्रुति स्तुति शिक्षण एवं समाज कल्याण ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व दवा वितरण का आयोजन किया गया। शिविर के आयोजक डा. शाहिद खान, डा. अब्बासी ने शिविर में करीब 200 मरीजों का परीक्षण करवाया। इस शिविर में जनपद के वरिष्ठ फिजीशियन डा. संजय सिंह, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. नवीन सिंह, डा. ममता सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग एएस कौशिक एवं गठिया रोग विशेषज्ञ डा. पीके सिंह ने अपना योगदान दिया। अंत में श्रुति स्तुति शिक्षण एवं समाज कल्याण की मुख्य ट्रस्टी डॉ. ज्योति सिंह ने शिविर में आये हुए लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में राकेश सिंह मुरारी, संतोष सिंह, अकिंत, लालू एवं प्रवेश आदि का विशेष योगदान रहा।

### खेलकूद प्रतियोगिता कराने से बच्चों में बढ़ता है उत्साह : सुबास यादव

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के छितौना गांव में शनिवार की सुबह खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम प्रधान ममता यादव की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. एसपी यादव रहे। कार्यक्रम का आरंभ फीता काटकर किया गया। इस दौरान दो सौ, चार सौ व आठ सौ मीटर की दौड़ समेत कुश्ती, कबड्डी व कराटे कराये गये। विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गाया। इस मौके पर प्रधान पति फौजी सुबास यादव ने कहा कि खेल कूद प्रतियोगिता कराने से बच्चों का उत्साह बढ़ता है। इसलिए हर वर्ष महाशिवरात्रि के पर्व पर इस वर्ष भी खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। उन्होंने कहा कि खेल को देखते हुए हमारे गांव में केडी स्पोर्ट कराटे एकेडमी की शाखा खोली गई है जहां बच्चों को खेल के गुर सिखाए जाते है। मेरा मानना है कि हर किसी को खेल प्रतियोगिता करवानी चाहिए। हमारे क्षेत्र के बच्चों ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में गांव व प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर अजय सिंह, आईटीवीटी के जवान अजय कुमार सिंह, कोच सोनू यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### रोजगार मेले में 60 अभ्यर्थी चयनित

**शाहगंज।** बसंती देवी आईटीआई में रोजगार मेले का शनिवार को आयोजन किया गया। धूत ट्रांसमिशन कंपनी के प्रतिनिधियों ने रोजगार मेले में करीब 100 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जिसमें से 60 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। संस्थान के निदेशक दिवाकर मिश्रा ने बताया कि अग्रणी कंपनी धूत ट्रांसमिशन के प्रतिनिधि के तौर पर कंपनी के एचआर हेड अभिनव यादव और उनके सहयोगी कपिल की देखरेख में अभ्यर्थियों का साक्षात्कार हुआ। कंपनी के एचआर हेड अभिनव यादव ने अभ्यर्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और न चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान संस्थान के वरिष्ठ लिपिक ईश नारायण मिश्रा, अनुदेशक विकास जायसवाल, सुनील तिवारी, नरसिंह तिवारी, राजेश यादव, सौरभ आदि मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं ने छका प्रसाद, देर रात तक चलता रहा भंडारा



**खेतासराय।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर विभिन्न जगहों पर पंडाल लगाकर व अन्य तरीकों से विधि-विधान से शिवजी की पूजा अर्चना की गयी। इसके पश्चात भण्डारे का भी आयोजिन किया गया। जिसके क्रम में स्थानीय गोलाबाजार रामलीला मैदान में शिव मन्दिर में पूजा अर्चना के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने जमकर प्रसाद छका। भण्डारा देर रात तक चलता रहा। उक्त शिव मंदिर पर शिवरात्रि के दिन बाबा बफार्नी ग्रुप की तरफ से विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाता है जिसमें क्षेत्र के आस-पास इलाकों के लोग प्रसाद ग्रहण करते है। युवा भाजपा नेता व सभासद मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि यह भण्डारा शिव मन्दिर के निर्माण व मूर्ति स्थापित के उपलक्ष्य में नगरवासियों के सहयोग से किया जाता है। आज से लगभग 15 वर्ष पूर्व शिवरात्रि के दिन नवनिर्माण मंदिर में मूर्ति स्थापना की गई थी, तब से लगातार शिवरात्रि के दिन भण्डारे का आयोजन किया जाता है। भण्डारे में सहयोग के लिये लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा भी लेते है। भण्डारे में श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ एकत्र होती है कि आने-जाने वालों की लाइन टूटने का नाम नहीं लेती है। उन्होंने बताया कि भण्डारे में भारी मात्रा में श्रद्धालुओं को को देखते हुए सुविधानुसार प्रसाद वितरण के लिए दो पंडाल लगाए गए थे। भण्डारे में स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री गिरीशचंद्र यादव भी शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया और सराहना करते हुए हौसला बढ़ाया। भण्डारा देर रात तक चलता रहा, जिसमें लगभग पांच हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य रूप से मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह, मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, बृजनाथ जायसवाल, कपूर चन्द्र जायसवाल, अनिल प्रजापति, जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय, शनि गुप्ता, अनूप गुप्ता, रविंश गुप्ता उर्फ विक्की, राकेश कुमार गुप्ता, मुकेश, गुड्डू प्रजापति, पप्पू पटवा, रवि बरनवाल समेत आदि लोग उपस्थित रहे। अंत में उक्त सभासद ने आगन्तुकों और सहयोगी लोगों का आभार प्रकट किया।

### शोकसभा आयोजित कर दी गयी श्रद्धांजलि

**गौराबादशाहपुर।** सेवईनाला स्थित मां कलावती इंटर कालेज में रविवार को एक शोकसभा प्रबंधक घनश्याम यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा इकाई जौनपुर के जिलाध्यक्ष एवं गौरव शिक्षा संस्थान धमार्पुर के प्रबंधक लालजी यादव की माता सोनवर्षा देवी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर लालचंद यादव, एनके प्रजापति, राजभुवन यादव, संतोष यादव, रामभुवन यादव, प्रेमप्रकाश यादव, जगदीश गुप्त आदि उपस्थित रहे।

# शाम ढलते ही रोडवेज डिपो पर इकट्ठा हो जाते हैं सुरा प्रेमी


रोडवेज परिसर में फैली गंदगी


महिला शौचालय का टूटा दरवाजा


छत पर पड़ी बीयर की केन


बेतुकी खड़ी बाइक व बिखरी पानी की बोतलें


परिसर में ध्वस्त शौचालय

**जनसंदेश न्यूज**

**पड़ताल**

**प्रभारी एआरएम से नहीं संभल पा रही डिपो की कमान**

**चहुंओर परिसर में गंदगी का साम्राज्य, यात्रियों की हो रही फजीहत**

**जौनपुर।** जौनपुर डिपो पर बसों के संचालन में घोर असुविधायें तो थी हीं लेकिन अब स्टेशन की व्यवस्था भी प्रभारी एआरएम/सीनियर फोरमैन से नहीं संभाली जा रही है।

वर्कशॉप से लेकर स्टेशन परिसर में गन्दगी का अम्बार लगा रहता है। शाम ढलते ही परिसर में शराब की पार्टी का दौर शुरू हो जाता है। आये दिन रोडवेज के छत की सीढ़ियों व कार्यालयों में बियर व अग्रेजी शराब की बोतलें पाई जातीं है। बताया जाता है कि अभी कुछ दिन पहले ही स्थानान्तरित हुए एआरएम राजेन्द्र सिंह यादव ने रोडवेज की व्यवस्थाओं में खासा सुधार लाते हुए डिपो के संचालन की व्यवस्था पटरी पर आती दिख रही थी लेकिन वर्कशॉप की खामियों के चलते लगातार यात्रियों को असुविधाएं ही झेलनी पड़ रही हैं।

जानकारी के अनुसार हमेशा से अपनी कार्य प्रणाली को लेकर चर्चा में रहने वाला जौनपुर डिपो एक बार फिर सुर्खियों में है। अंधेरा होते ही परिसर में गांजा, शराब, बियर आदि नशीने पदार्थों का सेवन करने वालों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है जिससे रात में सफर करने वालों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार शाम को अंधेरा होते ही कुछ कर्मचारी कार्यालय परिसर में शराब का सेवन शुरू कर देते हैं। शाम होते ही जौनपुर डिपो से कुछ रूटों के लिये बसों का संचालन बन्द हो जाता है।

रोडवेज सेवाएं फिर से चरमराने लगीं हैं। जौनपुर डिपो से गोरखपुर-आजमगढ़-इलाहाबाद की गाड़ियों का संचालन शाम होते ही बन्द कर दिया जाता है। वहीं टंकी भरने के बाद पूरे स्टेशन पर पानी लगा रहता है। परिसर में शौचालय की हालत भी काफी छतिग्रस्त है तो वहीं महिला शौचालय का दरवाजा भी टूटा पड़ा है। स्टेशन की क्षमता के अनुरूप बसों की प्रतीक्षा में यात्रियों के बैठने की व्यवस्थाएं भी दुरूस्त नहीं है। बतातें चले कि वर्तमान जौनपुर डिपो के एआरएम के चार्ज में फोरमैन हरिशरण शुक्ला का कार्यकाल हमेशा विवादों से घिरा रहा है। इससे पहले भी वे आजमगढ़ डिपो पर इसी पद पर कार्यरत रहते हुए वाटर ब्वाय देवमती देवी के साथ अभद्र व्यवहार कर चुके है जिसकी जाँच वर्तमान में भी जारी है, यही नहीं डिपो के समस्त कर्मचारियों को भी किसी न किसी तरह से परेशान करतें रहतें है।

## शटर चांड़कर एटीएम में घुसे चोर उठा ले गए इनवर्टर और बैट्रियां

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय नगर के आदर्श कालोनी में स्थित बंद मकान के गेट की कुंडी काट कर 50 हजार नकदी समेत लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात चोरी हो जाने की घटना के तुरंत बाद ही शनिवार की रात हौसला बुलंद चोरों ने लबे रोड एटीएम का शटर चांड़कर उसमें घुसे और सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर इन्वर्टर एवं आधा दर्जन बैट्रियां उठा ले गए। सुबह आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। प्रयागराज मार्ग पर सार्वजनिक इण्टर कालेज के सामने स्थित आशीष कुमार उर्फ शेरू के मकान में वन इंडिया का एटीएम लगा है। शनिवार की रात में चोरों ने रूम का शटर चांड़कर अंदर घुस कर एटीएम मशीन को संचालित करने हेतु लगाए गए इन्वर्टर और आधा दर्जन बैट्री चुरा ले गए। सुबह आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गई। इस बाबत थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी का कहना है कि चोरों ने एटीएम से छेड़छाड़ नहीं की है सिर्फ बैटरी ले गये है घटना की जांच की जा रही है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 350 मरीजों का उपचार


स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक

**जनसंदेश न्यूज**

**खेतासराय।** रविवार को मनेछा बाजार में समाजसेवी स्व. हफीजुल्लाह की स्मृति में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 350 मरीजों का उपचार किया गया। शिविर का उदघाटन वरिष्ठ सपा नेता मोहम्मद आजम खान ने सुबह फीता काटकर किया।

शिविर में मुख्य रूप से डाक्टर हैदर अब्बास, डाक्टर इरफान, डाक्टर अबु उमर, डाक्टर अबु फैसल, डाक्टर अरीबुज जमा, डाक्टर मुहम्मद आजम, डाक्टर नाजिया बानों ने मरीजों का उपचार किया। मरीजों को जांच के बाद निःशुल्क दवा वितरित की गई। स्वास्थ्य शिविर के आयोजक मंडल में हाजी जियाउद्दीन, मो. असअद, सकलैन, अमजद, खुर्शीद, हकीमुद्दीन, अमीनुद्दीन, तैयब नेता, नौशाद आदि देखरेख में लगे रहे।

## 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ

**केराकत।** क्षेत्र के बेहड़ा ग्राम स्थिति सुखमय महिला महाविद्यालय के प्रांगण में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ उमानाथ पांडे ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज को जागरूक करने का एक सफल प्रयास है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना बालिकाओं के सर्वांगीण विकास करने में मुख्य योगदान आज के परिवेश में कर रही हूँ। कार्यक्रम में बालिकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा उससे संबंधित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए यह शपथ लिया कि मैं राष्ट्र की सेवा करने के लिए तन मन और धन से हमेशा तैयार रहूंगी। कार्यक्रम में डॉ. प्रज्ञा पांडे, डॉ. अवध बिहारी खरे, डॉ. मधुकर सिंह, डॉ. श्रवण कुमार, प्रणव कुमार चौबे तथा संस्था के सभी कर्मचारीगणों की विशेष रूप से सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन रुचि पांडे, सौम्या पांडे, पूजा सिंह, आफरीन, चांदनी यादव ने किया।

# शोभायात्रा निकालकर मनाया गया श्रीश्री ठाकुर का जन्मोत्सव


श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चन्द के जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा में शामिल अनुयायी

**जौनपुर।** सत्संग विहार हुसैनाबाद के तत्वावधान में श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चन्द का 135वां महा जन्मोत्सव रविवार को धूमधाम के साथ बीआरपी इण्टर कालेज के मैदान में मनाया गया।

महोत्सव प्रातः काल से ही प्रारंभ किया गया और सायंकाल तक निर्विघ्न संचालित किया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं के साथ शोभायात्रा गाजे बाजे व भजन के साथ बन्दे पुरूषोत्तम जयघोष के साथ उत्सव स्थल से चलकर टीडीपीजी कालेज के उत्तरी गेट से लाइन बाजार चौराहे से कलेक्ट्रेट होते हुए रोडवेज से वापस उत्सव स्थल पहुंची। प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द यादव, कार्यवाहक अध्यक्ष लोक सेवा आयोग उप्र नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दिनेश टण्डन सहित उत्तराखण्ड तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के बड़ी संख्या में अनुयायियों ने भागीदारी की। धर्म सभा में वक्ताओं ने कहा कि पुरूषोत्तम जीवन में बचने बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करते है। ईष्ट के प्रति समर्पित रहकर दूसरे की मंगल कामना करना ही अपने मंगल की कामना है। यजन, याजन ईष्टभृत्ति का पालन कर अपने जीवन का धन्य बना सकते है। गुरू के बताये मार्ग पर चलकर सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। श्रीश्री ठाकुर ने कहा कि मुझे जंगल का नहीं गृहस्थ सन्यासी जो परिवार में रहते हुए सभी के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए ईष्ट के निर्देष का पालन करे। आजमगढ़ से कृष्ण मोहन अस्थाना, प्रयागराज से डा. पंकज सिंह, भुआल विश्वकर्मा, काशी से दीपिराग वैद्य, गोरखपुर से प्रकाश चन्द झा, देहरादून से एवी आले, पीलीभीत से डा. दीपांकर, गांजीपुर से डा. श्याम नारायण सिंह ने ठाकुर जी के बहुआयामी एवं जीवनोपयोगी विचारों की चर्चा किया। निःशुल्क मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया गया। कैम्प का उदघाटन डा. रजनीश श्रीवास्तव व डा. स्मिता श्रीवास्तव ने किया। संचालन वरिष्ठ कर्मी काली प्रसाद सिंह एडवोकेट ने एवं धन्यवाद ज्ञापन निलेष श्रीवास्तव द्वारा किया।

# बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले से छीनी चेन

**छिनैती**

**छीनाझपटी में गिरी महिला गंभीर रूप से घायल**

**जनसंदेश न्यूज**

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धरमपुर गांव में दवा लेकर घर जा रही एक महिला का बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन छीनकर चंपत हो गए।

इस छीनाझपटी में महिला बाईक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके सिर में गंभीर चोट लगने पर उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बताते है कि सुजानगंज क्षेत्र के चैनपुर निवासी चिंता देवी (41) अपने भांजे आकाश (24) के साथ पवांरा थाना क्षेत्र उचौरा गांव से दवा लेकर वापस अपने घर जा रही थी।


घायल महिला

जैसे ही वह सुजानगंज मार्ग पर धरमपुर गांव के समीप पहुंची पीछे से बाइक सवार दो बदमाशों ने चिंता देवी के गले से चेन छीनने लगे। चेन छीनाझपटी में वह बाईक से भी गिर गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जब तक वह हो हल्ला करते तब तक बाइक सवार बदमाश मौके से चंपत हो गए। घायल चिंता देवी को सुजानगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है। इस बाबत थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी का कहना है कि पीड़िता से मिलकर घटना की जानकारी की जा रही है।

### जलाभिषेक करने गयी एक दर्जन महिलाओं की कटी चेन

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के गोमतेश्वर महादेव मंदिर व देवकली शिव मंदिर पर जलाभिषेक करने आयी लगभग एक दर्जन महिलाओं के साथ चेन स्नेचिंग की घटना हो गयी। कुछ तो रोती बिलखती घर चली गयी वहीं लगभग आधा दर्जन महिलाओं ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को चेन छिनैती की तहरीर दी। पुलिस दो संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बता दे कि हुरहुरी निवासी प्रेमा सिंह, मंजू सिंह, रेखा सिंह व उदयचन्दपुर निवासी ममता मधुकर, ममता प्रजापति ग्राम सोनखरी निवासी महिला ने पुलिस? को दिए गये तहरीर में आरोप लगाया कि वह देवकली शिव मंदिर पर गयी थीं और अन्य महिलाएं गोमतेश्वर महादेव मंदिर पर गयी थीं। जब जलाभिषेक के बाद घर को जाने लगीं तो मंदिर परिसर में ही गले की सोने की चेन गायब थी जिसके बाद महिलाओ के पैरों तले से जमीन घिसक गई। तहरीर के आधार पर पुलिस दो संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। देखते ही देखते चेन स्नेचिंग की घटना आग की तरह क्षेत्र में फैल गई।

## शिवमंदिर में हुआ भव्य भण्डारा का आयोजन



**बलिया।** जिला कारागार परिसर के अन्दर शिव मंदिर पर शनिवार को आस-पास के पड़ोसियों और पुलिस परिवार के महिला-पुरूषों ने जलाभिषेक किया और 24 घण्टा संकीर्तन हुआ। रविवार को महाआरती कर भव्य भण्डारा किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं टैगोर नगर स्थित कंकणेश्वर शिव मंदिर पर भव्य भण्डारा किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कंकणेश्वर समिति के सदस्यों में आशीष कुमार गुप्ता, राजन कुमार ने श्रद्धालुओं को प्रसाद घर ले जाने के लिए भी दिया।

# जुलूस मेराजुन्नबी व मदहे सहाबा का हुआ आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** जुलूस मेराजुन्नबी स.अ.व. व मदहे सहाबा का आयोजन हुआ। नगर के औलिया मस्जिद सुतहटटी बाजार में आयोजित जलसा व कौमी यकजहती की शुरूआत तिलावते कलामे रब्बानी से कारी यासीन जामिया हुसैनिया लाल दरवाजा ने किया। इसके बाद नाते नबी का नजराना हाफिज एहसान खैराबादी व कारी सुफियान ने पेश किया।

तत्पश्चात मौलाना कारी वहाब फूलपुरी ने कहा कि अल्लाह ने अपने रसूल को मेराज पर बुलाया। हजरत मोहम्मद स.अ.व. काबे शरीफ से मस्जिदे अक्सा से मेराज यानी अल्लाह के पास तशरीफ ले गये जहां नमाज का तोहफा दिया। इस मौके पर समाजसेवी निखिलेश सिंह ने कहाकि जौनपुर की आवाम अमन पसंद है। यहाँ आपस में मिल–जुलकर सभी



प्रोग्राम करते हैं। इसी क्रम में सपा नेता श्रवण जायसवाल ने कहा कि गंगा–जमुनी तहजीब का शहर है जौनपुर। यहां आपसी भाईचारा कायम है जो आगे रहेगा।

संरक्षक अनवारुल हक गुड्डू ने कहा कि यह कार्यक्रम चांद की 26 रजब को मनाया जाता है। मेहमाने खुसूसी सरफराज अहमद खान ने कहा कि जौनपुर में इस तरह का कार्यक्रम हमेशा होता रहता है। यहां हिंदू–मुस्लिम की एकता देखने को मिलती है। जलसे की अध्यक्षता अनवारूल हक गुडडू एवं संचालन औलिया सीरत कमेटी के अध्यक्ष कमालुद्दीन अंसारी ने किया। इस अवसर पर डा. शकील, नेयाज ताहिर शेखू, इरशाद मंसूरी, शकील अहमद, हफीज शाह, फिरोज अहमद, शम्स तबरेज, अजीज फरीदी, आरिफ अंसारी, जावेद अजीम, मौलाना ताजुल इस्लाम, शकील मंसूरी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली व निजीकरण के विरोध में धरना प्रदर्शन कल

**जौनपुर।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की एक बैठक डिप्लोमा इंजीनियर संघ के सभागार में आयोजित की गयी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. प्रदीप सिंह ने अवगत कराया कि केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर संघर्ष वर्ष 2023 में पुरानी पेंशन योजना की बहाली हेतु केंद्रीय कर्मचारी संगठन, राज्य कर्मचारी, शिक्षक एवं पेंशनर्स द्वारा संयुक्त रूप से भविष्य में विभिन्न चरणों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय हो चुकी है। प्रथम चरण में महामहिम राष्ट्रपति को ऑनलाइन पिटिशन का प्रेषण जनपद में 20 फरवरी तक चलेगा। दूसरे चरण में 21 फरवरी को जौनपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय कर्मचारी संगठन नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के साथ जनपद के राज्य कर्मचारी संयुक्त रूप से निजीकरण के विरोध एवं पुरानी पेंशन के समर्थन में धरना प्रदर्शन में सहभागिता करेंगे। तृतीय चरण में 21 मार्च को पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली संयुक्त मंच के बैनर तले

**पहल**

**रेलवे यूनियन, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद संयुक्त रूप से करेंगे प्रदर्शन**

जनपद के समस्त केंद्र एवं राज्य के कर्मचारी, शिक्षक एवं पेंशनर्स कलेक्ट्रेट परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। जिला मंत्री देवेश कुमार यादव ने कहा कि पेंशन सेवानिवृत्त कर्मचारी की गरिमा कायम रखने हेतु एक सामाजिक कल्याणकारी कदम है।

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सीबी सिंह ने कहा कि सरकार के पास कोई मध्य मार्ग नहीं है पुरानी पेंशन अविलंब बहाल होनी चाहिए। डिप्लोमा इंजीनियर संघ के अध्यक्ष शशिकांत यादव एवं सचिव सुनील गुप्ता ने छः राज्यों की तरह पूरे देश में पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली नहीं होने पर संयुक्त मोर्चा बनाकर लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। नलकूप खंड से वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं. राजकुमार गुप्ता ने निजीकरण के खिलाफ संघर्ष का आह्वान किया। जल निगम से परिषद के संयुक्त मंत्री सुजीत विश्वकर्मा ने सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं में लगातार हो रही गिरावट एवं निजी करण के बढ़ते ग्राफ का सम्यक विश्लेषण करते हुए इसे चिंताजनक बताया। सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष एवं परिषद के संप्रेक्षक अमर बहादुर यादव ने तन मन धन से संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु अपना संकल्प व्यक्त किया।

बैठक में संरक्षक राकेश कुमार श्रीवास्तव, इं. प्रमोद कुमार, इं. शिवानंद यादव, इं. सुजीत कुमार, रामलाल पाल, होम्योपैथिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव, इं. अलीम अहमद, इं. अरविंद कुमार, इं. रामपाल, अजय राजभर, लालमणि पाल, बेसिक हेल्थ वर्कर संघ के गौरव कुमार श्रीवास्तव, तेज बहादुर, अखिलेश कुमार यादव, राजेश पाल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन परिषद के जिला मंत्री देवेश कुमार यादव ने किया।

### प्राचीन शिव मंदिर चंदाइत में मेले के दूसरे दिन भी भक्त हुए नतमस्तक

नियामताबाद। चंदाइत गांव के शिव मंदिर परिसर में प्राचीन काल से ही मेला लग रहा है। शिवरात्रि के दिन से आरंभ होने वाले इस दो दिवसीय मेले में भक्तो की भीड़ से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर कमेटी के सदस्य ख्यालचंद मौर्या व धीरज सिंह ने बताया कि शिव जी का प्राचीन मंदिर गांव में स्थित है जहां पर भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है भजन कीर्तन के साथ रामायण का भी पाठ भक्तों द्वारा किया जाता है। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर दो दिवसीय मेले का आयोजन किया किया रहा है। वही मंदिर के पुजारी विजय कृष्ण पांडेय ने बताया कि प्राचीन शिव मंदिर में आने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामना पूर्ण होती है।महाशिवरात्रि के अवसर पर हरि कीर्तन, रामायण व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। वहीं मेले को सकुशल संपन्न कराने में सर्वजीत मौर्य,अनिल यादव, अनिल सैनी, मनोज जायसवाल, सूरज सोनकर, मनमोहन पांडेय, ख्यालचंद मौर्या, आकाश, रोहित सहित ग्रामीणों का अहम भूमिका रही। वही सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय थाने की पुलिस फोर्स भी मौके पर मौजूद रही।

# अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद की समीक्षा बैठक में विचार-विमर्श

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की समीक्षा बैठक बड़े हनुमान जी मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विभाग अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव एवं संचालन विवेक उपाध्याय विभाग मंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल ने किया।

बैठक की समीक्षा लेने प्रांतीय संगठन मंत्री संजय दुबे एवं प्रांतीय हिंदू एडवोकेट फोरम प्रांत उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय संगठनमंत्री ने कहा 28 फरवरी दिन मंगलवार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवेश उपाध्याय का आगमन मछलीशहर में आना सुनिश्चित हुआ है। श्री दुबे ने कहा कि जिला विभाग के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्तागण उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं इस कार्यक्रम में मछलीशहर जिले के प्रभारी और पालक अधिकारी प्रभाकर तिवारी है। उन्होंने बताया कि



विभाग में दो जिले है मछलीशहर ब सदर और विभाग मिलाकर जनपद में 6 तहसील और 21 ब्लॉक है। जिसमे पूरी समितियों का निर्माण जल्द से जल्द कर दिया जाए। श्री दुबे के उद्बोधन पश्चात हिंदू हृदय सम्राट, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया के आगमन पर हुए कार्यक्रम की समीक्षा हुई और जिला एवं विभाग के कुछ पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। अंत में जिला अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय हिंदू अजय पाण्डेय ने ब्लाक, तहसील, जिला व विभाग के समस्त पदाधिकारी/कार्यकर्ता सहित जनपद के सभी सनातनी हिंदू जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ।

बैठक में प्रमुख रूप से विभाग पदाधिकारी चंद्र प्रकाश तिवारी, रमेश वशिष्ठ, विवेक उपाध्याय व जिले से विवेक गुप्ता, अवधेश बरनवाल, पीके श्रीवास्तव, मनसिज पाण्डेय, सचिन श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह चौहान, रामजी सोनी, अध्यक्ष रा.ब.द. चंदन तिवारी, अध्यक्ष अ.हि.प. मछलीशहर महेंद्र यादव सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# विशाल महासम्मेलन में प्रदेश के कोने कोने से प्रतिभाग करेंगे शिक्षामित्र

**तैयारी**

**शिक्षामित्रों को मिल सकता है समान कार्य समान वेतन**

**2023 में शिक्षामित्रों को मिल सकती है बहुत बड़ी सौगात**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** 20 फरवरी को शिक्षामित्रों का विशाल महासम्मेलन रमाबाई अम्बेडकर लखनऊ में आयोजित हैं। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ प्रदेश के जिलाध्यक्ष शाहनवाज खान जिले के सैकड़ों शिक्षामित्रों के साथ सम्मेलन में प्रतिभाग करने के लिए रविवार की शाम भदोही स्टेशन से रवाना हुए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि


भदोही स्टेशन से लखनऊ के लिए रवाना होते शिक्षामित्र

शिक्षामित्र योग्य होते हुए व्यवस्था का शिकार होकर सीमित मानदेय पर काम कर रहे हैं। जबकि हमारे साथ उतने ही समय तक ही शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानजनक वेतन मिलता हैं। शिक्षामित्रों को जो मानदेय मिलता हैं उसमें जीवन यापन कठिन हो गया है। प्रदेश के सारे संगठनों के सामंजस्य से केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के संरक्षण में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह की मौजूदगी में रमाबाई मैदान में 20 फरवरी को एक महासम्मेलन आयोजित है। आयोजित सम्मेलन में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाते हुए तन मन धन से पूर्ण भागीदार है। उसी क्रम में प्रदेश के कोने कोने से शिक्षामित्र 20 फरवरी को प्रतिभाग करेगा। यह महा सम्मेलन सरकार से सामंजस्य का सम्मेलन है। प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला ने आप लोगों को अपने वक्तव्य में बताया था की 2023 सामंजस्य का साल है और अब यह कारवां रुकने वाला नहीं है। संगठन आप लोगों के सम्मान एवं अधिकार के लिए सारे तरीके से संघर्ष करने के लिए तैयार है

मौजूदा सरकार से सामंजस्य बनाकर अब शिक्षामित्रों की तस्वीर बदलनी चाहिए। साथियों अपने एवं अपने परिवार के भविष्य के लिए संघर्ष करने के लिए संगठन के साथ कदम ताल मिलाकर चलना है परिणाम और भविष्य दोनों सुखद होंगे 2023 में शिक्षामित्रों को बहुत बड़ी सौगात मिलने जारहा है।

# सरकार कर रही है सबके साथ विश्वासघातः विकास यादव

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी विकास यादव ने कहा कि योगी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और बेरोजगारों की नौकरियों का जुमला देकर प्रदेश में बेरोजगारी दर अब तक के शासन काल मे शिखर पर पहुंचा दिया। प्रदेश में लाखों सरकारी पद खाली है। पढ़ाई तीन गुना महंगी हो गई है। अस्पतालों से दवा गायब है। करोड़ों शिक्षित युवा मजदूरी, पकोड़े तलने और डिलीवरी बॉय बनने पर मजदूरी करने पर विवश है। देश और प्रदेश का युवा रोजगार मांग रहा है तो राज्य और केंद्र में बैठी योगी और मोदी सरकार इंतजार करा रही है।

पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व ब्लाक प्रमुख ने वार्ता के दौरान आगे कहा कि नोटबंदी और जीएसटी ने छोटे उद्योगों को खत्म किया। पिछले आठ सालों में गैस सिलेंडर रुपया चार सौ से रूपया 1150


पूर्व जिलाध्यक्ष विकास यादव

तथा पेट्रोल रुपया 70 से रुपया 105 लीटर और डीजल रुपया 50 से रुपया 95 लीटर तक महंगा हुआ। खराब नीतियों की वजह से किसानों को समय से न खाद मिल रहा है न पानी। लगभग हर किसान परिवार पर कर्ज का बोझ बढ़ गया है। किसानों की इतनी बुरी हालत कभी नहीं हुई थी। श्री यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में जनता समाजवादी पार्टी का साथ देगी और देश मे बनने वाली सरकार में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बड़ी भूमिका अदा करेंगे। अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जुड़कर मजबूत करने का जोरदार आवाहन किया।

### अध्यक्ष पद पर श्रीकृष्ण कुमार भारती को किया गया नियुक्त

**बलिया।** बहुजन समाज पार्टी बलिया, आजमगढ़ मण्डल के मुख्य जोन कोआर्डिनेटर ओमकार शास्त्री के निर्देश पर बलिया नगर विधानसभा के संगठन को मजबूता व धारदार बनाने के लए नगर विधानसभा का विधानसभा अध्यक्ष पद पर श्रीकृष्ण कुमार भारती को नियुक्त किया गया। उक्त आशय की सूचना जिलाध्यक्ष बसपा बलिया ओमप्रकाश भारती ने दिया।

# नगर में धूमधाम के साथ निकली महादेव की बारात

**आयोजन**

**भूत पिशाच संघ भारी संख्या में बाराती हुए शामिल**

**पुलिस प्रशासन की रही व्यापक सुरक्षा व्यवस्था**

**गोपीगंज।** नगर का ऐतिहासिक शिव बारात शनिवार को देर शाम धूमधाम


नगर गोपीगंज में बाबा बड़े शिव धाम से निकाली गई शिव बारात की झलक

के साथ निकाली गई। मां सिंह वाहिनी श्रृंगार समिति एवं शिवम क्लब के तत्वावधान में आयोजित शिव बारात महोत्सव में अनंत कोटि ब्रह्मांड नायक देवों के देव महादेव बाबा भोलेनाथ का ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध शिव बारात बाबा बड़े शिव धाम से निकाली गई।

शिव बारात में हाथी, घोड़े, बग्गी, रथ, भैंसा, पक्षी, शंख, घंटा, घड़ियाल, मृदंग, ढोलक, मजीरा, ताशा, बाजा आदि वाद्य यंत्रों के बीच मनमोहक झांकियां भी निकाली गईं। जिसमें भगवान विष्णु, ब्रह्मा, नंदी, गणेश, सूर्य, चंद्र, वरुण के साथ भगवान शिव की बारात का मनमोहक झांकी शामिल रही।

शिव बारात खड़हट्टी मोहाल,अंजही मोहाल, बाबा कबूतर नाथ, केड़वरिया, सदर मोहाल, जीटी रोड चौराहा, थाना गोपीगंज, जोगीवीर मंदिर, पडाव़ बरगदा हनुमान जी, पश्चिम मोहाल, सदर मोहाल, जीटी रोड चौराहा, ज्ञानपुर रोड, जीटी रोड चौराहा, पेट्रोल पंप, मिजार्पुर तिराहा, सिनेमा रोड़ होते हुए पुन बाबा बड़े शिव धाम वापस जाकर समापन हुआ। शिव बारात में प्रमुख रूप से आयोजक रामकृष्ण खड्ढ, विशाल गुप्ता, राजकुमार कौशल, विराट जायसवाल, डब्ल्यू मौर्य, प्रणव विश्वास, मनीष मौर्य, संजय गुप्ता, विजय मोदनवाल सहित भारी संख्या में लोग रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# एसपी की शानदार बल्लेबाजी व डीएम ने आलराउंड प्रदर्शन कर जिताया मैच

**खेल कूद**

**भदोही प्रशासन ने निदेशक रेलवे वाराणसी कैंट एकादश को एक विकेट से हराया**

**सभी खिलाड़ियों व उपस्थित दर्शको को डीएम ने दिलाई स्वच्छता की शपथ**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम भदोही में स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत भदोही प्रशासन एकादश और निदेशक रेलवे कैंट वाराणसी एकादश के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। रोमांचक मैच में भदोही प्रशासन की टीम ने निदेशक रेलवे वाराणसी कैंट एकादश को एक विकेट से हरा दिया।इससे पूर्व डीएम गौरांग राठी ने


सभी खिलाड़ियों व उपस्थित दर्शको को स्वच्छता की शपथ दिलाते डीएम गौरांग राठी

सभी खिलाड़ियों व उंपस्थित दर्शको को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

भदोही प्रशासन के कैप्टन जिलाधिकारी गौरांग राठी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी निदेशक वाराणसी कैंट रेलवे एकादश में निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर 148 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भदोही प्रशासन की शुरूआत अच्छी नही रही। टीम के सलामी बल्लेबाज इमामुद्दीन अपना खाता खोले बिना पवेलिय वापस लौट गए। लेकिन एसपी डॉ. अनिल कुमार के बेहतरीन 44 रनो की बदौलत रोमांचक भरे मैच मे अभिषेक ने अंतिम बॉल पर लगाए गए चौके की मदद से एक विकेट से मैच जीत लिया।

भदोही प्रशासन की तरफ से नोमान सिद्दीकी ने 42, गौरांग राठी जिलाधिकारी 16 रन बनाये। आज के मैच में भदोही प्रशासन की तरफ से यशवन्त सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, राकेश कुमार जिला पंचायत राज अधिकारी, आलोक कुमार खण्ड विकास अधिकारी, सतपाल प्रजापति तहसील दार भदोही, नितिन सिंह नायब तहसीलदार ने बेहतरीन क्षेत्ररक्षण का प्रदर्शन किया।

मैच में अंपायर की भूमिका सादिक व विनीत तथा कमेंट्रेटर की भूमिका सलमान के द्वारा निभाया गया।



# हमने अपना लिया 'पुस्तक दो-हेलमेट लो' का फलसफा

## दोस्त की मौत ने बदल दिया जिंदगी का मकसद



राघवेन्द्र केशरी

**खास मुलाकात**

वाराणसी। दोस्त की सड़क हादसे में मौत ने राघवेंद्र (हेलमेट मैन) की जिंदगी का मकसद बदल दिया। सात सालों से वह देश भर में हेलमेट पहनने और साक्षरता की अलख जगा रहे हैं। मिशन बन चुके इस मकसद के लिए राघवेंद्र ने आईटी सेक्टर की नौकरी छोड़ दी। पत्नी के जेवर बेच दिए। मेहनत की कमाई से बनाया घर तक बेचना पड़ा लेकिन हिम्मत नहीं हारी। उनका मूलमंत्र है मौत से बचना है तो पुस्तक दो हेलमेट लो...। कैमूर के बगाढ़ी गांव के रहने वाले राघवेंद्र की मुहिम ने उन्हें हेलमेट मैन का खिताब भी दिलाया। राघवेंद्र अब तक 56 हजार लोगों को हेलमेट और छह लाख से ज्यादा बच्चों को निशुल्क पुस्तकें बांट चुके हैं। 2014 में यमुना एक्सप्रेस वे पर जिगरी दोस्त की सड़क दुर्घटना में मौत ने राघवेंद्र कुमार को झकझोर दिया। दोस्त की मौत बिना हेलमेट के बाइक चलाते समय हुई थी। फिर इन्होंने अपने दोस्त की पुस्तकों को जरूरतमंदों को दिया। इसके बाद इन्होंने पीछे पलट कर नहीं देखा। इस मुहिम के लिए इन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी। यहां तक की बाद में इनको अपना घर तक बेचना पड़ा। फिर भी हिम्मत नहीं हारी और आज देश भर में इस मुहिम को आगे बढ़ाने में लगे हैं। लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक करने के लिए यह किताब के बदले जगह-जगह सड़कों पर फ्री हेलमेट बांटते हैं। राघवेंद्र बताते हैं कि वो अपने चार भाईयों में सबसे छोटे हैं। उन्होंने एक गरीब परिवार में जन्म लिया। पिता राधेश्याम सिंह खेती-किसानी करके घर चलाते थे। उन्होंने बनारस के आदर्श इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट किया और दिल्ली से विधि में स्नातक की पढ़ाई पूरी की।



### अब तक 1400 लाइब्रेरी की गई स्थापित

*हेलमेट मैन देश को 100 प्रतिशत साक्षर बनाने के साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से मुक्त करना चाहते हैं। लोगों से इकट्ठा कर इन पुस्तकों को वह जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क देते हैं। नौ सालों में देश के अलग-अलग राज्यों में जाकर इन्होंने कुल 56000 लोगों को हेलमेट और छह लाख से ज्यादा बच्चों को निशुल्क पुस्तकें बांटी हैं। बताया कि बुक बैंक की भी स्थापना कर रहे हैं। इसके लिए शहरों में बुक बैंक बाक्स लगा चुके हैं। जहां कक्षा छह से लेकर स्नातक तक की पुस्तकें निशुल्क मिलेंगी। राघवेंद्र बतातें हैं कि उन्होंने अबतक देश भर में 1400 लाइब्रेरी स्थापित की है।*

### है मदद की उम्मीद

राघवेंद्र ने बताया कि पिछले नौ साल से वह अपना मिशन जारी रखे हुए हैं लेकिन आगे वो अपना मिशन कैसे जारी रखेंगे उन्हें नहीं पता। वो इसी तरह आगे बढ़ते रहना चाहते हैं। राघवेंद्र के काम के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उनके काम की सराहना करते हुए सम्मानित किया और बिहार के परिवहन मंत्री संतोष कुमार निराला राघवेंद्र को उनके इस काम के लिए सम्मानित भी कर चुके हैं। इसके अलावा जाने माने फिल्म अभिनेता सोनू सूद भी उनसे मिलकर काफी प्रभावित हुए।

**देश भर में स्थापित किया 1400 नि:शुल्क पुस्तकालय अब तक बांटे 56 हजार हेलमेट**

### विदेशों में भी हेलमेट मैन की डिमांड

भारत में सड़क सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक कर रहे राघवेंद्र कुमार (हेलमेट मैन) की अब विदेशों में भी डिमांड हो रही है। उन्हें सभाओं को संबोधित करने के लिए विदेशों से भी निमंत्रण आ रहे हैं। हाल में ही उनको नेपाल में एशियन एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। जबकि यूनाइटेड नेशन के जेनेवा में होने वाले रोड सेफ्टी कार्यक्रम में भी उन्हें बुलाने की बात की जा रही है।

### स्कूल में हेलमेट बैंक की स्थापना

राघवेंद्र का यह मानना है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को भी हेलमेट की काफी आवश्यकता है। ताकि वह अपने परिजनों के साथ स्कूल आते और आते समय उसका प्रयोग कर दुर्घटनाओं से बच सकें। इसके लिए उनके द्वारा स्कूलों में हेलमेट बैंक स्थापित करने की पहल की जा रही है। राघवेंद्र इसके लिए स्कूल संचालकों को प्रेरित कर रहे हैं।



### पुस्तक देकर ले सकते हैं हेलमेट

राघवेंद्र ने बताया कि देश के 22 राज्यों में उन्होंने अबतक कुल 56 हजार हेलमेट बांटने का रिकार्ड बनाया है। जिससे 29 लोगों की जान भी बचाई गई है। यह 29 लोग घर पर उनकी तस्वीर लगाकर उन्हें आइडल की तरह मामते हैं।

### घटना ने कराया दर्द का एहसास

कृष्ण राघवेंद्र का जिगरी दोस्त था। सड़क हादसे में कृष्ण को खोने के बाद उन्होंने उसके परिवार को टूटते हुए देखा। राघवेंद्र के मुताबिक इस घटना ने उन्हें उन लोगों के दर्द का अहसास कराया। जिन्होंने कृष्ण की तरह बाइक हादसे में अपनो को खो दिया है। राघवेंद्र ने इस घटना के बाद तय किया कि वो अपने दोस्त की तरह किसी और को मरने नहीं देंगे और एक खास तरह का सड़क सुरक्षा अभियान शुरू करेंगे।



# पशुचारे में लगी आग महंगाई का दानव गटक रहा दूध



रामदुलार यादव

चांदमारी। दूध ही धरती का अमृत है। बच्चों और बुजुर्गों को हर हाल में दूध चाहिए। युवाओं को संपूर्ण पोषण के लिए दूध आवश्यक है। सुबह दूध के बगैर चाय की चुस्की पूरी नहीं हो सकती। मिठाई बनाने के लिए दूध चाहिए। दूध की आवश्यकता हर किसी के लिए जरूरी है। सो, दूध और उससे बनने वाले प्रोडक्ट्स की मांग लगातार बढ़ रही है। लेकिन दुधारु पशुओं को खिलाए जाने वाला चारा और राशन महंगाई की चपेट में है। पशुओं के चारे व राशन के दाम आसमान छू रहे हैं। इस कारण दूध के रेट में भी आग लगी हुयी है। महंगाई की यह आग पशुओं के दूध को जला रही है। जिन गाय-भैंसों से प्रतिदिन आठ से दस लीटर दूध मिल रहा था वह अब मात्र 5-6 लीटर दूध दे रही हैं। इसका कारण बताया जा रहा है कि पशुओं को पर्याप्त भोजन न मिलने के कारण यह स्थिति है। फलस्वरूप पशुपालक ही खामियाजा भुगत रहे हैं। गेहूं के भूसे के रेट में चार गुना बढ़ोतरी हुयी है। पहले यह 400 रुपये प्रति कुं. उब्रक रहा था और अब 11 सौ से लेकर 12 सौ रुपये प्रति कुं. हो चुका है। इसी प्रकार बीते साल पुआल 4-5 रुपये प्रति अटिया था जो वर्तमान में आठ रुपये से लेकर 12 रुपये प्रति अटिया बिक रहा है। पर्याप्त खली चूनी न मिलने से पशुओं की सेहत प्रभावित होने से उनके दूध देने की क्षमता घट रही है।पशुओं को दाना के रूप में खिलाया जाने वाला राशन भी महंगा हो चुका है। सो, अधिकांश पशुपालक चोकर और मसूर ही खिला पाते हैं। चना की चूनी, खेसारी, तीसी आदि भोजन सब पशुपालकों के बस का नहीं रह गया है। 18 से 20 रुपये प्रति किलो बिकने वाले चोकर का दाम बढ़कर 34 रुपये प्रति किलो हो गया था जो फिलहाल 30 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है। 16 रुपये से लेकर 18 रुपये प्रति किलो बिकने वाला मसूर 28 रुपये किलो के भाव बाजार में है। सरसों की खली 25 रुपये, तीसी की खली 80 रुपये प्रति किलो बिक रहा है।

दुधारू पशुओं के राशन के दाम में 75 फीसदी तक हो गयी बढ़ोतरी, पशुपालक हलकान

चारे की कीमत में तीन गुना इजाफा, 400 से बढ़कर 1200 रुपये प्रति कुं. हो गया भूसा

चोकर 30 रुपये, मसूर 28 रुपये, चना चूनी 32 रुपये और तीसी खली 80 रुपये किलो

### महंगाई के कारण बेच दी भैंस

हरहुआ ब्लॉक के आयर ग्राम पंचायत निवासी पशुपालक रामबालक यादव ने कहा कि वर्तमान में दुधारू पशुओं को पालना कठिन कार्य हो गया है। महंगाई की वजह से पशुओं के खान-पान का बजट डांवाडोल हो चुका है। पहले चारा इतना महंगा नहीं था। इसलिए बाध्य होकर हमने एक भैंस बेच दी। वहीं, ग्रामीण कृष्ण कुमार मिश्र कहते हैं कि यदि शौक हो तो गाय-भैंस रखिए वरना उससे कोई लाभ नहीं है। सिर्फ शुद्ध दूध बच्चों को मिल जाय यही सबसे बड़ी आमदनी है। कुरौली निवासी दुर्गा चौबे ने बताया कि पशुपालन करना मेरी बाध्यता है। कारण, खेती-बाड़ी है तो पशु भी रखना आवश्यक है अन्यथा खेत से मिलने वाला भूसे का कोई खरीदार नहीं मिलेगा। खली चूनी वाले दुकानदार की उधारी चुकना मुश्किल हो रहा है।

### अनुदान की व्यवस्था करे सरकार

भारतीय पशुपालक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बहादुर यादव ने बताया कि सरकार हर क्षेत्रों में सब्सिडी दे रही है लेकिन सबसे जरूरी अमृत रूपी दूध उत्पादक पशुपालकों इस दिशा में अनुदान की व्यवस्था नहीं है। पशु बीमार हों तो वह नुकसान पशुपालक को ही उठाना पड़ता है। तमाम पशुपालक इस व्यवस्या से दूर हो रहे हैं। पशुओं की देखभाल और उनके लालन-पालन में दिनभर पूरा परिवार लगा रहता है। इस जिम्मेदारी से एक दिन भी छुट्टी नहीं मिलती। पशुपालक भले ही अस्वस्थ हो लेकिन उसे अपने पशुओं की सेवा प्रतिदिन करनी पड़ती है।

### बने ठोस योजना

इस बारे में कई पशुपालकों की राय है कि पशुपालकों का जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सरकार को ठोस योजना बनानी चाहिए। ग्रामीण नंदा यादव कहते हैं कि पशुपालन अब मुनाफे का सौदा नहीं रह गया है।

# क्यों हैं चर्चा में जॉर्ज सोरोस

**मैन इन द मिडिल**

**अमेरिकी अरबपति की भारत में सरकार बदलने की चाहत**

**'बूढ़ा, जिद्दी और खतरनाक अमीर' जॉर्ज सोरोस पर भारत ने साधा निशाना**

अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस के बयान पर हंगामा चल रहा है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और भारत में जल्द ही एक लोकतांत्रिक बदलाव की उम्मीद जताई थी। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने इस बयान की निंदा की है। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने कहा कि मैं पहले भी जॉर्ज सोरोस की ज्यादातर बातों से सहमत नहीं था और आज भी नहीं हूं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने तो सोरोस को बूढ़ा, जिद्दी, अमीर और खतरनाक बताया है।

जॉर्ज सोरोस 1930 में हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में एक यहूदी परिवार में पैदा हुए। जब वो नौ साल के थे, तभी सेकेंड वर्ल्ड वॉर शुरू हो गया। इस वक्त हंगरी में भी यहूदियों को खोज-खोज कर मारा जा रहा था। सोरोस के परिवार ने इस नरसंहार से बचने के लिए झूठी आईडी बनवा रखी थी।

जब 1945 में सेकेंड वर्ल्ड वॉर खत्म हुआ तो हंगरी में कम्युनिस्ट सरकार बनी। यही वो समय था जब सोरोस के परिवार ने देश छोड़ने का फैसला किया। 1947 में सोरोस अपने परिवार के साथ बुडापेस्ट से लंदन आ गए। वहां सोरोस के परिवार के सामने सबसे बड़ी चुनौती गुजारा करने की थी। आजीविका कमाने के लिए सोरोस ने कुली और वेटर का काम किए। इसी से वो लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में पढ़ाई का खर्च निकालते थे। पढ़ाई पूरी करने के बाद जॉर्ज सोरोस 1956 में लंदन से अमेरिका आ गए। जहां उन्होंने फाइनेंस और इन्वेस्टमेंट सेक्टर में काम करने का फैसला किया। यह फैसला उनके लिए सही साबित हुआ। 1973 में 'सोरोस फंड मैनेजमेंट' के नाम से कंपनी बनाई। इसके बाद अमेरिकी शेयर मार्केट में पैसा इन्वेस्ट करना शुरू कर दिया। अगले छह साल तक सोरोस इतने सफल बिजनेसमैन बन गए कि वह रंगभेद का सामना कर रहे ब्लैक छात्रों को स्कॉलरशिप देने लगे। इस समय तक वह दुनिया के सबसे बड़े करेंसी ट्रेडर के तौर पर मशहूर हो गए थे। 1989 से पहले जर्मनी तेजी से डेवलप हो रहा था, लेकिन बर्लिन की दीवार गिरने के साथ ही यहां की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से तबाह होने लगी। इसी वक्त यूके ने जर्मनी के साथ एक्सचेंज रेट मैकनिज्म के तहत करेंसी की वैल्यू फिक्स कर दी। जिससे जर्मनी की कमजोर हो रही करेंसी को मजबूती मिले।

जर्मनी की करेंसी मजबूत होना तो दूर, यूके के पाउंड की वैल्यू भी गिरने लगी। यूके सरकार ने इससे बचने के लिए इंट्रेस्ट रेट बढ़ाए। इसके बावजूद जर्मन करेंसी की वैल्यू घटती रही। इसी समय जॉर्ज सोरोस ने यूके की करेंसी पर शॉर्ट पोजीशन ले ली।16 सितंबर 1992 को जर्मनी के सेंट्रल बैंक ने सहयोगी देशों से अपने करेंसी के वैल्यू को नए सिरे से तय करने की मांग की। इसके बाद यूके ने जर्मनी के साथ हुए एक्सचेंज रेट मैकेनिज्म एग्रीमेंट को तोड़ दिया। इससे दोनों देशों की करेंसी धड़ाम हो गई।

बैंक ऑफ इंग्लैंड तबाह हो गया और इस सबसे सोरोस ने एक अरब डॉलर से ज्यादा कमाए। इसी तरह मलेशिया और थाईलैंड की करेंसी पर शॉर्ट पोजिशन लेकर सोरोस ने खूब पैसा कमाया।1995 में जॉर्ज सोरोस को लग गया था कि एशियन कंट्री मलेशिया और थाईलैंड के करेंसी की कीमत जरूरत से ज्यादा है। इसी वजह से उसने इन दोनों देशों की ढेर सारी करेंसी खरीद ली। 1997 में जब एशियाई देशों में मंदी आई तो मलेशिया की करेंसी में 50% और थाइलैंड की करेंसी में 45% तक गिरावट आई। इससे एक बार फिर सोरोस ने खूब पैसा कमाया। इस वक्त जॉर्ज सोरोस की नेटवर्थ 71 हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा है। सोरोस ने 1993 में ओपन सोसाइटी फाउंडेशन की शुरूआत की। इसके जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य और मानवाधिकार के क्षेत्र में काम किया और करीब 100 देशों में पहुंच बनाई। उनकी वेबसाइट पर दावा किया गया है कि वह अब तक 32 अरब डॉलर दान कर चुके हैं। वो कई दूसरी इंटरनेशनल संस्थाओं को भी फंड करते हैं।



## जॉर्ज सोरोस की शख्सियत को बतातें हैं ये चार सूत्र

### 1. जॉर्ज बुश को हराने के लिए खर्च किए 125 करोड़ रुपए

जॉर्ज सोरोस अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी को सबसे ज्यादा चंदा देने वाले लोगों में से एक हैं। 2003 में अपने एक इंटरव्यू में जॉर्ज सोरोस ने अमेरिकी सरकार को गिराने की चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था कि जॉर्ज डब्ल्यू बुश की सरकार को गिराना उनके जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य है। सोरोस ने बुश को हराने के लिए करीब 125 करोड़ रुपए खर्च करने की बात स्वीकार की थी। हालांकि जॉर्ज बुश वो चुनाव जीत गए। इसके बाद बराक ओबामा, हिलेरी क्लिंटन और जो बाइडेन को राष्ट्रपति बनाने के लिए जॉर्ज सोरोस ने खूब पैसा खर्च किया। हंगरी, टर्की, सर्बिया और म्यांमार में होने वाले सरकार विरोधी लोकतांत्रिक आंदोलनों का सोरोस ने खुलकर समर्थन किया। इन आंदोलनों के सपोर्ट के लिए सोरोस ने फंडिंग भी की।

### 2. फॉक्स न्यूज को बर्बाद करने लिए खर्चे दस लाख डॉलर

एक बार फॉक्स न्यूज से जॉर्ज सोरोस काफी ज्यादा चिढ़ गए थे। वह खुलकर इस मीडिया कंपनी से टकरा गए। इसके बाद सोरोस ने 1 मिलियन डॉलर फॉक्स न्यूज को बर्बाद करने के लिए खर्च कर दिए। ये पैसा जॉर्ज सोरोस ने मीडिया मैटर्स नाम की एक वेबसाइट को दिया था। 2004 में लॉन्च होने के बाद इस वेबसाइट ने फॉक्स न्यूज के खिलाफ एक के बाद एक कई रिपोर्ट पब्लिश की। इस वेबसाइट ने फॉक्स न्यूज को रिपब्लिकन पार्टी का मुखपत्र बताना शुरू कर दिया। मीडिया मैटर्स ने बाद में बताया था कि फॉक्स न्यूज की फेक रिपोर्ट का खुलासा करके न्यूज कंपनी को जवाबदेह बनाने के लिए ये पैसा खर्च किया गया था।

### 3. ब्रेक्जिट के खिलाफ अभियान में 4 लाख पाउंड खर्च किए

जॉर्ज सोरोस चाहते थे कि यूनाइटेड किंगडम यूरोपीय यूनियन का ही हिस्सा रहे। इसके लिए उनके कहने पर ब्रिटेन में यूरोपियन यूनियन में रहने के लिए कैंपेन चलाया गया। गार्डियन ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि इस कैंपेन पर 4 लाख पाउंड से ज्यादा खर्च हुआ। ब्रिटेन में सोरोस के पैसे पर इस कैंपेन की अध्यक्षता ब्रिटिश सरकार के पूर्व मंत्री और संयुक्त राष्ट्र के उप महासचिव लॉर्ड मैलोच-ब्राउन कर रहे थे।

### 4. सोरोस ने राष्ट्रपति ट्रंप को 'ठग' कहा था

2017 में जॉर्ज सोरोस ने अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 'ठग' कह दिया था। सोरोस ट्रंप से इतना ज्यादा चिढ़ गए थे कि उन्होंने कहा था कि ट्रंप ट्रेड वॉर शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि इससे फाइनेंशियल मार्केट और ज्यादा खराब परफॉर्म करेंगे। देश की इकोनॉमी पर इसका सीधा असर पड़ेगा। इसी तरह सोरोस चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन की भी जमकर आलोचना कर चुके हैं। सोरोस ने 1993 में ओपन सोसाइटी फाउंडेशन की शुरूआत की। इसके जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य और मानवाधिकार के क्षेत्र में काम किया और करीब 100 देशों में पहुंच बनाई। उनकी वेबसाइट पर दावा किया गया है कि वह अब तक 32 अरब डॉलर दान कर चुके हैं। वो कई दूसरी इंटरनेशनल संस्थाओं को भी फंड करते हैं। सोरोस की संस्था ने 1999 में पहली बार भारत में एंट्री की। पहले ये भारत में रिसर्च करने वाले स्टूडेंट को स्कॉलरशिप देती थी। 2014 में ओपन सोसाइटी ने भारत में दवा, न्याय व्यवस्था को बेहतर बनाने और विकलांग लोगों को मदद करने वाली संस्थाओं को आर्थिक सहायता देना शुरू किया। 2016 में भारत सरकार ने देश में इस संस्था के जरिए होने वाली फंडिंग पर रोक लगा दी।